हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • बुधवार • 01.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 160 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## इस वर्ष राज्य में अलकायदा के चार आतंकवादियों सहित 158 बदमाशों को एटीएस ने दबोचा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस के लिए साल 2024 उपलब्धियों से भरा रहा। आईजी अभियान एवी होमकर, सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज और डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजन कर झारखंड पुलिस की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने इन एक सालों में झारखंड पुलिस द्वारा किये गये कार्यों और उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी।

### वर्ष 2024 में 244 नक्सली हुए गिरफ्तार

साल 2024 में कुल 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक सैक सदस्य, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर शामिल है। इसमें मुख्य रूप से जया दी उर्फ चिंता (सैक सदस्य), शंभु गंझू उर्फ रवि गंझू (जोनल कमांडर, 10 लाख का इनामी) और सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार (10 लाख का इनामी) शामिल है। इसके अलावा टीपीसी उग्रवादी आदेश कुमार गंझू, सबीता शर्मा उर्फ राजा जी उर्फ अभिषेक, शिवराज सिंह (पांच लाख का इनामी), नेशनल भुईंया (पांच लाख का इनामी), फेंकू भुइयां उर्फ सर्वनाश रंथु उरांव उर्फ गुरूचरण उरांव (पांच लाख का इनामी) और इरफान अंसारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार ने कुल 36 लाख रुपए के इनाम की राशि घोषित की थी।

### 24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

साल 2024 में अब तक 24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें चार जोनल कमांडर, एक सब जोनल कमांडर, तीन एरिया कमांडर और एक सदस्य शामिल है। इसके अलावा वर्ष 2024 में पुलिस-उग्रवादी मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गये। वर्ष-2024 में अब तक नक्सलियों से कुल-123 हथियार बरामद किये गये, जिसमें पुलिस से लुटा गया 35 हथियार, सात रेगुलर हथियार और 81 देसी हथियार शामिल है।

इसके अतिरिक्त 5234 गोली, 246.40 किग्रा विस्फोटक पदार्थ और 13.39 लाख रुपए लेवी की राशि की भी बरामदगी की गयी है। साथ ही झारखंड पुलिस ने नक्सलियों द्वारा बिछाये गये 239 आईईडी नष्ट किये।



### साइबर अपराध के 1295 मामले दर्ज

साल 2024 में साइबर अपराध से जुड़े कुल 1295 मामले सामने आये इन मामलों में पुलिस ने 971 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने 2118 मोबाइल फोन, 2905 सिम कार्ड, 606 एटीएम कार्ड, 165 विभिन्न बैंकों की पासबुक, 45 चेकबुक, 52 लैपटॉप, 12 चार पहिया वाहन और 70 अन्य वाहन जब्त किये। इसके साथ ही 8.17 करोड़ रुपये नकद बरामद किये गये और खाते में 77.20 लाख रुपये फ्रिज किये गये।

साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रतिबिंब एप भी कारगर साबित हुआ। इसके इस्तेमाल से राज्य के विभिन्न जिलों में 274 मामले दर्ज किये गये। इन मामलों में 898 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 2501 सिम कार्ड और 1774 मोबाइल फोन जब्त किये। इसके अलावा, खाते में 66.43 करोड़ रुपये फ्रीज किये और 3.27 करोड़ रुपये पीड़ितों को दिये।

### नशा कारोबार से जुड़े 1362 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

झारखंड पुलिस ने साल 2024 में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाये। इस दौरान राज्य में कुल 788 मामले दर्ज हुए, जिनमें 1362 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 1407.1 कि.ग्रा. अफीम, 18.290 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर, 36.45 ग्राम हेरोइन, 4251.2 कि.ग्रा. गांजा, 55333.54 कि.ग्रा. डोडा, 7115 नशे की टैबलेट, 4434 कैप्सूल, 10222 बोतल कफ सिरप, 1720 इंजेक्शन और 1.82 करोड़ रुपये बरामद किये। इसके अलावा 3974.985 एकड़ जमीन पर लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया।

### संगठित गिरोह के 154 अपराधियों को एटीएस ने धर दबोचा

साल 2024 झारखंड में संगठित अपराध से संबंधित कुल 97 मामले दर्ज हुए, जिसमें संगठित गिरोह के कुल 154 अपराधियों को पकड़ा गया। पांडेय गिरोह के 41, अमन साव गिरोह के 43, प्रिंस खान गिरोह के चार, सुजित सिन्हा गिरोह के एक, अमन श्रीवास्तव गिरोह के तीन, अखिलेश सिंह गिरोह के चार और अन्य 58 अपराधियों को को गिरफ्तार किया गया।

इनमें से एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी पांडे गिरोह के सेकेंड-इन-कमांड गोविंद राय की भी थी, जिसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम था। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पांच हथियार, 67 गोली, एक देसी बम, नौ मोबाइल फोन, दो मोटरसाईकिल और 63 हजार रुपए बरामद किये गये।

---

**एक नजर**

### 'मेक इन इंडिया' के 10 साल पूरे, देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने पकड़ी रफ्तार

**नयी दिल्ली :** 'मेक इन इंडिया' को 2024 में 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को देश में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए लॉन्च किया गया था। 'मेक इन इंडिया' के तहत अगस्त 2024 तक 1.46 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। इससे करीब 12.50 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ है और 4 लाख करोड़ रुपये का निर्यात किया गया है। करीब 9.5 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं। अप्रैल 2014 और मार्च 2024 के बीच भारत ने 667.41 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया, जो पिछले 24 वर्षों में प्राप्त हुए कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगभग 67 प्रतिशत है। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स और फूड प्रोसेसिंग जैसे प्रमुख सेक्टरों के निर्यात में भी मजबूत वृद्धि देखी गई है, जो 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। 2014 में पीएम मोदी ने देश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में बदलने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू की इस कार्यक्रम का उद्देश्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जोर देकर, रोजगार सृजन करना और स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देकर देश की अर्थव्यवस्था का विकास करना था। 2014-15 में घरेलू मोबाइल फोन का उत्पादन 5.8 करोड़ यूनिट था, जिसे 2023-24 में बढ़ाकर 33 करोड़ यूनिट कर दिया गया, जबकि इस दौरान आयात में बड़ी कमी देखने को मिली।

---

# छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण का कार्य समय से पूरा करें : चमरा लिंडा



- तीन दिनों के भीतर छात्रवृत्ति वितरण करने का दिया निर्देश।
- समस्या नहीं समाधान चाहिए।
- छात्रवृत्ति एवं साइकिल वितरण कार्य समय से पूरा करें।
- जनहित के कार्य तथा जनसेवा सर्वोच्च प्राथमिकता।
- आदिवासियों-दलितों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना लक्ष्य।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में सभी जिलों के कल्याण पदाधिकारी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, आईटीडीए तथा प्रमंडलीय उप-निदेशकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच साइकिल और छात्रवृत्ति वितरण के कार्य प्रगति की जिलावार समीक्षा की। इस दौरान मंत्री चमरा लिंडा प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण के मामले में रामगढ़ एवं कोडरमा जिला के प्रति नाराजगी जताई।

उन्होंने रामगढ़ एवं कोडरमा जिला के कल्याण पदाधिकारी को अगले तीन दिनों के भीतर छात्रवृत्ति राशि वितरण किए जाने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि छात्रवृत्ति वितरण मामले में जो पदाधिकारी कोताही बरतेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कोडरमा एवं रामगढ़ जिला में अगले तीन दिनों में छात्रवृत्ति राशि वितरण की प्रगति में सुधार नहीं होने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारियों का जनवरी माह 2025 का वेतन रोकें।

### जनहित के कार्य तथा जनसेवा को दें प्राथमिकता

मंत्री ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि आगामी 4 जनवरी तक प्री मैट्रिक से संबंधित सभी लंबित छात्रवृत्ति भुगतान के मामलों का निपटारा प्राथमिकता के साथ करें। कल्याण विभाग के पदाधिकारी जनहित और जन सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। कल्याण विभाग के अंतर्गत काम करने वाले सभी यह समझें कि वे सामाजिक कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी समस्या नहीं बल्कि समाधान का रास्ता निकालें।

### फरवरी 2025 के अंत तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आने वाले माह फरवरी 2025 तक पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि वितरण के सभी मामलों को पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति राशि वितरण कल्याण विभाग का एक महत्वपूर्ण कार्य है। अध्ययनरत विद्यार्थियों को ससमय छात्रवृत्ति राशि मिलने से उन्हें शैक्षणिक पाठ्यक्रमों तथा परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विशेष तौर पर एसटी, एससी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने का कार्य कर रही है, इसलिए यह जरूरी है कि छात्रवृत्ति की राशि निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत एसटी, एससी सहित सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं को प्रदान की जाए।

### जनवरी 2025 के अंत तक साइकिल वितरण का कार्य पूर्ण करें

मंत्री ने निर्देश दिया कि जनवरी 2025 के अंत तक साईकिल वितरण का कार्य पूर्ण करें। साइकिल योजना का उद्देश्य वर्ग-08 (कक्षा आठ) से ड्राप आउट रोकना है। इसलिए साइकिल का वितरण समय पर हो। नामांकन के साथ ही वर्ग-08 (कक्षा आठ) के बच्चों को साइकिल मिले इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आने वाले दिनों में भी सत्र प्रारंभ होने के साथ ही विद्यार्थियों को साइकिल उपलब्ध कराने का कार्य योजना तैयार रखें। किसी भी हाल में साइकिल वितरण कार्य में विलंब न हो यह विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर विभाग के सचिव कृपानंद झा और आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

---

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिले जैक अध्यक्ष, दी नववर्ष की बधाई



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो और सचिव जयंत कुमार मिश्रा ने मुलाकात की। दोनों ने मुख्यमंत्री को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नववर्ष की मंगल कामनाएं और बधाई दी।

---

## डोडा तस्करी के मामले में पंजाब के दो तस्करों के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ पुलिस के जरिये अवैध डोडा तस्करों पर की गई कार्रवाई अब आगे बढ़ चुकी है। मांडू थाना क्षेत्र में जब्त किए गए तीन करोड़ के डोडे के मामले में पुलिस ने दो तस्करों पर प्राथमिकी दर्ज की है। मंगलवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और बताया कि पति-पत्नी मिलकर इस अवैध तस्करी के कारोबार को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि जो ट्रक जब्त किया गया है, वह सविता पाल के नाम पर है और ट्रक ड्राइवर उसका पति जसवंत पाल है। वे लोग पंजाब राज्य के डेराबस्ती जिला अंतर्गत लालरू गांव के रहने वाले हैं। हालांकि अभी तक वे दोनों पुलिस की गिरफ्त से फरार हैं। लेकिन पुलिस को अवैध डोडा मिल गया है। एसपी ने बताया कि ट्रक संख्या पीबी 23 टी 1707 से अवैध डोडा की तस्करी हो रही थी। मांडू थाना क्षेत्र के हेसागढ़ा स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप परिसर में उस गाड़ी को खड़ा कर ड्राइवर और खलासी भाग गए थे। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी फौजन अहमद के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान जब ट्रक की तलाशी ली गई तो वहां केबिन में कोई भी व्यक्ति नहीं पाया गया। पेट्रोल पंप के कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि वह ट्रक खड़ा कर ड्राइवर कहीं चला गया है। तलाशी के दौरान ट्रक में सफेद रंग के कुछ प्लास्टिक के बोरे में मुरही एवं कुछ सोयाबीन भरा हुआ था। इन दोनों बोरियों में मिक्स करके डोडा छुपाया गया था। जब केबिन की तलाशी ली गई तो सविता पाल और जसवंत पाल से संबंधित कागजात पाए गए। एसपी अजय कुमार ने बताया कि अवैध सुख डोडा एवं सोयाबीन का मिश्रण 1926.526 किलोग्राम मिला। इसके अलावा मुरही का कुल वजन 611.22 किलोग्राम था।

---

## महाकुंभ : कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को मिलेगा कम दाम में राशन, मेला क्षेत्र में खुली उचित मूल्य की 138 दुकानें

एजेंसी

**प्रयागराज :** महाकुंभ में प्रदेश सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों के लिए बड़े पैमाने पर अन्न भंडार की व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार है, जब महाकुंभ में इतने बड़े पैमाने पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को नाम मात्र की कीमत पर राशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अखाड़ों-संस्थाओं और कल्पवासियों को मात्र 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार



महाकुंभ को दिव्य, भव्य के साथ साथ नव्य रूप देने में लगे हैं। इसके लिए उन्होंने अफसरों को सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। खासकर श्रद्धालुओं के भोजन के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में आने वालों के लिए अन्न भंडार खोल दिया है। यहां मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है। इस बार कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को राशन के लिहाज से बेहद कम कीमत पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। महाकुंभ में अखाड़ों-कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जाना है। इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### खाली गैस सिलेंडर करा सकते हैं रिफिल

राशन देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए, सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रिफिल करा सकते हैं। तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुंभ में की गई है।

### अन्न भंडार के पांच गोदाम भी तैयार

मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम किया गया है। साथ ही अन्न भंडार के पांच गोदाम भी तैयार किए गए हैं। इन गोदामों पर 6,000 मीट्रिक टन आटा और 4,000 मीट्रिक टन चावल और 2,000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी। मेला क्षेत्र में दी जा रही इस विशेष सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है।

---

## केजरीवाल ने मरघट वाले हनुमान मंदिर से किया पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आईएसबीटी के पास स्थित मरघट वाले हनुमान मंदिर से पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के पंजीकरण का शुभारंभ किया।

केजरीवाल को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से इस योजना का शुभारंभ करना था लेकिन मंदिर के बाहर भाजपा के विरोध प्रदर्शन के कारण उन्होंने वहां जाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया। केजरीवाल ने स्वयं आज सुबह एक्स पर पोस्ट कर कहा था कि वह आज कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर से पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ करेंगे। केजरीवाल आज अपनी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ मरघट वाले हनुमान मंदिर पहुंचे और दर्शन-पूजन कर भगवान का आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने स्वयं मंदिर के महंत का योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करके पूरी दिल्ली में पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना के पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

केजरीवाल ने एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, आज मरघट वाले बाबा के मंदिर (आईएसबीटी) में दर्शन किए और पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ किया। यहां के महंत का आज जन्मदिन है। उनके साथ जन्मदिन भी मनाया। उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने आज रजिस्ट्रेशन रोकने की पूरी कोशिश की। लेकिन भक्त को अपने भगवान से मिलने से कोई नहीं रोक सकता।

## एक नजर

### अंडर 19 टेबल टेनिस में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे हजारीबाग के प्रतीक



**हजारीबाग :** हजारीबाग के प्रतीक अग्रवाल का अंडर-19 में झारखंड टेबल टेनिस में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे उल्लेखनीय है कि यह मैच बड़ोदरा के गुजरात में तीन से 11 जनवरी तक चलेगा इसके पूर्व भी प्रतीक अग्रवाल अंडर 15 में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व इंदौर में किए थे। इसके साथ ही साथ हजारीबाग के अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस अंपायर रविंद्र कुमार भी बड़ोदरा मैच में अंपायर की भूमिका निभाएंगे। उपयुक्त जानकारी संघ के सचिव भैया मुरारी ने दी इनके चयन पर संघ के रुचि कुजूर सिद्धार्थ सिंह करण जायसवाल सोमा अग्रवाल अमित मल्होत्रा बहादुर राम अनूप राजेश लकड़ा ज्योति यादव सत्यम सुधांशु श्रेष्ठ कुमार एवं अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो पंचायत स्थित केवाल गांव के पास झाड़ियों में बन रहे अवैध अंग्रेजी शराब स्थल पर बरही पुलिस ने छापेमारी की। जिसमें भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब, शराब पैक करने वाली खाली बोतलें, स्टीकर, ढक्कन एवं स्प्रीट बरामद हुआ। इस संबंध में बरही पुलिस निरीक्षक आभास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी किया गया। जिसमें उक्त वस्तुओं को बरामद किया गया, जांच चल रहा है, पूरी जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा।

### चौपारण पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**चौपारण :** थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कांड संख्या 187/24 के फरार अभियुक्त के घर पर मंगलवार को चौपारण थाना की पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि चौपारण थाना अंतर्गत ग्राम कविलास के पवन टूटी पे स्व जुनेश टूटी के घर से कुछ माह पूर्व चौपारण पुलिस ने भारी मात्रा में डोडा जप्त की थी। इस सम्बंध में थाना कांड संख्या 187/24 दर्ज किया गया था। तब से अभियुक्त गिरफ्तारी के डर से फरार होने के कारण माननीय न्यायालय से निर्गत इस्तिहार को विधिवत अभियुक्त के घर पर चिपकाया गया। फरार अभियुक्त को आत्मसमर्पण करने का दस दिनों का मोहलत दी गई है। यदि दस दिनों में वह आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसका घर का कुड़की जप्ती कर कारवाई की जाएगी।

### उड़ान संस्था ने शिक्षण सामग्री का किया वितरण

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत तलशवार पंचायत के तलासवर, कोयलग गांवों में उड़ान संस्था के माध्यम से शिक्षा जागरूकता सह शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें उड़ान संस्था के अध्यक्ष कौशल्या देवी एवं सचिव आनंद प्रसाद कुशवाहा के द्वारा चार सौ बारह बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री वितरण किया गया। सचिव आनंद प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि उड़ान संस्था हमेशा बच्चों को सहयोग करते रहेगी बच्चों पढाई बीच में मत छोड़ना बच्चों में खुशी का लहर देखा गया। मौके पर उपस्थित उड़ान संस्था कोषाध्यक्ष उषा देवी पंचायत समिति प्रतिनिधि मिथलेश साव, समाजसेवी रेखा देवी, प्रोग्राम मैनेजर संध्या कुमारी, दिशोम गुरु शिबु सोरेन फाउंडेशन सचिव देवंती देवी एवं बच्चों थे।

# विकास से कोई समझौता नहीं, जनता की समस्या का समाधान ही हमारी प्राथमिकता : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के समग्र विकास और जनहित के मुद्दों को लेकर मंगलवार को हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की स्थिति, जनता की समस्याएं, और उनके निराकरण के संभावित उपायों पर गहन चर्चा की गई। सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना हेतु सदर विधायक ने जिले की सड़क व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित किया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण और नए संपर्क मार्ग बनाने के लिए तेजी से कार्य करने का आग्रह किया। उपायुक्त ने जानकारी दी कि सड़क परियोजनाओं के लिए निधि स्वीकृत हो चुकी है और कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। शिक्षा और स्वास्थ्य हेतु जिले के सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और छात्रों की समस्याओं पर चर्चा हुई। सदर विधायक ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। पेयजल समस्या हेतु ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट के समाधान के लिए दीर्घकालिक योजनाओं पर चर्चा की गई। विधायक ने जल जीवन मिशन और अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की।स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहन देने पर जोर दिया गया। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियानों को गति देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर सहमति बनी।उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि जिले के विकास से जुड़े हर मुद्दे को गंभीरता से लिया जाएगा और जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य करेगा। उन्होंने विधायक को आश्वस्त किया कि जनता की भलाई के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करेंगे। बैठक समाप्त होने के बाद सदर विधायक ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा की बैठक बेहद सकारात्मक और परिणामोन्मुख रही। उपायुक्त महोदया से जिले के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और पेयजल संकट के स्थायी समाधान पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा हमने महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया। उपायुक्त महोदया ने आश्वासन दिया है कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का यह समन्वय जिले के विकास को नई गति देगा। विधायक ने यह भी कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए वे निरंतर प्रशासन के साथ संवाद बनाए रखेंगे। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंत में, विधायक ने कहा, हजारीबाग के विकास के लिए मैं हर स्तर पर प्रयासरत हूं और जनता के सहयोग से हम इसे एक मॉडल जिला बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

# एक साल में 12 करोड़ रुपये के नशा का समान जब्त, 1603 आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** 2024 हजारीबाग पुलिस कई मायने में खास रही। कई पुराने मामले का अनुसंधान पूरा हुआ। तो नशा के व्यापारियों के खिलाफ हजारीबाग पुलिस ने बड़ी मुहिम चलाई। यही नहीं अवैध उत्खनन से जुड़े मामले में भी कई आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। साइबर अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेजा गया। हजारीबाग पुलिस ने वर्ष 2024 में नशे के अवैध कारोबारी के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाई। इसका ही प्रतिफल हुआ कि 102 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। वही 56 मामले दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2024 में लगभग 168 एकड़ में अफीम की खेती नष्ट की गई। तो भारी मात्रा में गंजा, ब्राउन शुगर, डोडा बरामद किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 12 करोड़ 40 लाख 90 हजार रुपया के आसपास आंका जा रहा है। आंकड़ा की बात की जाए तो 371.98 किलो गांजा जिसका अनुमानित मूल्य 1 करोड़ 85 लाख 99 हजार रुपया है। वहीं 85.776 किलो अफीम जिसका अनुमानित मूल्य 4 करोड़ 20 लाख रुपया आका जा रहा है। वही 1340.83 किलो डोडा बरामद किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 2 करोड़ 1 लाख कृपया आकर जा रहा है। हजारीबाग से 4 किलो 424 ग्राम ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया है। जिसका अनुमानित मुल्य 4 करोड़ 34 लाख रुपया है। इसके अलावा कई अन्य नशा का बरामद किया गया है। वहीं 57 लाख 58 लाख 520 रुपया अवैध शराब बरामद किया गया है। हजारीबाग में अवैध उत्खनन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। कोयला चोरी के आरोप में 45 मामला दर्ज किया। जिसमें 32 की गिरफ्तारी हुई। वहीं 51 वाहन भी जप्त किया गया। 757.07 टन कोयला जप्त किया गया। बालू चोरी के खिलाफ 129 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 27 की गिरफ्तारी हुई। वहीं 187 वाहन जप्त किया गया। पत्थर चोरी के मामले में एक की गिरफ्तारी हुई और 16 मामले दर्ज किए गए। वहीं 11 वाहन जप्त किया गया। हजारीबाग पुलिस ने पशु तस्करी के मामले में 77 आरोपीयों को गिरफ्तार किया। 46 मामले दर्ज किए गए। कुल 849 मवेशी जप्त किए गए, 48 वाहन भी पकड़े गए हैं। नक्सल काण्ड और संगठित अपराध की बात की जाए तो 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें 12 टीपीसी के एक माओवादी और 32 अलग-अलग आपराधिक संगठन के सदस्य हैं। इसमें कुल 21 मामले दर्ज किए गए। वहीं 1 साल में हजारीबाग पुलिस में 21 हथियार 42 जिंदा कारतूस और 18 खोखा बरामद किया है। जिसमें 8 पिस्टल, 11 देसी कट्टा, एक राइफल और एक मराठी बंदूक शामिल है। हजारीबाग में साइबर अपराध के मामले भी बढ़े हैं। जिसमें 12 लोगों की गिरफ्तारी हुई और 27 मामले दर्ज किए गए। साइबर अपराध के मामले में हजारीबाग पुलिस में कार्रवाई करते हुए 18 लाख 36 हजार 822.06 रुपया फ्रिज किया गया।3 लाख 62 हजार 217 रुपया रिफंड किया गया। 29 फेक सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक भी किया गया। अपराधियों को पकड़ना और फिर उन्हें सजा दिलवाने यह पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहती है। 1 साल की बात की जाए तो कल 117 अभियुक्तों को सजा सुनाई गई। जिसमें 2 व्यक्ति को 20 वर्ष की सजा,10 को 15 वर्ष, 4 को 12 वर्ष, दो को 10 वर्ष, 30 व्यक्ति को 7 वर्ष 10 व्यक्ति को 5 वर्ष, 18 व्यक्ति को 3 वर्ष और 18 व्यक्ति को 2 वर्ष की सजा कोर्ट ने सुनाया है। वही 42 लोगों पर सीसीए का प्रस्ताव भेजा गया। जिसमें 13 को जिला बदर और 25 को थाना हाजिरी की कार्रवाई की गई। हजारीबाग जिले में अन्य मामलों में कुल 1603 लोगों की गिरफ्तारी की गई। कुल 3413 कांडों को निष्पादित किया गया। 7553 लोगों पर वारंट और 121 लोगों की कुर्की निष्पादित की गई। इस वर्ष हजारीबाग जिला में पदोन्नति के मामले में कुल 41 आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक तथा 41 सहायक अवर निरीक्षक को पुलिस अवर निरीक्षक के रूप में पदोन्नति दी गई।

# एक साल में तीन करोड़ 10 लाख रुपये का राजस्व हजारीबाग ट्रैफिक पुलिस ने वसूला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** 2024 हजारीबाग यातायात पुलिस के लिए एक लिहाज से ऐतिहासिक बना जिसमें सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के साथ साथ यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों से फाइन भी किया गया साथ ही जिले भर के आधा दर्जन से अधिक थाना क्षेत्रों में अभियान चला कर निः शुल्क हेलमेट वितरण किया गया। इस बाबत यातायात थाना प्रभारी श्रवण कुमार जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष 3 करोड़ 10 लाख रुपया ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चलान काटा गया है। वहीं अगर पिछले चार माह की बात की जाए तो लगभग 1 करोड़ 67 लाख रुपया फाइन वसूल आ गया। वैसे बुलेट चालक जिन्होंने साइलेंसर के साथ छेड़छाड़ कर मॉडिफाइड किया उसके खिलाफ भी चलान काटा गया है। इसकी संख्या लगभग 19 बताई जा रही है। जो पिछले मात्र एक महीना में काटा गया है। एक बुलेट चालक से 5000 रुपया फाइन काटा गया है। साथ ही साइलेंसर भी जप्त किया गया है। जिससे सरकार को 95000 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। पूरे साल की बात की जाए तो सबसे अधिक चालान अगस्त महीने में काटा गया है जो 57 लाख रुपया है। वही साल के अंतिम महीने दिसंबर में 52 लाख का फाइन हजारीबाग ट्रैफिक पुलिस ने काटा है। वही सिर्फ दिसंबर महीने में नशे में दुथ गाड़ी चालकों से भी फाइन काटा गया। जिसमें झारखंड सरकार को लगभग एक लाख रुपया का राजस्व प्राप्त हुआ है। हजारीबाग ट्रैफिक थाना प्रभारी श्रवण कुमार का कहना है कि ट्रैफिक नियम को तोड़ने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया है। उनका यह भी कहना है कि बड़े ही भारी मन से फाइन काटना होता है। यह एक तरह का सजा है। उन्होंने हजारीबाग समेत पूरे राज्य वासियों से अपील किया है कि जब भी गाड़ी चलायें तो हेलमेट का उपयोग करें। चार पहिया गाड़ी चलाने वाले सीट बेल्ट का भी प्रयोग अवश्य करें।

# 126वीं जंयती के अवसर पर याद किये गए पूर्व सीएम कृष्ण बल्लभ सहाय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सयुंक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बल्लभ सहाय की 126 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 31 दिसम्बर 1898 को बिहार के पटना जिले में शेखपुरा नामक गांव में हुआ था। उन्होंने सेंट कोलंबस कालेज हजारीबाग से प्रथम श्रेणी से आनर्स स्नातक परिक्षा पास की। वे सन 1920 के असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए। सविनय आंदोलन के दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वे स्वामी सहजानंद द्वारा चलाए गए किसान आंदोलन में सक्रिय रूप से सहयोग किए। सन 1963 में संयुक्त बिहार के मुख्यमंत्री बन कर सवार्गीण विकास किया। जयंती कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत वरिष्ठ कांग्रेसी शशि कांत ओझा पूर्व अध्यक्ष विजय यादव जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान कार्यकारणी सदस्य संजय तिवारी, साजिद हुसैन, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, जावेद इकबाल, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डु सिंह, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, बाबर अंसारी, रीतलाल मंडल, अनिल भुईयां, ओमप्रकाश, अजय गुप्ता के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

# 2024 मनीष जायसवाल के लिए रहा शानदार विधायक से सांसद का तय हुआ सफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** ऐसे ही कोई मनीष नहीं होता उसके लिए खुद को तपाना पड़ता है चिलचिलाती धूप में, झोंकना पड़ता है आंधी- तूफान में, कड़ाके की ठंड में और झमाझम बारिश में क्षेत्र में जमे रहना पड़ता है, जनता के प्रति सच्ची सेवा, निष्ठा व समर्पण भाव से, जरूरतमंदों के जरूरत की पूर्ति की खातिर कोरोना काल में स्विंग की चिंता की है बिना निर्वाण सेवा में प्रेरक कार्य करना पड़ता है, दिन-रात जनजरूरतों के लिए संघर्षरत रहना पड़ता है। तभी तो प्रेरणादायक जन नेता और मन- मन के मनीष से प्रगति कर मोदी का मनीष बनकर उभरा जा सकता है। ऐसे ही जनसेवा का जुनून और जनता जनार्दन के अपार समर्थन के बाद हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का दो बार सफल प्रतिनिधित्व करने वाले सदर विधायक मनीष जायसवाल का दायरा और कद 2024 के बढ़ गया। वे विधायक से सांसद बनकर रांची की विधानसभा से देश की राजधानी दिल्ली के सर्वोच्च सदन लोकसभा तक का सफर तय किए। मनीष जायसवाल के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बढ़ते दायरे को सम्मान देते हुए और कार्यकर्ता एवं जनता के जनभावना के कद्र करते हुए भाजपा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की सीट पर बदलाव करके सदर विधानसभा मनीष जायसवाल को विगत 02 मार्च 2024 को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से एनडीए का प्रत्याशी घोषित किया। फिर क्या था पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इससे पहले मनीष जायसवाल ने साल 2024 की शुरूआत 254 टीवी मरीजों को गोद लेकर उनके बीच पोषण आहार वितरण के साथ किया। कार्यकताओं का सम्मान करते हुए उन्होंने कार्यकर्ता वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया। जन - जरूरतों की पूर्ति की पूर्ति के तहत मुक्तिधाम सेवा संस्थान को एक शव वाहन सौंपा। हजारीबाग में पुलिसिया जुल्म के तहत पुलिस कस्टोडियन में डेथ हुए व्यवसाई स्व.सुनील गुप्ता के मौत मामले में व्यापक आन्दोलन किया। फरवरी 2024 में संगठन के कार्यक्रम गांव चलो अभियान में महत्ती भूमिका निभाई और गांवों की ओर रुख करते हुए अपने पैतृक गांव बड़कागांव के जुगरा में रात्रि विश्राम किया। इस क्रम में मां के अचानक बीमार होने पर अस्पताल का चक्कर भी काटा। विधानसभा के पटल पर एक संवेदनशील जनप्रतिनिधि के नाते विद्यार्थियों से संबंधित जेएसएससी परीक्षा पेपर लीक मामले को पुरजोर तरीके से उठाया और सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने चलाया बाइक चेकिंग अभियान कंपनी ने किया हेलमेट वितरण



**बड़कागांव :** बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में बाइक चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस द्वारा दर्जनों बाइक चालकों का लाइसेंस हेलमेट आवश्यक चीजों की जांच की। बड़कागांव काली मंदिर के पास एवं एनटीपीसी बिजली सबस्टेशन 14 माइल के पास बाइक चेकिंग एवं हेलमेट वितरण किया गया। पुलिस ने बताया कि बिना हेलमेट के 30 बाइक चालकों की रिपोर्ट हजारीबाग भेजी गई है। बिना हेलमेट के बाइक चलाने वाले लोगों को हेलमेट दिया गया। बाइक चेकिंग हेलमेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल एस आई इंद्रजीत कुमार के अलावा कंपनी के लोग उपस्थित थे।

### बीईईओ के पुनःपदस्थापन पर शिक्षक संघ ने दी बधाई



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद को बड़कागांव में पुन:पदस्थापन होने पर प्राथमिक शिक्षक संघ, सहायक अध्यापक ( पारा शिक्षक) एकीकृत संघर्ष मोर्चा संघ, बीआरपी सीआरपी संघ ने बधाई दी है। बताते चले कि संयुक्त सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के आदेशानुसार बड़कागांव प्रखंड से उनका स्थानांतरण कोडरमा जिला के जयनगर प्रखंड में किया गया था। स्थानांतरण के फल स्वरुप जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग के द्वारा 29 नवंबर 2024 को उन्हें पद स्थापित जिला में योगदान के लिए विरमितत किया गया। पुनः संयुक्त सचिव के आदेशानुसार उनके स्थानांतरण को विलोपित करते हुए बड़कागांव में पुनर्पदास्थापित कर दिया गया। उक्त आदेश के आलोक में उन्हें कोडरमा जिला से विरमित करते हुए हजारीबाग भेज दिया गया। जहां उन्होंने 24 दिसंबर 2024 को योगदान के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग कार्यालय में आवेदन दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग के न्यायालयी कार्य से रांची में होने के करण 27 दिसंबर 2024 को उनका योगदान स्वीकृत हुआ। शिक्षकों के वेतन निकासी में तत्परता दिखाते हुए उन्होंने 28 दिसंबर 2024 को विपत्र पर अपना हस्ताक्षर कर दिया ताकि शिक्षकों का वेतन समय पर मिल सके।प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद पिछले दो वर्षों से बड़कागांव में अपनी सेवा दे रहे थे। उनके स्थानांतरण के बाद बड़कागांव में बीईईओ का पद खाली हो गया था, जिससे शिक्षकों के वेतन भुगतान के साथ-साथ विभागीय कार्यों में परेशानी हो रही थी। उनके पुनर्पदस्थापन से शिक्षकों में एक नई आशाएं जागी हैं। उन्हें बधाई देने वालों में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम, सहायक अध्यापक शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, सचिव पारस प्रसाद, बीआरपी सीआरपी संघ के बीआरपी धनंजय कुमार दास, दीपक कुमार, रामदेव साहू, शिक्षक रवि शंकर पाठक, संतोष कुमार, अशोक कुमार, विनोद रजक, रामसेवक रविदास, अवधेश कुमार, देवकांत शर्मा, बबीता कुमारी, रंजीत नाग सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल हैं।

### अफीम के खिलाफ चला जागरुकता अभियान ग्रामीणों ने स्वयं किया अफीम खेती नष्ट



**चौपारण :** प्रखण्ड के जंगल के आसपास के गांवों में पुलिस द्वारा अफीम खेती के खिलाफ लगातार अभियान चलाया गया। साथ ही पुलिस ने कई गांवों में नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान चलाया। इसका कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि लोगों को जागरूक किया गया। नशा से होने वाली परेशानी और पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। लोगों को एनडीपीएस एक्ट की जानकारी दी गई। इस के बाद कुछ इलाकों से अफीम खेती स्वयं ग्रामीणों द्वारा विनिष्ट किया गया है। बताया कि सिकदा गांव में मंगलवार को नशे की खेती में लिप्त रहने वाले ग्रामीणों ने स्वयं खेती को विनष्ट किया। खेतों में ट्रैक्टर लगाकर खेती को नष्ट किया गया। बाद में ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को भी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पहली बार लोगों ने स्वयं फसल नष्ट किया है। उन्होंने आग्रह किया कि यदि जंगल के गाँव में अफीम की फसल लगाई गई है तो उसे विनष्ट करने से अपने भविष्य को बचा सकते हैं।

### नया सिंघरावां ने केवला की टीम को हराकर किया ट्रॉफी पर कब्जा



**चौपारण :** नया सिंघरावां में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। खिताबी भिड़ंत में मेजबान नया सिंघरावां ने केवला टीम को पांच विकेट से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। बतौर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केवला की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 100 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी नया सिंघरावां की टीम ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर रोमांचक मुकाबले को अपने नाम कर लिया। नया मैन ऑफ दी मैच नया सिंघरावां के दीपक कुमार और सीरीज नया सिंघरावां के ही रौशन यादव को दिया गया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे सरल माध्यम है। खेल जीवन का अहम अंग है, जिससे जीवन में निखार आता है। खेल-कूद से ही व्यक्ति का सर्वांगीण विकास भी होता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय पंडित, उपाध्यक्ष शिवकुमार प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमो ने भाग लिया था। विजेता व उपविजेता टीम को अतिथियो ने ट्रॉफी व नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, स्थानीय मुखिया संतोष सिंह, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, राजेश यादव, मो फहीम खान सहित अन्य।

## एक नजर

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बड़ी बहन का निधन

रांची : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास की बड़ी बहन का मंगलवार को निधन हो गया। रघुवर दास ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी जानकारी दी है। रघुवर ने लिखा है कि मेरी मां स्वरूपा बड़ी बहन का आज निधन हो गया। महाप्रभु जगन्नाथ जी से प्रार्थना है कि पुण्य आत्मा को अपने निजधाम में स्थान दें। भावभीनी श्रद्धांजलि। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर अपनी बड़ी बहन की तस्वीर भी साझा की है।

### सोशल मीडिया पर मंत्री इरफान अंसारी ने मांगी माफी

रांची : न्ए साल 2025 को लेकर जश्न मनाने को पूरी तरह तैयार हैं। अक्सर साल खत्म होने पर लोग एक दसूरे से गिला-शिकवा भूलकर माफी मांगते नजर आते हैं। इस बीच सोशल मिडिया पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भी एक भावुक पोस्ट कर माफी मांगी है। मंत्री इरफान अंसारी के पोस्ट में दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने पूर्व विधायक सीता सोरेन और बीजेपी झारखंड को भी टैग किया है। पोस्ट में इरफान अंसारी ने लिखा कि "समाप्त होते वर्ष में मेरे मन कर्म और वाणी से किसी को भी ठेस पहुंची हो तो मैं हृदय से क्षमा प्रार्थी हूँ। आने वाले नए साल में आपकी हर मनोकामना पूरी हो।आपके और आपके पुरे परिवार को नये साल 2025 की ढेर सारी शुभकामनाएं। आप का भाई।"

### आईपीएस मुरारी लाल मीणा हुए सेवानिवृत

रांची : झारखंड कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी मुरारी लाल मीणा मंगलवार को सेवानिवृत हो गये। मुरारी लाल मीणा रेल डीजी के पद से रिटायर हुए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2024 में मुरारी लाल मीणा को डीजी रैंक में प्रोन्नति मिली थी। इससे पहले वे सीआईडी, स्पेशल ब्रांच और पुलिस मुख्यालय में कई पदों पर पदस्थापित रह चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से तीन जनवरी, 2025 को मुरारी लाल मीणा को विदाई दी जाएगी।

### उर्दू के विकास की बाधाएं दूर करने का होगा प्रयास : विधायक

रांची : अंजुमन फरोग ए उर्दू रामगढ़ जिला इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को ऊर्दू भाषा के विकास पर जिला स्तरीय उर्दू ज्ञान व सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन रांची के हेहल स्थित अमवाटांड़ में हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति रामगढ़ विधायक ममता देवी शरीक हुईं। उन्होंने कहा कि ऊर्दू के विकास की बाधाओं व समस्याओं को दूर करने के लिए वह पूरा प्रयास करेंगी। सरकार भी इस मामले में गंभीर है। मुख्य वक्ता कांग्रेस के शहजादा अनवर ने अंजुमन फरोग ए उर्दू के कार्य की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियर शाहनवाज खान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ही उर्दू के विकास का रास्ता खुलेगा। उर्दू ज्ञान प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में प्रथम शफकत जहां, जूनियर ग्रुप में मनतशा परवीन तथा उर्दू सुलेख प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में सफक फहीम व जूनियर ग्रुप में शारिका परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष अनवर हुसैन, मो. इकबाल, सचिव गालिब नश्तर, दानिश अयाज, शगुफ्ता बानो, सरफराज आलम, फखरे आलम, अब्दुल रशीद, रईस खान, जियाउल हक, अब्बास अली, मो. इस्लाम, फरीद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# डीजीपी ने की नक्सल प्रभावित जिलों में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को नक्सल प्रभावित जिलों में चल रहे नक्सल अभियान की समीक्षा की। समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गयी थी। बैठक में नक्सली परिदृश्य को लेकर समीक्षा की गयी। डीजीपी ने उग्रवाद के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए माओवादी, स्प्लिंटर ग्रुप और आपराधिक गुटों का संपूर्ण रूप से खात्मा करने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ अन्य कार्रवाई करने संबंधी दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में आईजी सीआरपीएफ साकेत सिंह, रांची आईजी अखिलेश झा, आईजी अभियान एवी होमकर, स्पेशल ब्रांच डीआईजी कार्तिक एस, एसआईबी एसपी नाथु सिंह मीणा उपस्थित थे।

#### कौन-कौन से जिलों के एसपी शामिल हुए

बैठक में रांची, धनबाद, चाईबासा, सरायकेला, खूंटी, गुमला, लातेहार, गढ़वा, पलामू, बोकारो, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, सिमडेगा और लोहरदगा जिले के एसपी शामिल हुए।

#### इन मुख्य एजेंडों पर हुई समीक्षा

- नक्सलियों और उनके समर्थकों की प्रोफाइलिंग।
- सभी पुलिस पोस्ट,पिकेट पर प्रतिनियुक्त सीएपीएफ, जैप, आईआरबी, झारखंड जगुआर पदाधिकारी, कर्मियों को Know your enemies और Know your friends के तहत सभी सक्रिय नक्सली और नक्सली समर्थकों के सबंध में अवगत कराये जाने की स्थिति।
- विशेष शाखा,एसआईबी से दी गयी सूचना और उस पर की गयी कार्रवाई की स्थिति।
- पिछले 05 वर्षों में जितने भी नक्सलियों के स्वीकारोक्ति बयान दर्ज किये गये हैं, उन स्वीकारोक्ति बयानों और उनके प्रोफाईल और सभी नक्सलियों का फोटो के साथ विस्तृत प्रोफाईल एक डिजिटल प्लेटफार्म पर डिजिटलाईज करना।
- पिछले एक सप्ताह में चलाये गये नक्सल अभियान का स्टेटस और उसका रिजल्ट।

## पंडरा फायरिंग मामले में आईजी व डीआईजी ने किया घटनास्थल का दौरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची के पंडरा में सोमवार को 13 लाख की लूट और होटल मैनेजर पर फायरिंग मामले का आईजी अखिलेश कुमार झा और डीआईजी अनूप बिरथरे ने खुद से जायजा लिया है। इस दौरान आईजी ने घटनास्थल का दौरा किया। मामले की विस्तार से जानकारी ली और पुलिस पदाधिकारियों को इस कांड का जल्द से जल्द खुलासा करने का निर्देश दिया है।

#### अस्पताल में घायल सुमित कुमार से मिले, बहादुरी को सराहा

इसके बाद आईजी अखिलेश कुमार झा मेडिका अस्पताल पहुंचे। यहां इलाजरत घायल सुमित कुमार से भी मुलाकात की। घटना को लेकर विस्तार से बातचीत की। इसके बाद झा ने सुमित कुमार की बहादुरी को भी सराहा।

बता दें कि सोमवार को रांची-पंडरा के ओटीसी ग्राउंड के पास दोपहर करीब 12:30 बजे तीन अपराधियों ने आशीर्वाद आटा (आईटीसी कंपनी का फ्रेंचाइजी) के मैनेजर सुमित कुमार गुप्ता से 13 लाख रुपये लूट लिये थे। वहीं, भागते समय लोटस होटल के मैनेजर सुमित कुमार को पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान उन पर फायरिंग कर दी। एक गोली सुमित कुमार के पेट में लगी, जबकि दूसरी गोली उनकी बांह में लगी है। उन्हें गंभीर हालत में मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति फिलहाल खतरे में है।

## खलारी में तीन हाइवा को जलाने का आरोपी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : खलारी, पिपरवार व आसपास के थाना क्षेत्रों में गोलीबारी तथा आगजनी की घटनाओं के बाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। इन घटनाओं में आलोक गिरोह की संलिप्तता सामने आई थी। मामले में पुलिस ने हुटाप मोड़ से बंटी कुमार नामक एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिसने इन सभी घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और पुलिस को बयान दिया है।

#### खलारी-पिपरवार में आगजनी व गोलीबारी में स्वीकारी संलिप्तता

खलारी थाना क्षेत्र के गुलजार बाग निवासी संजय राम के बेटे गिरफ्तार बंटी कुमार ने बताया कि वह और उसके साथी मिलकर आलोक नामक गिरोह चला रहे हैं और इलाके में रंगदारी की मांग करने के लिए गाड़ियों को जलाने और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। वहीं, गिरफ्तारी के दौरान बंटी कुमार के पास से एक देशी कट्टा, दो जिन्दा गोली और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी पर पहले से भी खलारी सहित अन्य थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यो के बारे में जानकारी जुटाई है और उनकी तलाश में छापेमारी जारी है।

#### कई कांडों को गिरोह दे चुका है अंजाम

पुलिस का कहना है कि इन अपराधियों ने खलारी, पिपरवार, मैक्लुस्कीगंज, कैरेडारी, बुढ़मू और आसपास के इलाकों में कई अपराधों को अंजाम दिया है। इनमें 29 नवंबर 2024 को खलारी थाना क्षेत्र में सेलेरी लोड कर रही गाड़ी पर आगजनी की घटना हुई थी। इसके बाद 22 दिसंबर 2024 को तीन हाईवा में आग लगा दी गई थी। गिरफ्तारी बंटी के खिलाफ खलारी थाना कांड संख्या 51/23, सत्तारी थाना कांड संख्या 106/24 व सन्नारी थाना कांड संख्या 114/24 मामले पहले से दर्ज हैं।

#### खलारी डीएसपी के नेतृत्व में हुई छापेमारी

छापेमारी टीम में मुख्य रूप से रामनारायण चौधरी, डीएसपी खलारी, विजय कुमार सिंह थाना प्रभारी, देवकुमार दास व रवि कुमार सोनी पुअनि, राजकिशोर कुमार सिंह सअनि, कलेन्द्र कुमार साह, सीसीटीएएस शामिल रहे।

## बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान को तेज करेगी भाजपा : राकेश प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : प्रदेश भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में मंगलवार को संगठन पर्व सदस्यता अभियान के लिए प्रांतीय और जिला टोली की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि पिछले 22 दिसंबर से प्रारंभ भाजपा का सदस्यता अभियान तेज गति से चल रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप फाइव में लाने के लिए कार्यकर्ता लगातार ऑनलाइन सदस्यता कर रहे हैं। भाजपा का गांव और शहर सभी जगह बड़ा जनाधार है। राज्य के सभी 29 हजार से अधिक बूथों पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और बूथ समिति है। राकेश ने कहा कि भाजपा फिर से बूथ केंद्रित सदस्यता अभियान चला रही है। सभी बूथों पर अधिक से अधिक सक्रिय सदस्य बनाने की योजना है। भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सर्व स्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्व समावेशी भाजपा के निर्माण के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश के सभी जिलों में हाट, बाजार, चौक-चौराहे, सार्वजनिक स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कैंपों में आम जनता की भागीदारी और उत्साह बढ़-चढ़कर देखी जा रही है। पार्टी के सभी प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी देकर सदस्यता अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं है, उस स्थान पर मैनुअल रसीद के माध्यम से सदस्यता के लिए निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश भाजपा संगठन पर्व में अपने समर्थकों के माध्यम से एक मजबूत भाजपा बनाने में सफल होगी। 15 जनवरी के बाद प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। कार्यक्रम में रोशनी खलखो, पूर्व सांसद घूरन, डॉ रविंद्र कुमार, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह सांसद प्रदीप वर्मा, प्रदेश पदाधिकारी बालमुकुंद सहाय सहित जिले की सदस्यता अभियान टोली के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थे।

## कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत बनाए गए सीपीपी के राज्य कमेटी संयोजक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को 5 राज्य झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा और बंगाल का कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी)का राज्य कमेटी संयोजक बनाया गया है। यह जानकारी कांग्रेस संसदीय दल के सचिव डॉ अमर सिंह ने पत्र के माध्यम से दिए। इसी प्रकार एंटोएंटनी को 2, जोधीमणी को 2, जीसी चंद्रशेखर को 1 ,डॉ मल्लू रवि को 1, परिणीति शिंदे को 2, विजेंद्र ओला को 2, वरुण चौधरी को 1, गुरजीत सिंह को 3, इमरान मसूद को 2 और रकीबुल हुसैन को 4 राज्यों का संयोजक बनाया गया है। बता दें कि संसद सत्र में सुखदेव भगत के बेहतर कार्यों को देखते हुए केवल सुखदेव भगत को 5 राज्यों का संयोजक बनाया गया है। सांसद सुखदेव भगत 5 राज्यों के सांसदों के साथ समन्वय स्थापित कर इन राज्यों में सांसदों के माध्यम से संगठन की मजबूती प्रदान करने, कांग्रेस संसदीय दल के कार्यों को बेहतर ढंग से चलाने एवं संसद में सांसद संसदीय कार्य प्रणाली के अनुसार कार्य करें उसके लिए प्रेरित करेंगे।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व की बैठक संपन्न

# साल 2024-30 तक 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को संगठन पर्व की प्रदेश स्तरीय बैठक रखी गई थी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय मौजूद रहे। बैठक में झारखंड के 24 जिलों से आए मंडल अध्यक्ष भी शामिल हुए। बाबूलाल मरांडी ने बताया कि 2024 से लेकर 2030 तक झारखंड में भाजपा सदस्यता अभियान के तहत 60 लाख का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को कैसे पूरी की जाये, इसपर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़ी संख्या में लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़कर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम किया जाएगा। इसे लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है।

#### अबतक केवल साढ़े 3 लाख सदस्य बन पाए

आपको बता दें कि भाजपा कार्यालय में आयोजित संगठन पर्व में चर्चा के दौरान सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। अबतक झारखंड में भाजपा साढ़े 3 लाख ही लोगों को सदस्य बना पाई है। ऐसे में केंद्रीय नेतृत्व ने इसपर चिंता जाहिर की है। भाजपा नेता जेपी नड्डा ने कहा है कि आने वाले दिनों में सदस्य बनाने को लेकर दिए गए लक्ष्य के प्रति बल देने की जरूरत है।

बता दें कि बीजेपी की सदस्यता लेने के लिए एक मोबाईल नंबर जारी किया गया था। जारी किए गए नंबर पर मिस्ड कॉल कर लोग बीजेपी की सदस्यता हासिल कर सकते थे। लेकिन अब इस प्रक्रिया में बदलाव किए गए हैं। झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री ने बताया कि सदस्यता अभियान को डिजिटलाइज किया गया है। अब मिस्ड कॉल के बाद एक लिंक जाएगा। उस लिंक में आपको अपना पता मोबाइल नंबर जैसे डिटेल्स डालने होंगे। इसके बाद आप बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता ले पाएंगे।

### झारखंड में बेरोजगारी आसमान छू रही : बाबूलाल

रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झारखंड में बेरोजगारी आसमान छू रही है। बेरोजगारी कम करने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की शुरूआत की गई थी लेकिन यह योजना केवल कागजों पर ही सीमित रह गई है। मरांडी ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में गिरिडीह जिले के 416 लोगों ने रोजगार के लिए आवेदन किया लेकिन एक भी व्यक्ति को ऋण स्वीकृत नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए कहा है कि सिर्फ कागजी घोषणाओं से जनता का पेट नहीं भरता। वादे करना आसान है लेकिन असली चुनौती उन्हें धरातल पर लागू करना है। साथ ही कहा है कि राज्य के लाखों युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। अपनी

## संक्षिप्त खबरें

### नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी



रांची : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी का निधन हो गया है। उनके निधन पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। सेठ ने कहा कि गुरविंदर सिंह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष के पद पर भी वह कार्यरत रहे। गुरु नानक हॉस्पिटल, गुरु नानक स्कूल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए। उनकी सेवा को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस दुख की घड़ी में हम सभी उनके परिजनों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति दें।

### हथियार और चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार



रांची : शहर की चान्हों थाना पुलिस ने हथियार और चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक रिवाल्वर और एक बाइक बरामद की गयी है। चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि चान्हो थाना के झिबरी मोड़ के पास कुछ नवयुवक अवैध हथियार के साथ संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। एसएसपी के निर्देश पर छापेमारी कर एक युवक अब्बास आलम को गिरफ्तार किया गया। वह लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के पंडरा का रहने वाला है। छापेमारी के दौरान अंधेरे और झाड़ी का लाभ उठाकर एक नवयुवक भागने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### श्रीश्याम मंदिर में आज होंगे कई कार्यक्रम



रांची : पहली जनवरी के स्वागत के लिए हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में बहुत सी तैयारियां चल रही है। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में पहली जनवरी वृहद कार्यक्रम की तैयारी को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। आज प्रात: 5 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। फिर 5.30 बजे मंगला आरती करके बाल भोग अर्पित करके प्रात: कालीन वन्दना की जाएगी। इसके बाद सभी गर्भगृहो का अदभुत दिव्य श्रृंगार की तैयारी करने के लिए गर्भगृहो में परदा लगा दिया जाएगा। मंदिर में विराजमान खाटूनरेश सहित देवी-देवताओं को नवीन पौशाक (बागा) पहनाकर कोलकाता -बेगलूर से आ रहे फूल मालाओं से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। पहली जनवरी को बाबा श्याम कई वर्षों के बाद अपने मूल श्यामल रुप में भक्तजनो को दर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान करेंगे। श्रीश्याम प्रभू को 31 फूल मालाओं से सजाया जाएगा। गुलाब के रूह इत्र से बाबा की मसाज की जाएगी। श्रीनारसरिया ने बताया कि सम्पूर्ण श्रृंगारित दरबार की प्रात: 8.30 बजे विशेष श्रृंगार आरती की जाएगी। मंदिर में निर्मित 101 किलों शुद्ध घृत का बुदिया का भोग अर्पित किया जाएगा। पहली जनवरी को 90 मिनट अधिक बाबा का दरबार दोपहर 2 बजे तक खुला रहेगा। इसके बाद सायंकाल 4.30 बजे से पुन: मंदिर के पट खुलेंगे, जो रात्रि 9.30 बजे तक खुले रहेंगे। इस अवसर पर रात्रि 7 बजे खाटूनरेश को ग्वाल भोग अर्पित कर पंचदीपो की ग्वाल आरती की जाएगी। पहली जनवरी के समस्त कार्यक्रमों के यजमानश्री खेरीवाल इन्टरप्राइजेज के उर्मिला देवी जैन, अजय -कविता जैन, अकवी - अभिषेक जैन है। इसके परिजनों द्वारा समस्त सेवा अर्पित निवेदित की जाएगी।

### भारत भ्रमण पर निकले दादीजी के दिव्य ज्योत रथ का हुआ आगमन, निकाली गयी शोभायात्रा


रांची : श्री ढांढ्रण शक्ति प्रचार मंडल के सानिंध्य में भारत भ्रमण पर निकले मां दादीजी का दिव्य ज्योत रथ मंगलवार, 31 दिसंबर को रांची पहुंचा। इस अवसर पर दिन के 12.30 बजे मेन रोड स्थित श्री दुगार्बाड़ी से विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल भारतवर्ष भ्रमण को निकले दिव्य ज्योति रथ में मां दादी विराजमान थी। अद्भुत और अलौकिक इस रथ में स्वर्णिम आभूषणों से सुसज्जित फूलों के श्रृंगार से दरबार सजा था। शोभायात्रा में मुख्य रूप से पुरुष व बच्चे पारंपरिक कुर्ता पैजामा एवं महिलाएं केसरिया साड़ी पहने धर्म ध्वज पताका लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण रथ पर दादी की सजीव झांकी थी, जिसका भक्त अवलोकन कर रहे थे। तासा, ढोल नगाड़े बज रहे थे। भजनों की गंगा प्रवाहित की जा रही थी। बाहर से पधारे भजन गायक मूलचंद बजाज, मोनू मोर, जुगल दरगाह, मदन सोनी, ऐनी मिड्डा, तनय काठपाल, विजय खोवाल के भजन सुन कर लोग मंत्रमुग्ध हो रहे थे। शोभायात्रा दुगार्बाड़ी से फिरायालाल होते हुए शहीद चौक, पुस्तक पथ, गांधी चौक, मारवाड़ी टोला, ईस्ट मार्केट रोड, कार्टसराय रोड, बंशीधर अडूकिया लेन, सेवा सदन पथ होते हुए मुख्य यजमान बजाज परिवार के आवास पर पहुंची। दिव्य ज्योति रथ में विराजमान दादी का पूजन, चंदन, वंदन, पुष्प श्रृंगार, मुख्य यजमान संतोष कुमार मिठू बजाज ने किया। यजमान द्वारा दादी को भोग भी अर्पित किया गया। शहर की कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं सहित धर्म प्रेमियों के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ किया गया। शोभायात्रा में शामिल दिव्यजोत रथ में विराजमान दादी मां का लोगों ने पूजन चंदन वंदन एवं प्रसाद का भोग लगाया। शोभायात्रा में उपस्थित धर्म प्रेमियों का लोगों ने पेय जल, ट्रॉफी, जूस देकर स्वागत और अभिनंदन किया। लोहिया ग्रंथालय, सिंघानिया परिवार, भरतीया परिवार, श्री हनुमान मंडल, गौ माता सेवा समिति, अग्रवाल युवा सभा, भारतीय युवक संघ, राजस्थान मित्र मंडल, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, माहेश्वरी सभा समेत कई सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के द्वारा शोभायात्रा का स्वागत अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा में श्रवण अग्रवाल, सज्जन पड़िया, प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रमोद सारस्वत, मनोज बजाज, प्रदीप राजगढ़िया, मुन्ना शर्मा, नटवर सिखवाल, अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, किशन शर्मा, मुकेश काबरा, अमित चौधरी, अशोक लाट, मुकेश पोद्दार, विजय सरायका, अजय खेतान, दीपक सरावगी, विक्रम खेतावत, सौरभ बजाज, प्रमोद बजाज, संजय बजाज, मनोज रुइया, राजेश भरतीया, पंकज बजाज, अशोक भरतीया, बसंत मुरारका, प्रदीप रुइया, अमित भरतीया, विष्णु बजाज, विवेक बजाज, विवेक भरतीया, विष्णु सोनी, बसंत मित्तल, रविकांत सुल्तानिया, रवि शर्मा, अरुण जोशी, किशन शर्मा, कमल सिंघानिया, शंकर भरतिया आदि शामिल हुए। रात्रि 7 बजे मां का भव्य दरबार, भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजनों की गंगा प्रवाहित की गयी। दादी जी को 56 भोग अर्पित किया गया। लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। 31 दिसंबर की मध्य रात्रि तक लोग मां के अलौकिक श्रृंगार का दर्शन और दिव्यजोत के दर्शन सहित पूजन करेंगे। कल प्रात: 6 बजे दिव्य दर्शन रथ संबलपुर के लिए प्रस्थान करेगा।

एक नजर

## 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री के लिए सुजीत सरकार चयनित

**साहिबगंज:** झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ एवं पूर्वी सिंहभूम एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 31 दिसंबर को जमशेदपुर में संपन्न 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में जिले के राजमहल निवासी सुजीत सरकार पुरुष क्रॉस कंट्री दौड़ 10 किलो मीटर में चौथे स्थान पर रहे। इसके साथ ही सुजीत सरकार का चयन झारखंड क्रॉस कंट्री दौड़ पुरुष वर्ग की टीम में किया गया। जो आगामी 12 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर में आयोजित 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री दौड़ में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा, जिलाओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव माधवचंद्र घोष, खेल विभाग के प्रशिक्षक योगेश यादव, एथलेटिक्स संघ के निमाई चौधरी, समेत जिले वासियों ने बधाई दी।

## नए साल के आगमन को लेकर पुलिस मुस्तैद



**बोकारो :** मंगलवार को तारीख और कल यानी एक जनवरी को नया साल है, और हर कोई नए साल पर जश्न मनाने, घूमने- फिरने और पार्टी करने मे मस्त एवं व्यस्त रहेगा। नए साल पर किसी तरह विवाद की स्थिति न बने इसके लिए बोकारो पुलिस ने कमर कस ली है, बोकारो में पुलिस हुड़दंगाइयों पर सख्त एक्शन लेने की तैयारी में है। इसके लिए पुलिस ने पूरा प्लान तैयार कर लिया है। कई पिकनिक स्पॉट समेत अन्य जगहों पर मजिस्ट्रेटो की तैनाती की जाएगी। इस संबंध में बोकारो सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि, नये साल के जश्न की आड़ में हुड़दंग करने वाले हुड़दंगाईयो पर पुलिस कार्रवाई करेगी। इसके लिए बोकारो पुलिस जगह-जगह अभियान चलाकर कार्रवाई करेगी। सिटी डीएसपी ने बताया की विभिन्न जगहों में मजिस्ट्रेट व फोर्स की तैनाती की गई है ताकि किसी तरह की आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। पुलिस अनवरत गश्त करेगी। दोषियों को भी बक्स। नहीं जायेगा। उल्लेखनीय है कि, हर कोई नए साल की शुरूआत घूमने-फिरने से करता है, धार्मिक स्थल से लेकर पर्यटन स्थलों तक लोगों की भारी भीड़ रहती है और ऐसे किसी भी प्रकार विवाद की स्थिति न बने इसके लिए पुलिस ने एक्शन प्लान तैयार कर लिया है।

## सरैयाहाट के युवती की बिहार के लक्ष्मीपुर डैम में हत्या

**दुमका:** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के थानेदारी गांव की युवती की हत्या बिहार के बंधुआकूड़ा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर डैम में उसके दूसरे पति के जरिये किए जाने का मामला मंगलवार को सामने आया है। बीते रात युवती का शव डैम के समीप से पुलिस ने बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 26 दिसंबर को युवती का पति तुलसी यादव ग्राम नारायणपुर थाना जयपुर बिहार अपनी पत्नी मीना कुमारी(27) को अपने ससुराल सरैयाहाट थाना क्षेत्र स्थित थानेदारी गांव से घर ले जाने की बात कह ले गया। लेकिन वह घर न जाकर अपनी पत्नी को डैम घुमाने के बहाने ले गया और धक्का देकर डैम में फेंक दिया। इसके बाद वह तब तक डैम के पास रहा जबतक मीना का शव पानी से निकल नहीं गया। शव जब पानी में तैरने लगा तो मृतका के पति ने उसके शव को पास ही पत्थर से दबा कर छिपा दिया। इधर 27 दिसंबर को जब मीना की मां गुड़िया देवी ने उसे फोन किया तो उसका मोबाइल ऑफ आया। इसके बाद वह उसके ससुराल नारायणपुर गई तो पता चला कि मीना वहां आई ही नहीं है।

# बोकारो में पिकनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखें : उपायुक्त

- उपायुक्त विजया जाधव ने जिलावासियों को नव वर्ष की दी अग्रिम शुभकामनाएं
- नव वर्ष पर किसी भी तरह की कोई दुर्घटना न हो इसको लेकर जिला प्रशासन सचेत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** कुछ ही घंटों में नव वर्ष 2025 का आगमन होना है। नव वर्ष की स्वागत को लेकर जिलेवासियों में भी उमंग देखा जा रहा है। नव वर्ष पर किसी भी तरह की कोई घटना/दुर्घटना नहीं हो, इसको लेकर जिला प्रशासन सचेत हैं। जिला प्रशासन ने सभी ऐतिहातन कदम उठाया है। उपायुक्त विजया जाधव ने विधि व्यवस्था को लेकर चास एसडीओ सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ से क्रमवार नव वर्ष की तैयारी को लेकर जानकारी प्राप्त की। जिले के विभिन्न पिकनिक स्थलों/विशेष कर जलाशयों के समीप विशेष चौकसी/निगरानी रखने का द्वय पदाधिकारियों को निर्देश दिया। सभी संबंधित स्थानों पर दंडाधिकारी/पुलिस बल आदि की प्रतिनियुक्ति करने को कहा। वहीं, टीम बनाकर जिले के विभिन्न होटलों/ढ़ाबों आदि में छापामारी को कहा है। सड़कों पर किसी तरह की रैस ड्राइविंग नहीं हो, इसको लेकर जगह जगह वाहन जांच अभियान चलाने, व्यस्त चौक चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का निर्देश दिया है। ब्रेथ एनलाइजर मशीन के माध्यम से भी वाहन चालकों को जांचने की बात कहीं है। उधर, उपायुक्त विजया जाधव ने जिलावासियों को नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी। उन्होंने जिलेवासियों से सभी सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नव वर्ष मनाने का अपील किया है। कहा कि जिला प्रशासन ने अपनी ओर से ऐतिहातन सभी कदम उठाएं हैं। चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारियों/पुलिस बल,गोताखोर को प्रतिनियुक्त किया गया है। आम जनों से जलाशयों के निकट विशेष सावधानी बरतने, बच्चों पर विशेष ध्यान रखने का अपील किया है।

## कला संस्कृति मंच ने रणधीर वर्मा चौक पर डहरे टुसू कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** वृहत झारखंड कला संस्कृति मंच के द्वारा मंगलवार को डहरे टुसू कार्यक्रम का आयोजन रणधीर वर्मा चौक में किया गया। जिसमें भारी संख्या में झारखंडी प्रेमी 24 जिला से शामिल हुए। टुसू परब गांव से निकलकर आज दूसरी बार धनबाद शहर के बीचों बीच उत्साह से मनाया गया। टुसू परब गांव में नई धान के फसल तैयार हो जाने के बाद झारखंडी संस्कृति में टुसू परब मनाया जाता है। इस त्यौहार में तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं जो धान से तैयार होते हैं। झारखंड समाज के लिए अच्छी बातें हैं की इस तरह के त्यौहार फिर से मनाया जाने लगा झारखंड के भाषा संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह का त्योहार बहुत जरूरी है तरह-तरह की झारखंडी झांकी भी इस महा रैली में देखने को मिली झारखंडी सभ्यता से जुड़ी थी। इस मौके पर मुख्य रूप से अजीत, राजा बाबू, संतोष महतो, मनोज महतो, मिथुन महतो, नरेश महतो, टुनटुन महतो, उत्तम महतो, रंजीत कुमार,रूपलाल, सोनू, विवेक, राहुल, सुशील महतो, साहिल सहित हजारों लोग मौजूद थे।

## ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड्स फाउंडेशन ने जरूरतमंदों के बीच कंबल और साड़ी का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड्स फाउंडेशन की तरफ से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल साड़ी और खाने के समान का वितरण किया गया जिसमें संस्था के निर्देशक निशा वर्मा ने बताया कि यह संस्था प्रत्येक वर्ष इसी तरह जरूरतमंदों असहाय के बीच कंबल साड़ी एवं खाने का वितरण करते हैं हम लोगों की संस्था और भी विभिन्न तरह के कार्यक्रम करती है जैसे हमारी संस्था शिक्षा में भी लोगों को मदद करती है रोजगार में भी मदद करती है और स्वास्थ्य चिकित्सा में भी लोगों को मदद करती आ रही है हमारी संस्था



प्रसव महिलाओं को साल में दस हजार रुपए नगद के रूप में भी मदद दी जाती है जिन महिलाओं को रोजगार चाहिए उनको हमारी संस्था समूह के द्वारा रोजगार भी मुहैया करवाती है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ललिता देवी, विश्वनाथ नायक, शीला देवी रेखा देवी, बबिता देवी खुशबू कुमारी, अनिकेत कुमार रितेश कुमार, नमिता देवी, फुल मनी बाला, अश्विनी कुमार, रति कुमारी नीतू देवी , तथा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सरकार ने खिलाड़ियों को करेगी हर संभव मदद : मंटू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 9 सी फुटबॉल ग्राउंड में बोकारो फसी फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल मैच कोदआ पीठा चंदनक्यारी क्लब वर्सेस मुन्ना स्टार नावाडीह क्लब के बीच खेले गए मैच में बतौर मुख्यातिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव जी शामिल हुए। सर्वप्रथम आज के मैच के दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं फुटबॉल को किक मारकर विधिवत रूप से खेल का शुभारंभ किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए झामुमो नेता मंटू यादव ने कहा कि झारखंड प्रदेश में लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के द्वारा खेल को आगे बढ़ाने के लिए और अपने प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए युवाओं को काफी प्रोत्साहित करते आए हैं और खिलाड़ियों को हर संभव झारखण्ड सरकार द्वारा मदद मिलते आया है साथ उनके प्रतिभा को निखारने के लिए बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही है और भविष्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का सपना है कि खेल के क्षेत्र में झारखंड प्रदेश का नाम देश और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर रोशन हो। मंटू यादव ने कहा कि मनुष्य जीवन मे खेल का बहुत महत्व है इसके प्रति लोगो को जागरूक होना होगा। खेल के क्षेत्र में निपुण होकर आप करियर के साथ साथ देश दुनिया में अपना नाम रौशन कर सकते हैं फुटबॉल खिलाड़ियों को अनुशासन में रखकर खेलना चाहिए तभी जाकर और सफल खिलाड़ी बन सकते हैं। अंत में प्रथम विजेता टीम मुन्ना स्टार क्लब नावाडीह, उपविजेता टीम एवं अन्य टीमों के खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। इसप्रकार के बेहतरीन आयोजन के लिए सभी आयोजकों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। मौके पर अतिथि के रूप से मिथुन मंडल, प्रदीप मंडल, सोहन मुर्मू, अशोक हेंब्रम, धनेश तुरी, रिंकू कुमार साथ ही टूनामेंट आयोजन कर्ता रवि हांसदा, कार्तिक हांसदा, लब्धन मुर्मू, महेश हांसदा, आदित्य मुर्मू, सागेन मुर्मू, शिवलाल सोरेन, देवनाथ मुर्मू, मनीष मरांडी, छत्रूलाल टुडू आदि उपस्थित रहे।

## याद किए गए पूर्व आईपीएस अधिकारी सह समाजसेवी आचार्य किशोर कुणाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रविवार को बिहार के सबसे चर्चित व्यक्तित्व, पूर्व आईपीएस अधिकारी,सह महावीर मंदिर पटना के सचिव आचार्य किशोर कुणाल का हृदयाघात से देहांत हो गया। आचार्य कुणाल समाजसेवी एवं धार्मिक व्यक्तित्व के रूप में पूरे पूरे देश में ख्यातिप्राप्त थे। महावीर मंदिर,पटना के सचिव आचार्य कुणाल के निर्देशन में महावीर केंसर संस्थान, महावीर आरोग्य संस्थान, महावीर वात्सल्य संस्थान सहित 10 निशुल्क अस्पताल सहित अयोध्या में अवामा राम मंदिर एवं मंदिर के तत्वावधान में प्रतिदिन दस हजार लोगों केलिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था जैसे दर्जनों जनसेवा के प्रकल्प संचालित हैं। आचार्य कुणाल के देख-रेख में बिहार के केसरिया में विश्व का सबसे बड़ा मंदिर विराट रामायण मंदिर निमार्णाधीन है। अयोध्या राम मंदिर के कानूनी लड़ाई में आचार्य जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा था। आचार्य कुणाल के देहावसान के बाद बोकारो में भी शोक की लहर है। बोकारो के



शिक्षक बादल महथा ने उनके निधन पर अपने कोचिंग सेंटर बोकारो इंस्टीट्यूट में उनके याद में शोक सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर आचार्य जी के साथ अपने संस्मरणों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पटना निवास के दौरान मुझे सदैव आचार्य जी का मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा। आचार्य जी ने सदैव स्वार्थ से ऊपर उठकर निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा केलिए प्रेरित किया। शिक्षक बादल महथा ने दर्जनों छात्रों की उपस्थिति में कहा कि की आचार्य जी का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। वे एक प्रतिष्ठित और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने समाज, धर्म, और मानव सेवा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। उनका जीवन सच्ची सेवा, समर्पण, और सद्भाव का प्रतीक था।

# थम नहीं रहा है अवैध कोयला का धंधा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार :** एक और बोकारो पुलिस कोयला तस्करी सहित अन्य अवैध धंधे पर नकेल कसने की बात करती है, दूसरी ओर बोकारो जिले के विभिन्न कोयला क्षेत्र के आसपास अवैध कोयले का खेल बदस्तूर जारी है। यह हम नहीं बल्कि यह तस्वीर खुद इसकी कहानी बयां करता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के अंतर्गत में कथारा ओपी क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी ग्राउंड के बगल में स्थित झाड़ियों में जगह जगह छुपा कर रखे गए अकूत कोयले का भंडार चीख चीख कर यह कह रहा है कि पुलिस के दावे खोखले हैं। यहां से आए दिन छोटे बड़े वाहनों में कोयला लोड कर अवैध धंधेबाज बाहर की



मंडियों में इसे बेच कर मालामाल हो रहे हैं। क्या यह स्थानीय पुलिस के शह के बिना संभव है। स्थानीय लोगों के अनुसार सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा कोल वाशरी से रेलवे रैक के माध्यम से मिडलिंग तथा कोकिंग कोल की ढुलाई के क्रम में यहां लोड वैगन को अटैच करने के लिए खड़ी की जाती है। इस दौरान अवैध धंधेबाज के शह पर आस पास के गरीब गुरबों द्वारा उक्त रैक से मिडलिंग ० कोकिंग कॉल को रेलवे लाइन के किनारे गिराकर बाद में उसे आसपास के झाड़ियों में छुपा कर दिन के उजाले में रख दिया जाता है, जिसे रात के अंधेरे में छोटे बड़े मालवाहक वाहनों के सहारे बाहर के मंडियों में भेज दिया जाता है। लोगों के नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि कोयला ढुलाई कार्य में लगे गरीब मजदूरों को अवैध धंधेबाज द्वारा वाहनों में ढूलाई के बाद प्रति मजदूर एक हजार रुपए का लॉलीपॉप थमाया जाता है। वहीं स्थानीय पुलिस को भी इस एवज में जेबे गरम कर दी जाती हैं, ताकि पुलिस का सहयोग कोयले के धंधेबाजों को मिलता रहे और धंधेबाज मालामाल होते रहे। ऐसे में बोकारो पुलिस के दावों पर कैसे आमजन विश्वास करे यह कोयला मोटर साइकिल पिकअप भेन पर लोड़ होकर बंगाल भी भेजा जाता है इस नेटवर्किंग में कई सफेद पोस नेता के जबरदस्त सहयोग रहता है सूत्रों का मानना है यह कारोंबार पहले रात को हुआ करता था लेकिन अब दिन मैं भी कोयले का कारोबार होता है पेटरवार थाना और बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र से प्रत्येक दिन सैकड़ो मोटरसाइकिल से कोयला बंगाल के साथ साथ एट और चिमनी भट्ठा और बगला भट्ठामें भी कोयला खपाया जाता है।


संक्षिप्त खबरें

## रोआम एजुकेशनल ग्रुप का वार्षिक मोटीवेशनल कार्यक्रम किया गया आयोजित



**कतरास (धनबाद):** ढांगी पंचायत अंतर्गत रोआम गांव में बेला भवन परिवार द्वारा संचालित रोआम एजुकेशनल ग्रुप का वार्षिक मोटीवेशनल कार्यक्रम बेला भवन परिवार के संरक्षक हरि प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया। रोआम एजुकेशनल ग्रुप के संस्थापक कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि गत वर्ष के आयोजन में दी गई प्रेरणा का परिणाम सकारात्मक रहने के फलस्वरूप इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन विस्तार से किया गया ताकि और बच्चे इससे लाभान्वित हो सके। संस्थापक द्वारा विद्यार्थी जीवन के मूलभूत सिद्धान्तों के अनुरूप उचित मार्गदर्शन की प्रेरणा को सभी विद्यार्थियों ने ग्रहण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज कतरास के पूर्व अध्यक्ष अरुण चंद्र तिवारी ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा से मानव विकास होता है। यह हमारी मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास को बेहतर बनाती है।

## खनन व पंपिंग कार्य बंद की नोटिस से कर्मियों में उबाल



**धनबाद :** बी सी सी एल के सिजुआ1 क्षेत्र अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी प्रबंधन ने पत्रांक संख्या फ़ी. No. TC/1006/2024 जारी कर नोटिस बोर्ड में चिपकाया है कि तेतुलमारी कोलियरी अंतर्गत स्थित भूमिगत खदान में सभी प्रकार की खनन और पंपिंग गतिविधियाँ पूर्णतः बंद हो जाने के कारण भूमिगत नियोजन दिनांक 01/01/2025 से बंद रहेगा। जिसके सभी भूमिगत अधिकारियों और कर्मियों का कैप लैम्प आवंटन 01/01/2025 से अगले आदेश तक बंद रहेगा। उक्त आदेश के बाद कर्मियों में उबाल है ,जबकि बिहार जनता खान मजदूर संघ के महेश साव व पंचू सिंह ने प्रबंधन को पत्र जारी कर जबाब मांगा है की कर्मियों का यू जी टैग हटाकर सरफेस का आदेश पत्र का छाया प्रति संघ को उपलब्ध नही करवाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## बिरसा मुंडा ट्रॉफी ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेल गांव में संपन्न



**धनबाद:** तीसरी भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी ओपन राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कंपलेक्स रांची खेल गांव में संपन्न हुआ 27 से 29 तक दिसंबर तक चलने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में धनबाद के खिलाड़ियों ने कई पदक जीते पदक जीतने वाले में प्राचीसिन्हा आराध्या पांडे मुस्कान कुमारी स्वर्णिका फरहाद आरूषी कुमारी शाश्वत राज आरव राज रियांश मिश्रा यशिका राज आदित्य कुमार सुभाजित कुमार सुहासिनी कुमारी स्वर्ण पदक जीती रजत पदक में श्रेया कुमारी नव्य शर्मा सुरमल राय रजत पदक उदय पंडित कांस्य पदक प्राप्त किया खिलाड़ी के कोच दिल्ली पब्लिक स्कूल के शारीरिक शिक्षिका आरती सिंह राजपूत ने टीम का नेतृत्व किया कोच विशाल पंडित महिपाल कुमार के अलावा भारतीय ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रभात शर्मा झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा सुमीर शर्मा कमलेश पांडे ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## बाल मेला का हुआ आयोजन



**धनबाद :** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेतुलमारी में बाल मेला का शुभारंभ तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येंद्र यादव ने फीता काटकर किया गया। बाल मेला में कुल 18 स्टाल में उत्तर और दक्षिण भारतीय व्यंजन का समावेश था। जैसे-कचोरी-चाट, छोला पापड़ी, इडली, भेलपुरी, घुघनी-चाट इत्यादि। इस बाल मेला का आयोजन कक्षा षष्ठ से नवम के भैया बहनों के द्वारा किया गया जिसमें लगभग 100 भैया बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य राम मूर्ति सिंह,सह सचिव कृष्ण कुमार सिंह,संकल्प एजुकेशन के निर्देशक सहदेव महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बाल मेला में लगभग 1000 की संख्या में अभिभावक एवं भैया बहनों की उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम को सफल में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य विशाल कुमार सिन्हा, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार महतो,अशोक कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह, परमेश्वर झा, दशरथ निषाद, राहुल कुमार सिंह, अशोक कुमार मालाकार, गौतम प्रमाणिक, नीरज श्रीवास्तव, अशोक कुमार गुप्ता, आनंद पांडे, रंजना सिंह, अपर्णा चटर्जी, सुश्री मुकुल कुमारी, मनोरमा कुमारी, रेणु कुमारी एवं कर्मचारियों का योगदान सक्रिय रहा।

## 70 वर्षीय बृद्ध का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**बोकारो :** हरला पुलिस ने 70 वर्षीय बृद्ध का शव बरामद किया है यह शव हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 9 ऐ इस्पात+2 उच्च विद्यालय सेक्टर 9 स्ट्रीट 36 के सड़क किनारे से बरामद की गई है मृतक का पहचान चैताटांड गांव निवासी चिंतामणि गोराई के रूप मे की गई है मृतक के पास से कुछ रुपए तथा एक फोन डायरी मिले है उसी डायरी से मिले नंबर पर संपर्क करने से मृतक के पौत्र विक्की को सूचना दी गयी, मृतक का पौत्र विक्की द्वारा शव को पहचान किया गया,मृतक अपने रिलेटिव से मिलने चैता टांड़ से निकले थे वही मामले मे पुलिस अधिकारी उमेश यादव ने बताया की मृतक का शव देखने से लगता है कि इसकी मौत ठंड लगने से हुई है, वैसे शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल पायेगा। पुलिस अपनी करवाई कर रही है।

# दो घरों के परिवार गए घूमने, चोरों ने उड़ा लिए लाखों रुपये के जेवरात और नकद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में इन दिनों विभिन्न थाना और ओपी क्षेत्र में चोरी की वारदात में वृद्धि हुई है। साल के अंतिम दिन बरकाकाना ओपी क्षेत्र के बंजारी मंदिर के पीछे संस्कार कॉलोनी में चोरों ने दो बंद घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दी है। साल गुजर गया, लेकिन चोरों ने चोरी की वारदात को जाते-जाते रामगढ़ पुलिस को एक बड़ी चुनौती दे दी है। घटना की सूचना पाकर बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा सदलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए है। साथ ही आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुट गई है।



**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार बरकाकाना ओपी क्षेत्र के बंजारी मंदिर के पीछे संस्कार कॉलोनी के दो बंद घरों में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दी है। चोरों ने दो सेवानिवृत्त रेलकर्मी के बंद पड़े घरों में जमकर उत्पाद मचाया। सेवानिवृत्त रेलकर्मी रवि शंकर प्रसाद सपरिवार दो दिन पूर्व अयोध्या घूमने गए है और वे घर की देखरेख करने को लेकर दर्शन नामक युवक को रखा था। हालांकि वे जिस दिन चोरी की घटना घटी दर्शन उसे दिन घर में नहीं सोया था जिसके कारण चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है वहीं चंद कदम की दूरी पर दूसरे घर में चोरों ने सेवानिवृत्त रेलकर्मी संतोष कुमार सिन्हा भी अपने सपरिवार के साथ अपनी बहन के घर अंबिकापुर एक सप्ताह पूर्व गए थे और वे बंटी नामक युवक को घर जिम्मेवारी सौंप कर गए थे। लेकिन इत्तेफाक की बात है कि बंटी भी उसी दिन घर में नहीं था जिसके कारण चोरों ने संतोष कुमार सिन्हा के घर को भी टारगेट बनाया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक दोनों परिवार की ओर से बरकाकाना ओपी में कितने की चोरी हुई है इस संबंध में आवेदन नहीं दी गई है। दोनों घरों में जिस तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दी गई है। इससे साफ होता है कि कहीं ना कहीं दोनों घटना में एक ही चोरों के द्वारा अंजाम दी गई है। जिस तरीका से घर के मेन गेट को छोड़कर अंदर ग्रिल को तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने घर का अलमीरा सहित अन्य को आराम से रख कर उत्पाद मचाया। बताया जाता है कि चोरों ने घर में रखें लाखों रुपए के जेवरात व नगद की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

## नए साल के आगमन को लेकर आस-पास के बाजारों में चहल-पहल

**मुरी :** सिल्ली नए साल के आगमन को लेकर सिल्ली एवं आसपास के बाजारों में काफी चहल–पहल दिखा। नए वर्ष के शुभारंभ को लेकर बच्चे, बूढ़े, युवा एवं महिलाओं ने बाजारों में खरीददारी करते नजर आए। वही छोटा मुरी बाजार में उत्तम केक दुकान के संचालक प्रभाकर यादव और अजय स्वर्णकार ने कहा हमारे यहां विभिन्न तरह के केक बनाया जाता है। बच्चे एवं युवा विभिन्न तरह के केक खरीदने पहुंचे। केक के दुकान को विद्युत सज्जा कर काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसी क्रम में मिठाइयों की दुकानों पर भी भीड़ दिखी साथ ही पुराने साल की विदाई को लेकर युवा डीजे के धुन पर थिरकते नजर आए। बच्चे एवं युवा आज पिकनिक जाने की भी तैयारी करते नजर आए।

## खेत से एक व्यक्ति का शव बरामद

**खूंटी :** शहर की खूंटी टोली बस्ती स्थित एक खेत से खूंटी थाना की पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया। शव की पहचान खूंटी टोली बस्ती में ही एक किराये के मकान में रहने वाले सुरेंद्र प्रधान (46 वर्ष) के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतक की पत्नी निशा देवी ने बताया कि सुरेंद्र सोमवार की रात नौ बजे खाना खाने के बाद आवास से बाहर निकला था। काफी देर बाद तक जब वह वापस नहीं लौटा, तो उसकी खोजबीन की गई।


JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)
E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/
GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L

Bid Ref. No:-JMC/NIT-24/Vehicles Hiring/25 Date 30-01-2024
Tender for empanelment of agency for Commercial Vehicles.
The Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi hereby invites separate Technical Bid and Financial Bid (two envelope system) through e-procurement from eligible Bidders.
hereby invites separate Technical and Commercial Bids (Two Cover System) through e-tender from the registered and eligible firms, for Empanelment of Agency for Commercial Vehicles.
The Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.inand should be submitted through e-procurement system only. The eligible bidders willing to participate must necessarily be registered in e-Procurement portal.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | EMPANELMENT OF AGENCY FOR COMMERCIAL VEHICLES |
| 2 | Date of Publication of Tenders on website | 01/01/2025 |
| 4 | Date / time for receipt of bids | 07/01/2025 upto05.00 PM |
| 5 | Date of Technical Bid opening | 08/01/2025at 05.00 PM |
| 6 | Tender fee (Non-refundable) | 5900.00 (Online Payment Gateway) |
| 7 | EMD | 50,000.00 (Online Payment Gateway) |
| 8 | Contact no. | 8709368893 |

Note: 1) The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.
2) Detailed tender document can be seen and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in only.
Sd/-
Managing Director, Namkum, Ranchi
PR 343267 (Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd)24-25*D


# जेएलकेएम के कार्यकर्ता वनभोज कार्यक्रम में नव वर्ष के लिए कार्य योजना तैयार की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी 31 दिसम्बर 2024 को जे एल के एम सिल्ली विधान सभा के कार्यकर्ता सतीघाट त्रिसंगम महा तीर्थस्थल में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बीते वर्ष किए गए कार्य का समीक्षा किया तथा आने वर्ष का कार्य योजना तैयार किया गया। मौके पर केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो के निदेर्शानुसार हरेक प्रखंड में साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर जनता के समस्या का समाधान किया जायेगा। साथ सिल्ली विधान सभा क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नियम के विरुद्ध काम होने नहीं दिया जायेगा। संगठन को मजबूत करने और जनता के हर दुःख सुख को अपना सुख दुःख समझते हुए साथ देने का प्राण लिया गया। मौके पर रांची जिला, सिल्ली प्रखंड, राहे प्रखंड, सोनाहातु प्रखण्ड के अधिकारी उपस्थित हुए। पदाधिकारी पार्वती देवी, राजकिशोर महतो, बिमल महतो, मोहरी देवी, अनीता देवी, रणजीत महतो, गंगा महली,मौजूद थे।

# नए साल में पंचखेरो जलाशय में उमड़ती है लोगों की भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** अंग्रेजी नव वर्ष के आगमन पर लोगों में उत्साह है। नव वर्ष के जश्न मे पर्यटन स्थलो पर सैलानियों की भीड़ उमड़ पडती है। जिले के मरकच्चो प्रखंड मे भी कई धार्मिक और अन्य पिकनिक स्थल है, जहां नव वर्ष के आगमन पर पिकनिक मनाने वालो का हुजूम जमा हो जाता है। इसमे पंचखेरो जलाशय, चंचालनी धाम, कर्मा बाबा धाम सहित कई पिकनिक स्पॉट शामिल है। इन जगहो की खूबसूरत वादियों सैलानियों को अपनी और आकर्षित करती है। जंगलो एवं पहाडो से घिरा पंचखेरो जलाशय मे पिकनिक मनाने का अलग ही मजा है। प्रखंड मुख्यालय से महज एक किमी दूर कोडरमा गिरिडीह सीमा पर स्थित पंचखेरो जलाशय है। यहां का नजारा अद्भुत है। चारो तरफ जंगल और पहाडो से घिरा हुआ है जिसकी प्राकृतिक वादियों को देख कर मन हर्षित होता है। यहां 1 जनवरी को सैलानियों की भीड़ उमड़ पडती है। लोग गाजे बाजे के साथ पिकनिक मनाने आते हैं। डीजे के धुन पर खुब थिरकते हैं। पंचखेरो जलाशय में मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन के लिये दर्जनों घर नुमा केज बनाया गया है जो लोगों को अपनी और आकर्षित करता है। मत्स्य विभाग जरिये 4 मोटर वोट उपलब्ध कराया गया है जिससे यहां के विस्थापित परिवार मोटर वोट और केज मे मछली पालन कर जीविका उपार्जन कर रहे हैं। पंचखेरो जलाशय के समीप मनरेगा के जरिये कई एकड़ मे आम पेड़ का बागवानी करने से जलाशय मे घूमने फिरने आने वाले लोगो को खूबसूरत नजारा अपनी ओर आकर्षित करता है। पर्यटन के दृष्टिकोण से तिलैया का कांटी डैम के साथ मरकच्चो का पंचखेरो जलाशय सबसे बड़ा और मशहूर जलाशय में शुमार हो चुका है।




जिला खनन कार्यालय, रामगढ़
आम सूचना
एतदद्वारा रामगढ़ जिलान्तर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि The Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Amendment Bill, 2024 का प्रारूप आम जनता के मंतव्य/सुझाव हेतु Ministry of Coal, Government of India की Website (https://coal.nic.in) के अन्तर्गत "What's new" Section पर उपलब्ध है।
अतएव उक्त विधेयक प्रारूप पर अपना मंतव्य/सुझाव दस दिनों के भीतर जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ (email- dmo-ramgarh@jharkhandmail.gov.in) को अग्रेतर कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया जा सकता है।
ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी,रामगढ़
PR 343298 Mines and Geology(24-25).D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI
Very Short e-Quotation No. 02/2024-25 (2nd Call)
P.R. No. 341255 (Drinking Water & Sanitation) 24-25 (D)
Rates through e-Quotation has been invited for the items/materials uploaded in https://jharkhandtenders.gov.in for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed departmental registered contractors having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to items/ materials with specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supplying, installation, commissioning & testing of 11 KVA HT Aluminum armored cable and other allied materials are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 06.01.2025 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 07.01.2025 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.
Address for Communication
Office of the Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Urban Division, Ranchi,
H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia,
Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com
Executive Engineer,
D.W& S. Mechanical Urban Division,
Ranchi
PR 343286 Drinking Water and Sanitation(24-25)D


# स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार की मौत, एक घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** गोमो-हरिना मार्ग पर हरिहरपुर थाना क्षेत्र के आजाद नगर के समीप मंगलवार की अहले सुबह स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार मधुबन निवासी विकास कुमार महतो की मौत हो गई। जबकि उसका भतीजा अभिषेक कुमार महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार, दोनों चाचा-भतीजा बाइक पर सवार होकर मधुवन से पारसनाथ जा रहे थे। गोमो के आजाद नगर के समीप तेज गति से आ रही स्कार्पियो दूसरी साइड में जाकर बाइक को धक्का मारते हुए निकल गई। हादसे में बाइक पर सवार चाचा विकास कुमार महतो के सिर में गहरी चोट लगी और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, उसका अभिषेक महतो गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड जुट गई। सूचना पर हरिहरपुर थाना प्रभारी गिरधर गोपाल दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस से दोनों को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने विकास कुमार महतो को मृत घोषित कर दिया. जानकारी मिलते ही परिजन दौड़े-भागे घटनास्थल पर पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें समझाकर अस्पताल भेजा।

## बाइक से गड्ढे में गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**कोडरमा :** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत देवीपुर पंचायत के ग्राम कर्मागढ़ा में शराब के नशे में एक व्यक्ति की बाइक से गड्ढे में गिर जाने से मौत हो गई। मृतक की पहचान केदार सिंह (42 ) के रूप में की गयी है ।बताया जा रहा है कि मृतक केदार सिंह अपनी बाइक से घर की ओर जा रहा था, जो कर्मागढ़ा में ही आम बागवानी के बांस के घेराबंदी से टकराकर सड़क के किनारे गढ़े में गिर गया। ठंड में रात भर बाहर रह गया जिससे उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह टहलते ग्रामीणों ने देखा तो इसकी जानकारी परिजनों को दी।

# एसडीओ ने तिलैया डैम व अन्य पिकनिक स्थलों का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** नव वर्ष, 2025 के अवसर पर जिला के विभिन्न पर्यटन, पिकनिक स्थल, पार्क, जल प्रपात, डैम के इर्द-गिर्द काफी भीड़ इकट्ठा होने की संभावना बनी रहती है। उक्त के आलोक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा द्वारा पिकनिक, पर्यटन स्थलों पर किसी आपात एवं अप्रिय घटना घटित न हो, इस निमित कोडरमा जिला अन्तर्गत तिलैया डैम, वृन्दाहा जल प्रपात, पैट्रो जल प्रपात, पंचखेरो जलाशय, ध्वजाधारी आश्रम सहित अन्य पर्यटन, पिकनिक स्थलों पर विशेष निगरानी, सतर्कता बरतने को निर्देश दिये गये। आज अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने पर्यटन स्थल तिलैया डैम और विभिन्न पिकनिक स्थलों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारी को विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पिकनिक क्षेत्रों में सतत निगरानी रखना सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर अंचलाधिकारी चंदवारा मौजूद रहे।


राँची समाहरणालय, राँची
(जिला भू–अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in, dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com
ग्राम सभा
उप मुख्य अभियंता (निर्माण) द०पू० रेलवे, राँची द्वारा Link Line Between Lodhma/Piska By Passing Hatia/Ranchi परियोजना अन्तर्गत किये जा रहे भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन प्राप्त किया जाना है। उक्त के आलोक में मुआवजा भुगतान करने के लिए आवेदन प्राप्त करने हेतु ग्रामसभा का आयोजन दिनांक–04.01.2025 को अपराह्न 12.30 बजे पंचायत भवन, कुदलौंग के सभागर कक्ष में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| दिनांक | समय | संबंधित मौजा का नाम | ग्राम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 04/01/2025 | 12.30 अपराह्न | कुदलौंग | पंचायत भवन, कुदलौंग |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान/डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी
राँची
PR 343346 Land Reforms(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
mail-rdsdgumla123@gmail.com
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/23/2024-25
1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिलान्तर्गत घाघरा प्रखण्ड के ग्राम–पुटा पंचायत– बिमरला में पुटा मोड से रकेबाम के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य | 90,31,500.00 | 1,80,700.00 | 10,000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –06.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.01.2025 से दिनांक 13.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आमकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला
PR 343317 (Rural Development)24-25*D


# उर्दू विद्यालयों की छुट्टी में कटौती समानता के अधिकार का उल्लंघन : एस अली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरकारी विद्यालयों के लिए जारी अवकाश तालिका 2025 में सुधार अथवा उर्दू विद्यालयों के लिए अलग से अवकाश तालिका जारी करने की मांग को लेकर झारखंड छात्र संघ ने मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा है। सीएम के अलावा शिक्षा मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री, मंत्री उच्च शिक्षा, शिक्षा सचिव और निदेशक प्राथमिक शिक्षा के नाम भी मांग पत्र दिया गया है। छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने बताया कि शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों की अवकाश तालिका जारी की है। जिसमें कुल अवकाश 60 है, किंतु उर्दू विद्यालयो के लिए 53 ही अवकाश रखे गये है।



**अवकाश तालिका में मुहर्रम, शबे बरात, प्रथम रमजान की छुट्टी का उल्लेख नहीं**

त्योहारों की छुट्टी में काफी त्रुटि और भिन्नता है। अवकाश तालिका में मुहर्रम, शबे बरात, प्रथम रमजान की छुट्टी का उल्लेख ही नहीं है। वहीं ईद और बकरीद जैसे महत्वपूर्ण त्योहार की छुट्टी मात्र एक दिन दी गयी है, जबकि सामान्य विद्यालयों में पर्व/ त्योहारों की अधिक दिन छुट्टी रखी गयी है। कई ऐसे त्योहार हैं जो शुक्रवार को पड़ रहे हैं, उसे भी छुट्टी में जोड़ दिया गया, जबकि रविवार को पड़ने वाले त्योहारों को छुट्टी से अलग रखा गया है। शिक्षा विभाग की नीति के कारण उर्दू स्कूलों में कुल छुट्टी 60 की जगह 53 दी गयी है, जो समानता के अधिकार का उल्लंघन और नियम विरुद्ध है।

**अवकाश तालिका में संशोधन कर मुस्लिम समुदाय के त्यौहारों की छुट्टी बढ़ाई जाये**

एस अली ने सरकार व संबंधित अधिकारियों से मांग की कि वर्ष 2025 के लिए जारी अवकाश तालिका में संशोधन कर मुस्लिम समुदाय के त्योहारों की छुट्टी बढ़ाई जाये या फिर अलग से उर्दू के लिए अवकाश तालिका जारी की जाये। पूर्व में जिलों द्वारा सामान्य एवं उर्दू विद्यालय के लिए अवकाश तालिका अलग अलग जारी की जाती थी, ताकि उर्दू स्कूलों में पढ़ने वाले मुस्लिम बच्चे भी अपने त्यौहार की खुशियां मना सके।


कार्यालय, जिला परिषद, राँची
(अभियंत्रण शाखा)
अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना
संख्या –25/2024–2025
1. निविदादाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद राँची। जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 09.01.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 10.01.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 10.01.2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, राँची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | अनगड़ा | हेसातु | बनपुर | ईद कब्र टोली में सामुदायिक भवन के पास महावीर महतो के घर तक 200 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 2,62,000.00 | 24,000.00 | 2500.00 | तीन माह |
| 02 | ओरमांझी | गेतलसूद | गेतलसूद | कुली काला रोड से पुजु का बकरी शेड तक 130 फीट पथ निर्माण कार्य | 2,42,000.00 | | | |
| 03 | तमाड़ | परासी | परासी | आँगनबाड़ी केन्द्र ग्राम पंचायत–परासी का जीर्णोद्धार कार्य। | 6,93,200.00 | | | |
| | | | | कुल | 11,97,200.00 | | | |

नोट: 1. निविदा की अन्य शर्तें जिला परिषद, कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में जिला परिषद, राँची अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।
जिला अभियंता
जिला परिषद राँची
PR 343276 Panchayati Raj(24-25)#D

# नववर्ष है कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का


ललित गर्ग

**नए साल की शुरूआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।**

नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषणा में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। 'आज', 'अभी', 'इसी क्षण' को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये।

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किंपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है-'पूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते।' पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, 'मैंने आंधियों अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना।' नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि 'अभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है।' मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।




जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में संकल्प एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर बार संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निमार्ता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है।

दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे से जीवन को धुंधलाना नहीं हैं, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है।

आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नहीं, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होने है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं- पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सदुपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये।

नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है। ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुके, सोचे, हौसल्लों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरूआत करें। जान ले कि आप अकेले नहीं है और वह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है।

जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि वे हमारे विकास को रोकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं, ताकि और अधिक समझदारी से जीवन में आगे बढ़ सकें और जीत को गले लगा सके। प्रयास यही रहे कि हमारे विकास में यह रुकावट न डाल पाए। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहने एवं नये वर्ष का स्वागत करने की यह चौखट कल्पना, ईमानदारी और आत्ममंथन की मांग करती है, जिससे हम अपने जीवन के फैसलों को और अधिक सटीक और तर्कसंगत बना सकते हैं। नए साल की शुरूआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।

## संपादकीय

### शाब्दिक शोषण

पॉस्को मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक आरोपी को यह कहते हुए बरी कर दिया कि पीड़िता स्वेच्छा से उसके साथ गई थी। नाबालिग पीड़िता ने शारीरिक संबंध शब्द का इस्तेमाल किया है। पीठ का कहना है जिसका अर्थ अपने आप से यौन उत्पीड़न नहीं निकाला जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि निचली अदालत ने कैसे यह निष्कर्ष निकाला कि कोई यौन उत्पीड़न हुआ था। शारीरिक संबंधों से लेकर यौन उत्पीड़न व संभोग तक की बात को साक्ष्य के माध्यम से साबित किया जाना चाहिए। केवल आशंकाओं के आधार पर नतीजा नहीं निकाला जाना चाहिए। अदालत ने कहा केवल इस तथ्य से की पीड़िता की उम्र अठ्ठारह से कम है। इस निष्कर्ष पर नहीं पहुचा जा सकता कि संभोग हुआ था। मामले में नाबालिग की मां ने मार्च 2017 में शिकायत दर्ज कराई थी कि बेटी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया। बाद में पीड़िता आरोपी के साथ फरीदाबाद में मिली थी। पॉस्को एक्ट के तहत अगर बच्ची नाबालिग है तो सहमति मायने नहीं रखती, लेकिन शारीरिक संबंध शब्द को यौन संभोग तो दूर यौन उत्पीड़न में भी नहीं बदला जा सकता। पॉस्को एक्ट 2012 में लागू हुआ, जिसमें 18 साल से कम उम्र वाले नाबालिगों को यौन उत्पीड़न, शोषण व पोर्नोग्राफी के खिलाफ कड़ी सजा के प्रावधान हैं। बावजूद इसके देश में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा लगातार बढ़रही जा रही है। नाबालिग बच्चियों के साथ ही छोटे लड़कों का भी यौन शोषण किया जा रहा है। मगर यह भी सच है कि यौन उत्पीड़न तथा संभोग में पर्याप्त अंतर है, जैसा कि अदलात का तात्पर्य है। कई दफा लड़कियां सब सोचतेझसमझते हुए विपरीतलिंगी वयस्क के साथ शारीरिक संबंधों को राजी हो जाती हैं। बाद में पालकों के जेहनी दबाव में या भावनात्मक तौर पर बरगलाये जाने पर दोष मढ़ने को मजबूर की जाती हैं। हालांकि अब उक्त पीड़ित बालिग हो चुकी है, इसलिए उसका बयान तथा काउंसलिंग के माध्यम से सत्य जाना जा सकता है। यह कहना मुश्किल है कि दैहिक संबंध और संभोग के शाब्दिक अर्थ को लेकर पीड़ित कितनी सुनिश्चित है। इस तरह के संवेदनशील मसलों में शब्दों की बाजाए भाव, मेड़िकल रिपोर्ट व तत्कालीन हालात की अनदेखी नहीं जानी चाहिए। मामला पुलिस/अदालत तक जाने का अर्थ है, बच्ची मानसिक तनाव में लंबे अरसे तक रही। खासकर किशोरावस्था में अनजाने या भावावेश में बनाए गए इन संबंधों को लेकर पीड़िता में आत्मग्लानि भी नहीं रह जानी चाहिए।



## चिंतन-मनन

### भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है।

वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विघ्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते।

किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

# वैश्विक परिवार दिवसः विश्व बंधुत्व की भावना से ही बनेगा वैश्विक परिवार


रमेश सर्राफ धमोरा

महात्मा गांधी का एक प्रसिद्ध भजन है वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे। दूसरों की पीड़ा समझने वाला ईश्वर के समान होता है। गांधी जी के इस भजन की पंक्तियों को भारत सही अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। भारत हमेशा से ही विश्व बंधुत्व की भावना के सिद्धांत को अपनाकर उसी मार्ग पर चलाता आ रहा है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जो हमेशा से ही सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करता रहा है।

दुनिया के किसी भी देश में कैसा भी संकट आया हो भारत उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा नजर आता है। इसी को कहते हैं विश्व बंधुत्व की भावना। वैश्विक परिवार दिवस यदि दुनिया का कोई देश सही मायने में मनाता है तो वह भारत ही हैं। भारत में आज भी अतिथि देवो भव की भावना जिंदा है। यहां के लोग स्वयं भूखे रहकर अतिथियों को भोजन करवाना अपना परम धर्म समझते रहे हैं। वैश्विक परिवार का अर्थ है वसुधैव कुटुम्बकम इसका मूल सिद्धांत यह है कि संपूर्ण मानवता एक परिवार है। इस विचारधारा के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसी भी राष्ट्र, जाति, या धर्म से हो, एक ही व्यापक परिवार का हिस्सा है। इस सिद्धांत के अनुसार, विश्व में सभी का समान महत्व है और हर किसी को समान सम्मान मिलना चाहिए।

दुनिया भर में लोग नए साल की पहली सुबह का आनंद उठाते हैं। लोग अपने दोस्तों, परिवार और करीबी लोगों के इस खास दिन का जश्न मनाते हैं। नए साल के साथ ही साल के पहले दिन यानी एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। हर साल एक जनवरी को मनाए जाने वाले इस दिवस के जरिए परिवारों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों में एकता, समुदाय और भाईचारे की भावना पैदा करता है। दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एक परिवार का निर्माण हो। ताकि विश्व में शांति की स्थापना होने के साथ ही हिंसा भी कम की जा सकें।

जब पूरी दुनिया नए साल का जश्न मनाती है। उसी दिन पूरे विश्व में वैश्विक परिवार दिवस मनाया जाता है। ताकि विश्व में रहने वाले सभी लोग एक परिवार की तरह रहें। इस तरह विश्व के सभी राष्ट्रों और समुदाय में भाईचारे की भावना पैदा हो सके। वैश्विक परिवार दिवस जिसे विश्व शांति दिवस के रूप में भी जाना जाता है। दुनिया में सद्भाव और एकता की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए हर साल मनाया जाता है।यह दुनिया के एक वैश्विक गांव के विचार पर जोर देता है। जिसमें नागरिकता, सीमा या नस्ल की परवाह किए बिना हम सभी एक परिवार हैं। एक खुशहाल परिवार वह परिवार नहीं है जिसमें हर कोई एक दूसरे के जैसा सोचता, काम करता, महसूस करता या व्यवहार करता हो। एक खुशहाल परिवार की एक पहचान यह है कि पूरा परिवार एक दूसरे को वैसे ही स्वीकार करता हैं।

यह दिन पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। वैश्विक परिवार दिवस को शांति और साझाकरण के वैश्विक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य बहुसंस्कृतिवाद, बहुलवाद को बढ़ावा देना और शांति और सद्भाव के साथ एक-दूसरे के साथ रहना सिखाना है। यह दिन विश्व के एक वैश्विक परिवार होने के विचार को बढ़ावा देता है। इसका उद्देश्य एकजुट होना और इस विचार को बढ़ावा देकर शांति का संदेश फैलाना है कि पृथ्वी एक वैश्विक परिवार है। ताकि दुनिया को सभी के लिए रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाया जा सके।

वैश्विक परिवार दिवस की उत्पत्ति दो पुस्तकों में हुई थी। पहली 1996 में अमेरिकी लेखकों स्टीव डायमंड और रॉबर्ट एलन सिल्वरस्टीन द्वारा लिखित वन डे इन पीस 1 जनवरी 2000 नामक बच्चों की किताब थी। वहीं दूसरी किताब अमेरिकी शांति कार्यकर्ता और लेखक लिंडा ग्रोवर का 1998 का यूटोपियन उपन्यास ट्री आइलैंडरू ए नॉवेल फॉर द न्यू मिलेनियम थी। विशेष रूप से ग्रोवर ने 1 जनवरी को शांति के वैश्विक दिवस के रूप में स्थापित करने काफी अहम भूमिका निभाई थी। इन किताबों के विचारों के आधार पर ही 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 जनवरी को शांति का एक दिन मनाने की घोषणा की।

बाद में 1999 में संयुक्त राष्ट्र और इसके सदस्य देशों ने पहली बार वैश्विक परिवार दिवस मनाया गया। इस दिवस की सफलता को देखते हुए साल 2001 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को एक वार्षिक कार्यक्रम के रूप में स्थापित किया। इसके बाद से हर साल एक जनवरी को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। नए साल की शुरूआत के साथ ही इस दिन को मनाने का मकसद एक ऐसे समाज की स्थापना करने का प्रयास है जहां सिर्फ शांति हो।

हालांकि यह एक नई शांतिपूर्ण दुनिया की शुरूआत थी और 1999 में सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को शांति निर्माण की दिशा में रणनीति विकसित करने के लिए उस विशेष वर्ष के पहले दिन को औपचारिक रूप से समर्पित करने का निमंत्रण मिला। इस दिन के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए 2001 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक परिवार दिवस को एक वार्षिक कार्यक्रम घोषित किया गया। पहला वैश्विक परिवार दिवस पहली बार वर्ष 2000 में एक जनवरी को देखा गया था। तब से हर साल नए साल के पहले दिन को वैश्विक परिवार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

नए साल के आगाज साथ ही वैश्विक परिवार दिवस भी मनाया जाता है। वैश्विक परिवार दिवस को हर साल एक जनवरी को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सभी देशों, धर्मों के बीच शांति की स्थापना करते हुए युद्ध और अहिंसा को टालना है। साथ ही यह भी कोशिश है कि आपसी मतभेदों को बात-चीत के जरिए से निपटाया जाए और एक शांतिपूर्ण समाज की स्थापना की जा सके। इस दिन के लिए परिवार को काफी अहम माना गया है। क्योंकि परिवार के जरिए ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

वैश्विक परिवार दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका अपने परिवार के साथ दिन बिताना है। इस दिन लोग एक साथ रात्रिभोज की योजना बनाते हैं और अन्य पारिवारिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं जो उनके बंधन को मजबूत करते हैं और शांति को बढ़ावा देते हैं। परिवार के साथ मनोरंजक गतिविधियों में एक साथ शिविर लगाना या एक साथ खाना बनाना, पिकनिक पर जाना, ट्रेक और बहुत कुछ शामिल हो सकता है। इस दिन को समुदाय के हिस्से के रूप में मनाने के लिए आप उन संगठनों के लिए स्वयंसेवक बन सकते हैं जो समुदाय का निर्माण करते हैं, हिंसा को कम करते हैं और अपने परिवार के साथ सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। आप वैश्विक शांति की दिशा में प्रयासों के बारे में कोई भी फिल्म देख सकते हैं।

आज पूरी दुनिया में युद्ध का वातावरण बना हुआ है। कई देशों में युद्ध छिड़ा हुआ है तो कई देश युद्ध के मुहाने पर खड़े हुए हैं। तीसरे विश्व युद्ध की आशंका व्यक्त की जा रही है। लोग एक दूसरे के दुश्मन बनते जा रहे हैं। जरा जरा सी बात पर लड़ाई झगड़ा होने लगता है। ऐसे में वैश्विक परिवार दिवस हमारे लिए आशा की एक नई किरण लेकर आता है। इस दिवस से हमें पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में बनाने की प्रेरणा मिलती है। यदि हम वैश्विक परिवार दिवस की अवधारणा के अनुरूप एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना अपना कर काम करे तो दुनिया शांति के पथ पर चलने लगेगी और सही मायने में इस दिवस की सार्थकता भी सिद्ध हो सकेगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

# बीपीएससीः छात्रों के आक्रोश को समझना जरूरी


नृपेन्द्र अभिषेक नृप

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक 70वीं (पीटी) परीक्षा को लेकर बिहार में बड़े पैमाने पर छात्रों का आक्रोश उभर कर सामने आया है। इस परीक्षा को लेकर विवाद तब शुरू हुआ जब 13 दिसम्बर को आयोजित परीक्षा में व्यापक गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आई। परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्रों के लीक होने और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के आरोपों ने इस पूरी प्रक्रिया को कठघरे में खड़ा कर दिया। इसके बाद आयोग ने विवादित परीक्षा को रद्द करने के बजाय 4 जनवरी को परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया। इस फैसले ने पहले से ही असंतुष्ट छात्रों के आक्रोश को और भड़का दिया।

छात्रों का कहना है कि एक ही परीक्षा को अलग-अलग तारीखों पर आयोजित करना पूरी तरह से अनुचित है। इससे परीक्षा की निष्पक्षता और वैधता पर सवाल खड़े होते हैं। आयोग के इस निर्णय ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हजारों छात्रों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। छात्रों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन का सहारा लिया, लेकिन उनकी आवाज को प्रशासन ने बर्बरतापूर्वक दबाने की कोशिश की। पटना में आयोग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें 40 से अधिक छात्र घायल हुए और आठ को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इनमें महिलाएं भी शामिल थीं। 13 दिसम्बर को आयोजित परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को लेकर छात्रों का गुस्सा जायज है। परीक्षा के दौरान कई परीक्षा केंद्रों पर पेपर लीक होने की खबरें आई, लेकिन आयोग ने इन शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। इसके बजाय, उसने परीक्षा को दोबारा आयोजित करने का फैसला लिया। छात्रों का कहना है कि 4 जनवरी को होने वाली परीक्षा में प्रश्नों का स्तर अलग हो सकता है, जिससे पहले परीक्षा में शामिल छात्रों के साथ अन्याय होगा। सवाल यह भी उठता है कि आयोग ने परीक्षा को रद्द किए बिना नये सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्णय क्यों लिया। यह फैसला आयोग की कार्यप्रणाली और परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। छात्रों का तर्क है कि यदि एक ही परीक्षा के लिए दो बार अलग-अलग प्रश्नपत्र बनाए जाएंगे, तो मेरिट सूची तैयार करने में भेदभाव की संभावना बढ़ जाएगी। परीक्षा का कठिनाई स्तर अलग-अलग होने से परिणाम भी असमान होंगे। यह एक ऐसा मुद्दा है जो न केवल परीक्षा में शामिल छात्रों के भविष्य को प्रभावित करेगा, बल्कि आयोग की साख और उसकी कार्यप्रणाली पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। इस पूरे प्रकरण में सबसे ज्यादा चिंता का विषय यह है कि सरकार और आयोग ने अब तक छात्रों की शिकायतों पर कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं दी है। छात्रों का कहना है कि वे न्याय के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन उनकी बातों को सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग किया जा रहा है। पटना में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने छात्रों पर लाठियां बरसाई, उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। यह कार्रवाई न केवल छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, बल्कि यह सरकार और प्रशासन की तानाशाही प्रवृत्ति को भी उजागर करता है। पुलिस की बर्बरता ने छात्रों के आंदोलन को और तेज कर दिया है। अब यह आंदोलन केवल परीक्षा को लेकर नहीं रह गया है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और न्याय की मांग के लिए एक व्यापक संघर्ष बन चुका है। छात्रों का कहना है कि वे अपने हक के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। कई छात्रों ने सोशल मीडिया पर अपनी आवाज बुलंद की है और इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने की मांग की है। यह मामला केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं है। यह पूरे देश में शिक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर करता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव लंबे समय से एक गंभीर समस्या रहा है। परीक्षा प्रक्रियाओं में गड़बड़ी और प्रशासन की उदासीनता ने हजारों छात्रों के भविष्य को दांव पर लगा दिया है। बीपीएससी का यह विवाद इस समस्या का ताजा उदाहरण है।

छात्रों का यह भी कहना है कि 13 दिसम्बर को हुई परीक्षा में लगभग 12,000 उम्मीदवार शामिल हुए थे। ऐसे में यदि 4 जनवरी को पुनः परीक्षा आयोजित की जाती है, तो यह परिणाम को प्रभावित करेगा। छात्रों का सवाल है कि क्या आयोग इस बात की गारंटी दे सकता है कि नई परीक्षा में सभी को समान अवसर मिलेगा? यदि नई परीक्षा में प्रश्न आसान हुए, तो यह 13 दिसम्बर की परीक्षा में शामिल छात्रों के साथ अन्याय होगा। सरकार को समझना चाहिए कि छात्रों का आंदोलन उनके भविष्य को लेकर नहीं है। यह ऐसी प्रणाली के खिलाफ आवाज उठाने का प्रयास है, जो अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय उन्हें छिपाने की कोशिश करती है। अगर इस समस्या का समाधान जल्द नहीं निकाला गया, तो आंदोलन और बड़ा रूप ले सकता है। छात्रों का यह आंदोलन न्याय और पारदर्शिता के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम है। यह संघर्ष साबित करता है कि देश के युवा अपने अधिकारों के लिए खड़े होने से नहीं हिचकते। अब यह सरकार और आयोग पर निर्भर करता है कि वे इस मुददे को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

एक नजर

## गिरिडीह में चार साइबर अपराधी गिरफ्तार



**गिरिडीह :** साईबर क्राइम थाना पुलिस ने जिले के गाण्डेय थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव से सटे जंगल में साईबर अपराध को अंजाम दे रहे चार सार्डबर अपधाधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाईल सेट और 20 सिमकार्ड जब्त किया है। मंगलवार को साइबर क्राइम डीएसपी आविद खान ने संवाददाता सम्मेलन कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर मोहनपुर जंगल में छापेमारी कर साइबर अपराध में शामिल अफजल अंसारी, मनीर अंसारी, युसूफ अंसारी और मो सलीम को गिरफ्तार किया गया। सभी अपराधी गाण्डेय थाना के रहने थाले थे। उन्होंने बताया कि चारों गिरफ्तार साइबर अपराधी गुगल पर कूरियर सर्विस देने, केवाईसी अपडेट करने सहित ठगी के अन्य तरीको के जरिये लोगों को ठगते थे। छापेमारी में थाना प्रभारी अजय कुमार, पुनित गोतम, गुंजन कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## नये वर्ष में खूंटी के लोगों को मिल सकती है बाइपास सड़क की सौगात


**खूंटी :** खूंटी शहर वासियों नये वर्ष में बाइपास सड़क की सौगात मिल सकती है। सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण संबंधी अधिसूचना जारी किये जाने के बाद सड़क मिर्नाण की उम्मीद बढ़ गई है कि अब वर्षों पुरानी उनकी मांग अब पूरी होनेवाली है। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री और खूंटी के पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा के प्रयास से बाइपास सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने 10 मार्च 2024 को किया था, लेकिन लोकसभा और बाद में विधानसभा चुनाव के कारण बाइपास सड़क निर्माण कार्य की प्रगति रुक गई थी। अब जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर रैयतों की बैठक आयोजित करने संबंधी अधिसूचना जारी किये जाने के बाद लोगों को उम्मीद है कि इस कार्य में तेजी आयेगी। रैयतों की बैठक छह से 27 जनवरी तक अलग-अलग गांवों में आयोजित की जाएगी। बाइपास सड़क के निर्माण के लिए खूंटी जिले के डुंगरा, कालामाटी, फुंदी, जियारप्पा, कानाडीह, हुटार, बिरहू, जमुआदाग, एरेंडा, बगडू, सौसोटोली, बेलवादाग, कुंजला डुलुवा, इट्टे, पोकला और कुंदी बरटोली गांव के रैयतों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। खूंटी और मुरहू प्रखंड के 17 गांवों से होकर बाइपास सड़क गुजरेगी।

## खूंटी जिला प्रशासन ने की गैस एजेंसियों की जांच

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर और मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, रांची एलपीजी क्षेत्रीय कार्यालय, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के अनुरोध पत्र के आधार पर जिले में विभिन्न एलपीजी गैस एजेंसियों की जांच के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया। इस दल में मुख्य रूप से कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी और कृषि उत्पादन बाजार समिति को रखा गया। जांच दल के जरिये मंगलवार को मुरहू प्रखंड के अंतर्गत जय नारायण भारत गैस ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी की जांच की गई। इस दौरान एजेंसी के कार्यों और उपयोग की वैधता की विस्तृत समीक्षा की गई। जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य 14.2 किलो घरेलू एलपीजी सिलेंडर के स्थानांतरण और अवैध उपयोग को रोकना है। अधिकारियों ने बताया कि निकट भविष्य में जिले के अन्य प्रखंडों में स्थित गैस एजेंसियों, बाजारों की विभिन्न दुकानों, होटलों और रेस्टोरेंट्स की भी जांच की जाएगी।

# पलामू में 1368 अपराधी और 29 नक्सली गिरफ्तार : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** पलामू पुलिस के लिए साल 2024 उपलब्धियों से भरा रहा। इस वर्ष जिले में शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा और लोकसभा का चुनाव भी संपन्न कराया गया। नशा तस्करों के खिलाफ भी पुलिस का अभियान तेज रहा। अभी भी पुलिस पोस्ता की खेती नष्ट करने के लिए कार्रवाई कर रही है। 47 देसी, तीन ऑटोमेटिक हथियार और 1132 गोलियां बरामद की गयी। 11.33 किलो अफीम और 64 किलो से भी अधिक गांजा भी जब्त किये हैं। 2024 में पुलिस ने 100 एकड़ से अधिक जमीन पर लगी पोस्ता की खेती को भी नष्ट की है। 29 अपराधियों के खिलाफ सीसीए लगा, जबकि 26 अपराधियों को गुंडा घोषित किया गया है। 33 फरार अपराधियों के खिलाफ पुरुस्कार की राशि भी घोषित की गई है। 3381 मामले फिर पलामू में दर्ज हुए तो वहीं पलामू पुलिस ने 2853 मामलों में अनुसंधान पूरा कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने 3630 वारंट का निष्पादन किया है। वहीं, 83 कुर्की और 355 स्थाई वारंट की भी कार्रवाई हुई है। मंगलवार को जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने एक साल का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए अपनी उपलब्धियां बतायी। उन्होंने कहा कि साल 2024 पलामू पुलिस के लिए बेहतर रहा। इस वर्ष 37 अपराधियों को जहां सजा दिलायी गयी, वहीं 1368 अपराधी और 10 लाख के इनामी माओवादी सीता राम रजवार सहित 29 नक्सली गिरफ्तार किए गए। एसपी ने बताया कि सात नशा तस्करों को जहां सजा दिलवायी गयी है, वहीं 21 हत्या के अभियुक्तों को सजा हुई है। पॉक्सो के चार, रंगदारी के एक, लूट के दो, आर्म्स एक्ट के दो अपराधियों को सजा मिली है। पलामू जिले में पहली बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सीआरपीएफ का इस्तेमाल नहीं किया गया। पिछले तीन दशक के दौरान यह पहली बार हुआ। चुनाव हिंसामुक्त हुआ और किसी बूथ पर रिपोलिंग नहीं हुई। दोनों चुनाव कुछ महीने के अंतराल पर हुए थे।

## एसडीपीओ ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पिकनिक स्पॉट का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** नए साल के आगमन के खुशी में बड़कागांव प्रखंड में प्राकृतिक सुंदरता वाले दर्जनों पिकनिक स्थलों में नए साल के शुभ अवसर पर पिकनिक करने वालों की भीड़ उमड़ेगी। विधि व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने एवं शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखने के लिए के लिए बड़कागांव पुलिस ने कमर कस ली है। 31 दिसंबर को बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार अपने सशस्त्र बल के साथ प्रखंड के बुढ़वा महादेव, डुमरो, बरसो पानी, गट्टीकोचा झरना, मुरली पहाड़, इसको गुफा, राजदहा, होरम मोहडर सहित पिकनिक स्पॉट पर पहुंचकर भौगोलिक स्थिति का जायजा एवं निरीक्षण किया। इस संबंध में एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि सभी पिकनिक स्पॉट पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आप सभी नव वर्ष का स्वागत शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ करें। आपके अगल-बगल में कोई भी शरारती तत्व हुड़दंगी करते हुए दिखे तो फौरन पुलिस को सूचना दें। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार ,थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल सहित कई लोग उपस्थित थे।

## भांजे की हत्या करने वाले मामा की मौत, 40 दिन से बंद था सेंट्रल जेल में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में हत्या के आरोप में बंद एक विचाराधीन कैदी की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। खांसी के संक्रमण के कारण पहले उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे सोमवार को रिम्स रेफर किया गया था। इलाज के दौरान सोमवार रात मौत हो गई। मंगलवार को रिम्स में शव का पोस्टमार्टम किया गया और परिजनों को सौंप दिया गया है। कैदी की पहचान लाला सिंह (25) के रुप में हुई है। वह विश्रामपुर के घासीदाग निवासी था। 23 नवंबर से सेंट्रल जेल में बंद था। टीवी क्रॉनिक बीमारी से पीड़ित था। 20 दिसंबर को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए 30 दिसंबर को रांची रिम्स रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। जेल सुपरिटेंडेंट भागीरथ कर्जी के मुताबिक लाला सिंह को क्रोनिक टीबी की बीमारी थी। तबीयत बिगड़ने पर 20 सितंबर को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां नौ दिन इलाज के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स रेफर कर दिया। सोमवार को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था। वहीं उसकी मौत हो गई। लाला सिंह ने अपने 12 वर्षीय भांजे अजय सिंह की से हत्या कर दी थी। भांजे को मारने के बाद बोरा में बंद कर घर के पीछे केले के पौधे के नीचे दबा दिया था। हत्या के पांच दिन बाद 20 नवंबर को जब शव से दुर्गंध आने लगी तब हत्या की जानकारी हुई। लाला सिंह का भांजा वहीं रहता था। लाला सिंह को लगता था कि भांजे को भी जायदाद में से हिस्सा देना होगा। इसे लेकर बहन से भी उसका विवाद होता था। इसी विवाद में उसने भांजे को मार दिया था। हत्या का राज खुला तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## न्यू ईयर सेलिब्रेशन के अवसर पर रजरप्पा व पतरातू में तैनात हुए अतिरिक्त जवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** न्यू ईयर का सेलिब्रेशन शुरू हो गया है। रामगढ़ जिले के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ लगने लगी है। 31 दिसंबर से ही पिकनिक मनाने वालों का हुजूम लगने लगा है। पिकनिक के माहौल में कोई खलल ना पड़े इसके लिए रामगढ़ पुलिस ने सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए हैं। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने पतरातू और रजरप्पा क्षेत्र में पर्यटकों और पिकनिक मनाने वालों की सुरक्षा के लिए पहले से ही योजना बना रखी है। एसपी ने पतरातू थाने को 20 जवान और पदाधिकारी मुहैया कराए हैं, ताकि चप्पे चप्पे पर पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। रजरप्पा मंदिर में लगने वाली भीड़ के अलावा दामोदर नदी तट पर पिकनिक मनाने वालों की भी कमी नहीं है। वहां भी पुलिस जवान की मौजूदगी रहे, इसलिए रजरप्पा थाने को 30 जवान और तीन पुलिस पदाधिकारी मुहैया कराए गए हैं। एसपी ने मंगलवार को बताया कि न्यू ईयर के सेलिब्रेशन में लोग होश में रहे, नशे में गाड़ी ना चलाएं और ना ही किसी दूसरे को कष्ट पहुंचाएं। पतरातू का पिठौरिया घाटी और पतरातु डैम पर्यटकों से भरा रहता है। वहां गाड़ियों की कतार से जाम की भी स्थिति बन जाती है। ऐसी स्थिति में रांची पुलिस से भी संपर्क स्थापित कर एक सामंजस्य बनाया गया है, ताकि पिठौरिया घाटी को जाम होने से बचाया जा सके। साथ ही पर्यटक इस नए साल का आनंद भी उठा सकें। फोटो खिंचवाने के लिए पिठौरिया घाटी में वैली व्यू प्वाइंट पर काफी भीड़ होती है। इसके अलावा पतरातू डैम में बोटिंग करने के लिए और मेले का आनंद लेने के लिए लोग जुटते हैं। उन सभी स्थानों पर पुलिस मौजूद रहेगी। रजरप्पा और पतरातू दोनों स्थानों पर हेल्प डेस्क बनाया गया है। पुलिस वहां मौजूद रहेगी। पर्यटकों को अगर कोई परेशानी होती है तो हेल्प डेस्क से सहायता ले सकते हैं।

## गुमला में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले के रायडीह थाना क्षेत्र में बीते 28 दिसंबर तीन युवकों ने नाबालिग छात्रा को अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीनों ने पुलिस की पूछताछ में घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुप बेक (19 वर्षीय), उसका बड़ा भाई अनिल बेक (20 वर्षीय) और रोबिन लकड़ा (22 वर्षीय) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नाबालिग छात्रा 28 दिसंबर को अपनी एक सहेली के साथ किताम बाजार गयी थी। वहां से घर लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले एक जंगल के समीप अनूप ने दोनों सहेलियों को पकड़ लिया। लेकिन उसमें से एक वहां से बचकर भाग निकली। फिर डर से उसने किसी को इस बारे में नहीं बताया। वहीं दूसरी बच्ची को अनूप अपने साथ जंगल की ओर ले गया। उसने अपने बड़े भाई अनिल व दोस्त रोबिन को फोन कर बुलाया। इसके बाद तीनो ने मिलकर उसके साथ दरिंदगी की। पीड़िता देर रात रोते-रोते अपने घर पहुंची और अपने परिवार वालों को आपबीती सुनाई। 29 दिसंबर की देर शाम परिजनों ने थाना में घटना की जानकारी दी। अनुप बेक जब फोन कर दोनों युवकों को नाम लेकर बुलाया था। तो उसने सुना था। उसने दोनों युवकों के नाम बताये। जिसके आधार पर रायडीह पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही पीड़िता का मेडिकल कराकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

# नए साल पर अप्रिय घटना से निबटने के लिए लातेहार पुलिस तैयार : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार :** लातेहार जिला पुलिस नए साल पर पहली जनवरी को किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निबटने को लेकर पूरी तरह अलर्ट है। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने कहा कि नए साल पर जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी, ताकि पर्यटकों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।शराब पीकर चलने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।जिले के सभी चौक-चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने जिले वासियों से शांतिपूर्ण वातावरण में नए साल का जश्न मनाने की अपील की है। नये साल पर पहली जनवरी को पिकनिक स्थलों पर भीड़ जुटती है। कई युवक शराब के नशे में वाहन चलाते मिल जाते हैं। शराब पीकर वाहन चलाने से दुर्घटना की आंशका बढ़ जाती है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डीसी उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग की अगुवाई में लगतार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। डीटीओ सुरेंद्र कुमार खुद इसकी कमान संभाल रहे हैं। रविवार को डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकइयाटांड़ और सोमवार को मनिका व मंगलवार को लातेहार में दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान बगैर हेलमेट के बाइक-स्कूटी व बिना सीट बेल्ट के कार चलने वालों का चालान काटा गया।साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई और एल्कोहल की मात्रा पाये जाने पर उनका भी चालान काटा गया। पिछले दो दिनों में कुल 86 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 32 का ऑनलाइन चालान काटकर कुल 105500 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

संक्षिप्त खबरें

## पलामू में मिला हिमालयन उल्लू, वन विभाग ने किया रेस्क्यू



**पलामू :** जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत डंडार के मजदूर किसान कॉलेज में मंगलवार को हिमालयन उल्लू मिला। कॉलेज के शिक्षकों ने उल्लू को देखकर वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उल्लू का रेस्क्यू किया। उल्लू को पलामू टाइगर रिजर्व में सौंपने की जानकारी दी गई है। जिले में पहली बार हिमालयन उल्लू देखे जाने की जानकारी दी गयी है। मजदूर किसान कॉलेज में शिक्षकों ने दो उल्लू को उड़ते हुए देखा। अंजान पक्षी देखकर इसकी जानकारी वन विभाग के कर्मियों को दी। सूचना मिलने पर कुंदरी के वन क्षेत्र पदाधिकारी महेन्द्र प्रसाद एवं वनरक्षी दीनानाथ शर्मा मौके पर पहुंचे और कॉलेज के शिक्षकों के साथ मिलकर उल्लू का रेस्क्यू किया। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि उल्लू को पलामू टाइगर रिजर्व में सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहली बार इस तरह का उल्लू पलामू जिले में देखा है। स्थानीय और बाहरी उल्लू की शारीरिक बनावट अलग-अलग है। संभावना है कि दोनों उल्लू भटक कर आ गए होंगे। उनकी शारीरिक संरचना से पता चलता है कि दोनों ठंडे प्रदेश में पाए जाने वाले उल्लू हैं। हिमालयन उल्लू होने की पूरी संभावना है।

## सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास संभव : कुमार दीप एक्का




**खूंटी :** ग्रामीण विकास और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सहकारिता को सशक्त बनाने के लिए सहकार से समृद्धि की अवधारणा पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को खूंटी के सहायक निबंधक सहयोग समिति के अंचल कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन सहायक निबंधक कुमार दीप एक्का ने किया। उन्होंने सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समावेशी विकास संभव है। इस अवसर पर शिवानी, डीडीएम, नाबार्ड खूंटी, और एलेन एक्का, सीनियर मैनेजर, एनडीडीबी रांची ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। लैम्पस-पैक्स का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण, दुग्ध उत्पादक एवं मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का गठन, सहकारिता को व्यावसायिक मॉडल के रूप में विकसित करने की रणनीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सहकारिता की भूमिका सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में खूंटी अंचल के सभी लैम्पस अध्यक्ष, सचिव, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ डीडीसी ने जागरूकता रथ को किया गया रवाना



**खूंटी :** डायन प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग अंतर्गत जिला प्रशासन के जरिये विशेष जागरूकता रथ का शुभारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से इस जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आइटीडीए, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बताया गया कि यह जागरूकता रथ खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को डायन प्रथा जैसी अमानवीय प्रथाओं के खिलाफ जागरूक करेगा। इससे समाज में डायन प्रथा जैसे मामलों को जड़ से समाप्त किया जा सके। साथ ही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत किशोरियों को शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए दिए जाने वाले 40 हजार रुपए तक की आर्थिक लाभ की भी जानकारी आमजनों को देगा। इससे योग्य लाभुक जागरूक होकर योजना का लाभ ले सकेंगे।

## पूर्व सांसद ने की अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण

**हजारीबाग :** अंबेडकर चौक जिला बोर्ड के पास मंगलवार को पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि अंबेडकर के खिलाफ गृह मंत्री का दिया गया बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और हम इसकी निंदा करते हैं। साथ उन्होंने अमित शाह से इस्तीफा की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। मौके पर सीटू के गणेश कुमार ने कहा, ²हम अंबेडकर के आर्दश और उनके जरिये स्थापित संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। अमित शाह का बयान न केवल अंबेडकर का अपमान है बल्कि देश की न्याय व्यवस्था का भी अपमान है। सहायक सचिव निजाम अंसारी ने कहा कि अंबेडकर ने जिस संविधान की नींव रखी, उसे बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। कार्यक्रम के दौरान सहायक सचिव निजाम अंसारी, अनवर हुसैन, ईश्वर मेहता, महेंद्र मुखिया, शौकत अनवर, और समीम खान मौजूद थे। दर्जनों कार्यकताओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस विरोध को अपना समर्थन दिया। विरोध स्थल पर उपस्थित नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## नववर्ष में सकारात्मक सोच के साथ सपनों को दें नई उड़ान : सकलदीप

**खूंटी :** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में मंगलवार को संकल्प दिवस मनाया गया। मौके पर कोचिंग सेंटर के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संकल्प दिवस के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि आज का दिन वर्ष का अंतिम दिन है। आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि पिछले वर्ष की बुरी यादों ,आदतों को भूलकर नए जोश, उत्साह और सकारात्मक विचारों के साथ नए वर्ष की शुरूआत करेंगे।उन्होंने कहा सकारात्मक सोच के साथ अपने माता-पिता के सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा अग्रसर रहें। समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देकर आगामी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखें। नव वर्ष में अच्छी आदतों को आत्मसात कर अपने परिवार ,समाज एवं देश का नाम रोशन करने में कोई कसर नहीं छोड़ें। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा हम सबों को ईश्वर को धन्यवाद भी देना चाहिए।

## एक नजर

### पालोजोरी में बाइक सवार ने ऑटो में मारी टक्कर, युवक की मौत

**देवघर :** पालोजोरी-जामताड़ा पथ पर पालोजोरी थाना क्षेत्र के रामपुर मोड़ पर सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान पथरघटिया गांव निवासी रियाज अंसारी के रूप में हुई। वह राजमिस्त्री का काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार, रियाज सोमवार को अपना काम समाप्त कर रात करीब 8 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहा था। रामपुर मोड़ के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और रोड किनारे खड़े ऑटो से टकरा गई। सिर में गहरी चोट लगने से रियाज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पालोजोरी थाना प्रभारी ओम शरण घटनास्थल पर पहुंचे और रियाज को उठवाकर पालोजोरी सीएचसी पहुंचवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मृतक के परिजन भी पालोजोरी सीएचसी पहुंचे। शव देखते ही सभी फूट-फूट कर रो पड़े। इससे वहां का माहौल गमगीन हो गया। रियाज चार भाइयों में सबसे छोटा था। घर में उसकी पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे हैं।

### वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां के जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो के निर्देशानुसार मंगलवार को वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के तहत वाहन जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट और बिना कागजात के पकड़े गए 70 चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। चालकों को सड़क सुरक्षा की टीम एवं मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर ने रोड सेफ्टी को लेकर काउंसलिंग की। जागरूकता से कम होगी दुर्घटनाएं इस दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। ऐसा कर अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर रवि प्रसाद, दिलीप कुमार एवं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुंदन वर्मा आदि शामिल थे।

### टीपीएस डीएवी विद्यालय में सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गई विदाई

**जमशेदपुर :** टीपीएस डीएवी स्कूल बहरागोड़ा के प्राचार्य सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय परिसर में मंगलवार को समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक ओपी मिश्रा, चेयरपर्सन डाक्टर बिन्नी षाड़ंगी और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। अनूप कुमार को मृदुभाषी एवं कुशल प्रशासक बताया सर्वप्रथम छात्र -छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एआरओ ने प्राचार्य अनूप कुमार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। डाक्टर बिन्नी षाड़ंगी ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि अनूप कुमार बहुत ही मृदुभाषी एवं कुशल प्रशासक रहे। अनूप कुमार ने भी अपने डीएवी के तीस साल के कार्यकाल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि मई 2018 से दिसंबर 2024 तक बहरागोड़ा डीएवी के प्राचार्य पद पर रहते हुए उन्होंने बहुत कुछ किया और बहुत कुछ करना बाकी रह गया।

# एक जनवरी को खरसावां के इन इलाकों में बड़े वाहनों की रहेगी नो-एंट्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** खरसावां गोलीकांड में शहीद हुए आदिवासियों की याद में हर साल की तरह इस साल भी 1 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जायेगा। शहीद दिवस के मौके पर सीएम हेमंत सोरेन का शहीद स्थल पर आगमन और भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसको लेकर सरायकेला-खरसावां जिला परिवहन विभाग ने जिले के विभिन्न सड़कों पर बड़ी व्यवसायिक वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताकि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सके. सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी विभिन्न मार्गों में नो इंट्री से संबंधित निर्देश दिये गये हैं।

**इन मार्गो पर बड़े वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध**


शहीद दिवस पर बुधवार को सरायकेला बिरसा चौक से कोरसे मुंडा चौक तक, आमदा राज खरसावां से कोरसे मुंडा चौक तक, सीनी से +2 हाई स्कूल रोड खरसावां तक, कुचाई से खरसावां कोरसे मुंडा चौक तक और रडगांव से कोरसे मुंडा चौक तक सुबह पांच से रात्रि दस बजे तक सभी प्रकार के व्यवसायिक बड़े वाहनों का परिचालन पूर्णत वर्जित रहेगा। इस संबंध में जिला परिवहन विभाग की ओर से जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस प्रशासन के पदाधिकारियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पत्र भेजा गया है।




### नये साल में सामुदायिक केंद्र पर आयोजित हौजी गेम समेत अन्य कार्यक्रम रद

**जमशेदपुर :** नये साल में सामुदायिक केंद्र जादूगोड़ा में आयोजित हौजी गेम समेत अन्य कार्यक्रमों को रद कर दिया गया है। सामुदायिक केंद्र के सचिव पुष्पराज ने नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी है। जारी नोटिस के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर झारखंड समेत में सात दिन का राष्ट्रीय शोक है। ऐसे में नये साल में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रद कर दिया गया है। यूसिल कर्मियों को नये साल पर मिलने वाले उपहार की तिथि भी बढ़ा दी है। अब यूसिल कर्मियों को दो जनवरी की शाम में उपहार बाटे जायेंगे। इस बार सामुदायिक केंद्र की ओर से मेंबरों को उपहार के तौर पर स्टील टिफिन दी जायेगी।

## सनठी के पाला में आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/राजमहल :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 नया बस्ती मोहल्ले में मंगलवार की सुबह सनठी के पाला में आग लगने से हजारों का नुकसान हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मो मोसिर शेख की पत्नी सहित परिवार के लोग सुबह रसोई में खाना बना रहे थे। इसी दौरान पास में ही बड़ी मात्रा में रखें सनठी के पाला में किसी तरह आग लग गया। देखते ही देखते आग पूरी तरह फैल गया हालांकि समय रहते आसपास के लोग एवं परिजनों के द्वारा कुआं, चापानल आदि के माध्यम से आज पर काबू पाया गया। वहीं पास में बंधे दो मवेशी को भी बचाया गया। पीड़ित ने बताया कि थोड़ी देर हो जाती तो भारी नुकसान हो सकता था हालांकि लगभग 5 हजार रुपए का सनठी जलकर राख हो गया है।

## अवैध महुआ शराब निर्माण का सेफ जोन, प्रशासन की आंखों पर पट्टी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** नीमडीह थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब के कारोबार ने जोर पकड़ लिया है। शराब माफियाओं के लिए यह इलाका सेफ जोन बन चुका है, जहां से तैयार शराब सरायकेला जिले के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के बलरामपुर और आसपास के बॉर्डर क्षेत्रों में आसानी से सप्लाई हो रही है। नीमडीह थाना प्रभारी और उत्पाद विभाग के अधिकारी इन अवैध गतिविधियों से अनजान बने हुए हैं। पूछताछ पर अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में कोई शराब भट्ठी नहीं है। हालांकि, स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कई गांवों में अवैध महुआ शराब की भट्ठियां धड़ल्ले से संचालित हो रही हैं। सूत्रों के अनुसार, नीमडीह थाना क्षेत्र में एक सौ से ज्यादा स्थानों पर अवैध महुआ शराब की भट्ठियां संचालित हैं जबकि नीमडीह थाना की पुलिस को पूरे क्षेत्र में एक भी अवैध शराब की भट्ठियां नहीं दिखाई दे रही है। हालांकि मैप कैमरा से ली गई तस्वीर में शायद इन्हें कुछ नजर आ जाए। अब सरकार और प्रशासन से सवाल यह है कि नीमडीह थाना प्रभारी और उत्पाद विभाग को यह भट्टियां क्यों नहीं दिखतीं क्या प्रशासनिक लापरवाही के कारण अवैध शराब माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है इन भट्टियों पर कार्रवाई कब होगी नीमडीह क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह कारोबार फल-फूल रहा है। अवैध शराब का कारोबार न केवल क्षेत्र की शांति को भंग कर रहा है, बल्कि युवाओं को भी नशे की लत की ओर धकेल रहा है।



## बोड़ाम के ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम सीओ को सौंपा ज्ञापन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को शहीद स्मारक समिति ने बोड़ाम सीओ रंजीत रंजन को कार्यालय में उपायुक्त अनन्य मित्तल के नाम एक ज्ञापन सौंपा एंव समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से समिति ने उपायुक्त को अवगत कराते हुए मांग किया कि प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा जाति, आवासीय, आय आदि प्रमाण पत्र के आवेदन हेतु 50 से 100 प्रति प्रमाण पत्र लिया जाता है, मनरेगा योजना में भारी मात्रा में धांधली बरती जा रही है। एक ही योजना को दोबारा दिखाकर बिचौलियों ने मनरेगा कमीयों के साथ मिली भगत से दोबारा राशि का निकासी करते हैं। दलमा के तराई क्षेत्र में स्थित कोंकाधासा गांव में ग्रामीणों को बिजली एवं आवास योजना का सुविधा अभी तक मुहैया नहीं किया गया है। अबुआ आवास योजना का तीसरा किस्त लगभग 5 महीना से अटका हुआ है। जिससे लाभुकों को आवास पूर्ण करने में असुविधा हो रहा है। बोड़ाम प्रखंड में एकमात्र कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अभी भी अधूरा है। इको सेंसेटिव जोन का नियम ठीक से पालन नहीं किया जा रहा है। इसे सख्ती से पालन करवाने, राशन डीलरों द्वारा लाभुकों को कम राशन दिया जाता है, इसमें सुधार करने, सरकारी कार्यालय में बिचौलियों को कोई स्थान न दिया जाए, बेलटांड़ से रघुनाथपुर जाने वाले अधूरा मुख्य सड़क को जल्द से जल्द पूरा करने, पुलिस प्रशासन द्वारा भोले भाले ग्रामीण जनता को अपशब्द तथा बेवजह नही धमकाने की मांग की है। मौके पर समिति के सदस्यों ने सभी समस्यायों का समाधान करने की मांग की। मौके पर कृष्णा रजक, अभिजीत महतो, चरण महतो, महिपाल सिंह महतो, विश्वनाथ महतो, उमापदो महतो बंशीधर महतो, काशीनाथ आदि शामिल थे।

## ट्रेन से शराब एवं 17 हजार रुपये बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** मालदा रेल मंडल अंतर्गत बरहरवा रेलवे स्टेशन में गुप्त सूचना पर आरपीएफ ने छापेमारी कर करीब 17 हजार रुपये कीमत की शराब बरामद की है। बरहरवा आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली कि सोमवार को आजिमगंज बरहरवा एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन से शराब तस्करी कर ले जायी जा रही है। जिसके बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर ट्रेन के बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर छापेमारी किया गया। ट्रेन के कोच संख्या ईआर 132414 में सीट के नीचे दो बैग बरामद किया गया। जिसे आरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां बैग खोलने पर 750 एमएल की 17 पीस ब्लेंडर्स प्राइड विहस्की पायी गयी। इसकी अनुमानित कीमत 17 हजार रुपये हैं। बरामद शराब को जब्त कर कागजी कार्रवाई के बाद उत्पाद विभाग को सौंपा जा रहा है। छापेमारी टीम में आरपीएफ के एसआई लाल बहादुर मांझी, हेड कॉन्स्टेबल डीके मंडल, एसी दास आदि शामिल थे।

# साहिबगंज वासियों को मिलेगी मोबाइल ट्रांसफॉर्मर की सुविधा, लगाये जा रहे कवर्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने को लेकर राज्य सरकार कई कदम उठा रही है, जहां विद्युत उपभोक्ताओं को 200 यूनिट विद्युत उपयोग की फ्री व्यवस्था उपलब्ध करायी है। वहीं नंगा तार को भी बदलकर कवर्ड वायर लगाने की व्यवस्था शुरू कर दी है। अधिकांश स्थानों पर केबल वायर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करायी जा रही है। निश्चित रूप से एक बड़ी उपलब्धि है। पहले आये दिन हल्की-सी हवा और बारिश से विद्युत तार आपस में एक-दूसरे के संपर्क में आने से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती थी। कहीं-कहीं विद्युत पोल गिर जाता था। लंबा समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित हुआ करता था। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। खासकर गर्मियों में लोगों को विद्युत पानी की काफी किल्लत होती थी। पर ऐसी व्यवस्था को विद्युत विभाग ने समाप्त करने की और अहम कदम बढ़ाया है। हम बात कर रहे हैं मोबाइल ट्रांसफॉर्मर की। यह भी एक बेहतर सुविधा के रूप में मानी जायेगी। लोगों को यह जानकारी होनी चाहिए कि पहले के समय में जब भी किसी इलाका का ट्रांसफॉर्मर जल जाता था तो लोग अपने आप में यह निश्चित कर लेता थे कि अब कम से कम 15 दिनों का वक्त लग जायेगा। पर धीरे-धीरे समय बिता गया। विद्युत विभाग व्यवस्था में सुधार आ रहा है। महज कुछ घंटे में ही नया ट्रांसफॉर्मर लगा कर आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी। डॉग वायर से लो वोल्टेज व फॉल्ट की समस्या होगी दूर पहले शहर में डीजल वायर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जाती थी। इससे आये दिन कहीं ना कहीं बड़ा फॉल्ट हो जाता था। इससे विद्युत आपूर्ति बाधित होती थी। लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था। अधिक लोड होने पर लो वोल्टेज की भी समस्या बनी रहती थी। आए दिन इसकी शिकायत विभाग को मिला करता था विभाग ने इस समस्या के निराकरण के लिए बड़े पैमाने पर कदम उठाने का काम किया है। पहले चरण में साहिबगंज शहर को समस्या से निदान के लिए शटडाउन लेकर तार बदलने का काम किया गया। विभाग के टेक्नीशियन के अनुसार शहर में डीजल वायर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति की जा रही थी। अब यह डॉग वायर के माध्यम से होगी। डॉग वायर काफी शक्तिशाली वायर के रूप में माना जाता है। इससे छोटी-मोटी समस्याएं दूर हो जायेगी। प्रथम चरण में दहला फीडर के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र के तार को बदला है। दूसरे चरण में भी डॉग वायर का काम किया जायेगा, जिस क्षेत्र में कवर्ड वार्ड नहीं लगा है। वैसे क्षेत्र में भी बहुत जल्द कवर्ड वायर लगा दिया जायेगा। क्या कहते हैं कनीय अभियंता आये दिन शहर में बिजली की समस्या बनी रहती थी।



## संक्षिप्त खबरें

### बोड़ाम में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला का हुआ आयोजन



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड सभागार में प्रखण्ड स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इसके एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना अन्तर्गत संचालित सभी योजनाओं का विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही मिलेटस मिशन,मिट्टी जांच, कृषि यंत्रीकरण आदि योजनाओं का विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह, उप प्रमुख संतोषी महतो, बीडीओ विकू महतो, कृषि पदाधिकारी गोपाल सुंदर मंडल, कल्याण पदाधिकारी सुधाकर महतो, बीटीएम सुशील कुमार महतो ,जनसेवक, कृषकमित्र,धनंजय महतो, संजय महतो, त्रिलोचन, समरेंद्र, दुलाल चंद्र महतो, सदानन्द महतो सभी कृषक मित्र आदि उपस्थित हुए।

### नेत्रहीन व दिव्यांग बच्चों एवं वृद्धा आश्रम में वस्त्र भोजन का किया गया वितरण



**साहिबगंज :** आशा ज्योति न्यास के द्वारा नेत्रहीन बच्चों और वृद्ध आश्रम के सभी वृद्धों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर संस्था के दुर्गा सिंह और दीपक कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आशा ज्योति न्यास के द्वारा दिव्यांग, नेत्रहीन और वृद्ध आश्रम में वस्त्र और भोजन का वितरण किया जाता है। हम लोगों का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का कार्य पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि समाज के इस प्रकार के लोग हम लोगों की जिम्मेवारी हैं। पहली प्राथमिकता पर सरकार की योजनाओं का लाभ और अन्य संसाधन कैसे उपलब्ध कराया जाए इसके लिए निरंतर प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन और दिव्यांग के बीच सेवा का कार्य लगातार होते रहना चाहिए। इस अवसर पर रूबी कुमारी, किरण कुमारी मोहम्मद इकबाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पुरानी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करें : बीपीओ



**बरहरवा :** प्रखंड सभागार कक्ष में मंगलवार को बीपीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा विजय कुमार ने सभी कर्मियों से कहा कि जितने भी क्षेत्र में पुरानी योजना चल रहे हैं उन कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर बंद करें। साथ ही कहा कि नए साल से सभी पंचायत के रोजगार सेवक अपने-अपने पंचायत में गुरुवार को रोजगार दिवस मनाएंगे और योजना स्थल पर पेयजल, छाया, दवाई, का व्यवस्था रखना और मनरेगा मजदूर को 100 सौ दिन का रोजगार देने का निर्देश दिया गया। मौके पर मनरेगा एई, जेई, रोजगार सेवक सहित अन्य मौजूद थे।

### हिंदी सभी भारतीयों को एकजुट करने में करती है मदद : सुमन सरकार



**सरायकेला :** यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की तुम्मलपल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आयकर विभाग, चेन्नई की पूर्व निदेशक व भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुपति की हिंदी सलाहकार सी. विजयालक्ष्मी मौदूद रहीं। अपर अधीक्षक विपिन कुमार शर्मा ने डीएई की प्लेटिनम जुबली पर परमाणु ऊर्जा विभाग के परिचय से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुमन सरकार, डीजीएम /एचओडी ने कहा कि हिंदी सभी भारतीयों को एकजुट करने में मदद करती है। साथ ही उन्होंने हिंदी की महता से भी अवगत कराया। सी. मथिवानन, डीजीएम ने इस तरह की कार्यशालाओं के आयोजन के लिए बधाई दी। इसके पूर्व डीजीएम बी. श्रीकांत ने विजया लक्ष्मी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। वहीं सुमन सरकार ने सी. विजयलक्ष्मी को शॉल और डीएई स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि का परिचय संजय चटर्जी, मुख्य प्रबंधक (ई/पी/ए) और गोपीनाथ दास ने पढ़ा। धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु तिवारी ने किया। वहीं कार्यशाला में कुल 140 यूसिल कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफल बनाने में एम. एस. राव, विजय कुमार, गौतम के., अमजद अली, राधिका, वामसी कृष्णा, शैलजा, दस्तगिरी, राजू, जे. डी. कन्नन, वासुदेव रेड्डी, तारकेश्वर राव, एन.वी.राजेश, टीसीएस रेड्डी, किशोर, रामबाबू बी., पी. श्रीहर्ष, एल. राजेश, गणेश एस. एस., हरिनाथ रेड्डी, एस. के. शर्मा, पेद्दा रेड्डी, एन.बाशा, किरण, कार्यक्रम के दौरान एस. एस. गुप्ता ने अहम योगदान दिया।

# चुनाव से पहले ईडी के निशाने पर चिराग के करीबी

## -----11 महीने पहले रेड के बाद बदल गई थी बिहार में सरकार-----





**पटना।** अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में एऊ सक्रिय हो गई है। अबकी बार जांच एजेंसी के निशाने पर LJP (फ) सुप्रीमो चिराग पासवान के करीबी हैं। 27 दिसंबर 2024 को बालू के अवैध खनन और सिंडिकेट मामले में लोजपा (रामविलास) के प्रदेश संसदीय दल के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडेय के घर सहित 3 ठिकानों पर एऊ ने छापेमारी की। हुलास पांडेय की गिनती केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बेहद करीबियों में होती है। वह युवाओं को चिराग के पक्ष में करने के लिए लगातार अभियान चलाते हैं। जानकार इसे सीट शेयरिंग के फॉर्मूले से जोड़कर देख रहे हैं। कहते हैं छापेमारी से बार्गेनिंग में आसानी होगी, लेकिन, अभी ये सिर्फ बातें हैं हालांकि, आज से 11 महीने पहले इस तरह की रेड के बाद बिहार में महागठबंधन की सरकार गिर गई थी। नीतीश कुमार ने पाला बदलकर BJP का दामन थाम लिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजभवन गए और पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही महागठबंधन सरकार खत्म हो गई थी। इस्तीफे के 6 घंटे बाद शाम 5 बजे नीतीश कुमार ने राजभवन में 9वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ दो डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित 8 लोगों ने मंत्री पद की शपथ ली।नीतीश कुमार के इस बयान और सत्ता परिवर्तन को समझने के लिए आपको थोड़ा पीछे जाना होगा। ये महज संयोग है या प्रयोग कि जब नीतीश कुमार RJD-कांग्रेस के साथ थे तब उनके करीबी नेताओं के खास के यहां केंद्रीय जांच एजेंसियों की रेड पड़ रही थी। भाजपा के साथ आने के बाद रेड से लेकर कार्रवाई की रफ्तार तक धीमी पड़ गई है। 2023 में बिहार में लालू परिवार के अलावा केंद्रीय जांच एजेंसियों की 3 अन्य जगहों पर रेड हुई। इसमें 2 IT (इनकम टैक्स) और एक एऊ (प्रवर्तन निदेशालय) की कार्रवाई थी। 3 में से 2 JDU के पावरफुल नेताओं के करीबी और एक MLC शामिल थे।14 अक्तूबर 2022 को बिल्डर और होटल कारोबारी गब्बू सिंह के 31 ठिकानों पर IT के अफसरों ने छापेमारी की थी। गब्बू सिंह के ठिकानों के साथ-साथ उनके सहयोगी और स्टाफ के अलग-अलग ठिकानों पर भी छापेमारी हुई थी।आयकर विभाग के सूत्रों की मानें तो गब्बू सिंह केस की सुनवाई आयकर कोर्ट में चल रही है। 200 करोड़ रुपए टैक्स चोरी का मामला है। IT ऑफिस में फाइल ऊपर से नीचे आ जा रही है। विजय चौधरी के रिश्तेदार के 25 ठिकानों पर IT सर्वे22 जून 2023 को बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी के रिश्तेदार और बेगूसराय के बड़े व्यापारियों में शामिल अजय सिंह उर्फ कारू सिंह के 25 ठिकानों पर आयकर विभाग (IT) ने छापेमारी की। टैक्स के हेराफेरी का मामला था। सिंह का नीतीश कुमार और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह से भी खास संबंध है। अभी क्या हो रहा सरकार बदलने के बाद जांच की रफ्तार धीमी है। आयकर विभाग 250 करोड़ रुपए के खर्च का हिसाब मांग रहा है। इनके बेटे की शादी के खर्च से लेकर प्री वेडिंग खर्च का हिसाब खंगाला गया। वेडिंग प्लानर से भी पूछताछ हुई है। 250 करोड़ रुपए का टैक्स चोरी का जुमार्ना ठोका गया है। शादी में 50 करोड़ रुपए खर्च किए। इनकम टैक्स सूत्रों की मानें तो जांच में कई बेनामी ट्रांजेक्शन दिखी है। कुछ लेन-देन का हिसाब किताब नहीं मिल रहा है।5 जून 2023 को आरा-बक्सर निकाय क्षेत्र से JDU के विधान पार्षद सह जदयू के प्रदेश महासचिव राधाचरण साह उर्फ सेठ के घर और फार्म हाउस पर एऊने छापेमारी की। साह लंबे समय से बालू सिंडिकेट से जुड़े हैं। भोजपुर के कोईलवर, पटना के परेब, औरंगाबाद और गया के बड़े बालू कारोबारियों से उनके अच्छे संबंध रहे हैं। छापेमारी के दौरान सारे दस्तावेज खंगाले गए। ED ने उनकी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद में संपत्ति जब्त कर रही है। 40 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।राधाचरण सेठ 3 जुलाई 2024 को पटना हाईकोर्ट से मिली जमानत पर जेल से बाहर हैं। उनको एऊ ने सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। अभी एऊकी कार्रवाई धीरे-धीरे चल रही है। बालू की अवैध खनन और मनी लॉड्रिंग मामले में कार्रवाई चल रही है। 10 जुलाई को सीएम नीतीश कुमार जेपी गंगा पथ के दूसरे फेज का लोकार्पण करने पहुंचे थे। इस दौरान सिक्स लेन के प्रोजेक्ट में लेटलतीफी को लेकर वे मैनेजर श्रीनाथ को फटकार लगाने लगे। फटकार लगाते-लगाते उन्होंने कहा कि आप कहिए तो मैं आपके पैर छू लेता हूं, लेकिन ये काम जल्दी करवा दीजिए। सीएम जैसे ही पैर छूने के लिए आगे बढ़े, पथ निर्माण विभाग के अउर प्रत्यय अमृत हाथ जोड़कर खड़े हो गए।सीएम नीतीश कुमार ने 3 नवंबर को पूर्व सांसद आरके सिन्हा के पैर छुए और आशीर्वाद लिया था। दरअसल, चित्रगुप्त पूजा पर सीएम नीतीश कुमार पटना सिटी के चित्रगुप्त मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की थी।

## संक्षिप्त डायरी

### नए साल में सुबह-शाम कोहरा बढ़ाएगा परेशानी



**पटना।** में न्यू ईयर सेलिब्रेशन कड़ाके की ठंड के बीच होने वाली है। राज्य में फिलहाल शीतलहर को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं है, लेकिन सर्द पछुआ हवा की वजह से पारा गिरेगा। मौसम विभाग का कहना है कि इस बार जनवरी के पहले सप्ताह से ठंड लोगों को परेशान करेगी। न्यूनतम तापमान के सामान्य से अधिक गिरने पर कोल्ड वेव की स्थिति भी बन सकती है। पटना के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एसके पटेल के अनुसार मजबूत पश्चिमी विक्षोभ की वजह से पहाड़ों पर खूब बर्फबारी हुई है। उधर से आने वाली हवा नए साल के साथ बिहार में कड़ाके की ठंड लेकर आने वाली है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट होने की संभावना है। उन्होंने आगे कहा कि 'जनवरी महीने में कड़ाके की ठंड देखने को मिलेगी। सुबह और शाम कोहरा छाया रहेगा, लेकिन जैसे ही हवा रफ्तार पकड़ेगी कोहरा साफ हो जाएगा। दिन में धूप खिलेगी। बीच-बीच में आंशिक रूप से बादल आते-जाते रहेंगे। इसके कारण दिन में अधिक ठंड लगेगी।' बिहार के कई जिलों में पिछले कुछ दिनों में हल्की बारिश देखने को मिली है। पहाड़ी इलाकों में दिसंबर महीने का दूसरा मजबूत पश्चिमी विक्षोभ आने के कारण मैदानी इलाकों में अच्छी बारिश हुई है। वहीं बिहार में बारिश के आंकड़े की बात करें तो अक्टूबर से अभी तक सामान्य से 71% कम बारिश हुई है। बच्चे और बुजुर्ग बरते सावधानी मौसम में अचानक हुए बदलाव से बुजुर्ग और बच्चों की परेशानी बढ़ गई है। बच्चों में जहां कोल्ड डायरिया का खतरा बढ़ गया है। वहीं हाई बीपी और हार्ट के रोगियों की परेशानी भी बढ़ गई है। डॉक्टरों ने ठंड से बचाव और खानपान पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। डॉक्टर राणा एसपी सिंह ने कहा कि अत्यधिक ठंड में रक्त की धमनियों के सिकुड़ने के कारण ब्लड का दबाव काफी बढ़ जाता है। खासकर हाथ-पैर की धमनियां सिकुड़ जाती हैं। इससे हार्ट पर पर प्रेशर बनता है। ऐसे में हृदय रोग के मरीजों में हार्ट अटैक का खतरा बन जाता है। जबकि हाई बीपी वाले मरीज भी ठंड के दौरान परेशानी में पड़ सकते हैं। ऐसे मरीज को समय समय पर बीपी चेक कराते रहना चाहिए, क्योंकि अचानक से बीपी काफी बढ़ जाने से स्ट्रोक का खतरा रहता है।

### बिहारशरीफ में नए साल पर यातायात में बदलाव



**पटना।** नए साल के जश्न को देखते हुए बिहारशरीफ में यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है। शहर में 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक कुछ मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। यह कदम शहर में भीड़-भाड़ को कम करने और यातायात जाम से बचने के लिए उठाया गया है।यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव में अस्पताल चौराहा से मामू-भगिना तक आवश्यक सेवाओं के वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। शहर में कई जगहों पर ड्रॉप गेट बनाए गए हैं। जहां वाहनों को रोककर यात्रियों को उतारा या चढ़ाया जाएगा। मामू भगिना से बड़ी पहाड़ी होते हुए अस्पताल चौक तक का मार्ग सभी वाहनों के लिए बंद रहेगा। मोगल कुआ-श्रृंगारहाट से मामू-भगिना की ओर जाने वाले रास्ते पर भी सभी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। बाजार समिति से मामू भगिना आने वाले रास्ते पर भी किसी भी प्रकार के वाहन का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं, भरावपर से गांधी मैदान अनुग्रह पार्क, पोस्ट ऑफिस रोड होते हुए पुलपर तक वाहन नहीं आएगी। वैकल्पिक मार्ग मामू-भगिना की तरफ से बिहारशरीफ में प्रवेश करने वाले वाहन पहाड़तल्ली होते श्रृंगारहाट-मोगल कुआं-रांची रोड की ओर जाएंगे। अस्पताल चौक से जाने वाले वाहन शहर के बाहर एतबारी बाजार-सोहसराय 17 नम्बर होते एनएच की ओर जाएंगे। वहीं, मामू भगिना पहाड़ तल्ली, ब्लॉक मोड़ के पास, मामू-भगिना से बाजार समिति जाने वाले प्रवेश मार्ग पर ड्रॉप गेट बनाया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और निर्धारित मार्गों का उपयोग करें। इससे शहर में यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा और सभी को नए साल का जश्न मनाने में आसानी होगी।

### ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों पर कसेगा शिकंजा

**पटना।** परीक्षा माफियाओं के खिलाफ पुलिस मुख्यालय ने कार्रवाई शुरू कर दी है। माफिया ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों के साथ मिल कर लंबे समय से ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं में फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। अबतक की जांच में यह बात आ चुकी है कि कई ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों में परीक्षा माफियाओं का पैसा लगा हुआ है। दैनिक भास्कर ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों की इस जालसाजी को पहले ही उजागर कर चुका है। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से बिहार में चल रहे ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी मांगी है। इसके साथ ही ईओयू ने सेंट्रल और स्टेट जीएसटी से भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों की सूची मांगी है। ईओयू बिहार के ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों का डाटा बनाएगी। इन केंद्रों के मालिक कौन हैं, क्या इन लोगों का आपराधिक इतिहास भी रहा है, पूर्व में किसी धांधली में इनके नाम आए हैं, इससे जुड़ी सारी जानकारी ईओयू एकत्र करेगी।

## युवती के अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार



**किशनगंज।** के दिघलबैंक थाना पुलिस ने 7 महीने पुराने युवती अपहरण मामले में नामजद आरोपी तौसीफ आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम को थाना अध्यक्ष सुमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तौसीफ को दिघलबैंक बाजार से गिरफ्तार किया। यह मामला थाना कांड संख्या 57/24 के तहत धारा 364(a)/365/34 भादवि में दर्ज है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिघलबैंक थाना क्षेत्र के बैरबनना गांव निवासी 19 वर्षीय तौसीफ आलम पर युवती के अपहरण का आरोप है। 7 महीने से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने तौसीफ की गिरफ्तारी के साथ अन्य आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए छापेमारी तेज कर दी है। अन्य की तलाश जारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेजा गया है। साथ ही मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। जल्द ही मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी की जाएगी।

## शराब तस्करों ने चौकीदार पर चाकू से किया हमला गंभीर



**छपरा।** में एक चौकीदार को अपराधियों ने हत्या के नीयत से चाकू गोदकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। जिसका इलाज छपरा सदर अस्पताल में चल रहा है। चाकू गर्दन और कंधे के बीच लगा है। जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल चौकीदार की पहचान मकेर थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी दशरथ मांझी पिता लखन मांझी के रूप में हुई है। चाकू से हमला करने वाला युवक पड़ोस के गांव पूरे छपरा का रहने वाला रोशन कुमार सिंह बताया जा रहा है। जिसके ऊपर पूर्व में कई मामले दर्ज है। आरोपी पर बाइक लूट के साथ शराब बेचने के मामले में भी जेल जा चुका है। टहलने के दौरान किया हमला घायल चौकीदार ने बताया कि शाम में गांव के तरफ घूमने के लौट गया था। इसी घेर कर चाकू से हमला कर दिया। युवक द्वारा हत्या के नीयत से गर्दन पर चाकू के हमला किया गया। इसी दौरान बचने के कगककर7 में चाकू गर्दन से नीचे लग गया। आरोपी युवक बगल के गांव का है जिसके ऊपर पूर्व से भी आपराधिक मामले दर्ज है। शराब कारोबार से भी जुड़ा हुआ है। पूर्व में दो बार छापेमारी कराये जाने को लेकर वह नाराज था ।स्थानिय चौकीदार होने के चलते आपराधिक मामले दर्ज होने पर छापेमारी की गई थी। साथ ही शराब के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है। जिसका शिकायत किये जाने के बाद आक्रोशित हो गया था। गर्दन के पास मारी चाकू मकेर थानाध्यक्ष रवि रंजन ने बताया कि थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत के चौकीदार को स्थानीय मनचले युवक द्वारा चाकू मारकर घायल कर दिया गया है।


जिसे इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गर्दन के पास चाकू लगने से स्थिति गंभीर बनी हुई थी। लेकिन चौकीदार अब खतरे से बाहर है। चौकीदार के शिकायत पर प्राथमिक दर्ज करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी शुरू कर दी है।

## ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम भजन गलत गा रही थीं देवी'



**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती (25 दिसंबर) पर पटना में आयोजित समारोह में महात्मा गांधी के भजन 'ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम...' पर जारी विवाद के बाद पहली बार विरोध करने वाले नागेश सम्राट ने अपना पक्ष रखा। से एक्सक्लूसिव बातचीत में हिंदू पुत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेश सम्राट ने कहा, 'देवी को मूल भजन पता नहीं था। हम लोगों ने केवल उनसे इसका मूल भजन गाने का रिक्वेस्ट किया था। इसके अलावा कुछ नहीं कहा था। जिन लोगों ने कभी राम को नहीं माना उनके इशारे पर देवी हमें बदनाम करने का षड्यंत्र रच रही हैं।' देवी से बात की तो उन्होंने कहा, 'ये लोग झूठ बोल रहे हैं। इन्हें बस अल्लाह के नाम से चिढ़ था। ये सुनते ही उग्र हो गए। अगर उन्हें मूल स्वरूप गंवाना था तो लिख कर देते। मुझे भजन गाने देते। 25-30 आदमी मंच छोड़कर कुर्सी की तरफ बढ़ने लगे। हंगामा करने लगे। ये लोग इतना उग्र हो गए कि मुझे गाना बीच में छोड़ना पड़ा था। अश्विनी चौबे जी को बीच-बचाव करना पड़ा।उस दिन तुलसी एकादशी भी थी। हमलोगों ने सबसे पहले तुलसी पूजा की। हजारों की संख्या में वहां हम लोग थे। तुलसी पूजन में अश्विनी चौबे और उनके बेटे अर्जित शाश्वत भी थे। गायिका देवी को सम्मानित करने के लिए बुलाया गया था। सम्मान के बाद उन्हें भजन गाने के लिए कहा गया। जब वे भजन गाने लगीं तो हम लोगों ने केवल उनसे इतना कहा कि आप हमारा मूल भजन गा सकती हैं तो वही गाइए। लेकिन, उन्होंने इस बात को समझा ही नहीं और अब बाहर जाकर कुछ भी बोल रहीं हैं। उन्हें मूल भजन पता ही नहीं है। गांधी जी हमारे राष्ट्रपिता हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनसे हमें समस्या कैसे हो सकती है। जब गांधी जी से दिक्कत नहीं है तो उनके गाए भजन से हमें दिक्कत कैसे हो सकती है। जब हमने कहा कि हमारी संस्कृति में जो मूल भजन गाया गया है, वो भजन हम आपसे गाने के लिए कहे तो ये कहां का अपराध है। हम उन्हें मूल भजन गाने के लिए कह रहे थे और वो मीडिया में आकर आरोप लगा रही हैं कि उन्हें गांधी जी के गाए भजन से आपत्ति है। ये गलत है।जवाब- नहीं, मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। वो अल्लाह-अल्लाह करें इससे मुझे क्या है। हमें कहीं किसी से कोई आपत्ति नहीं है। हमने सनातन के अपने मूल भजन को सुनने की डिमांड की। अगर उन्हें नहीं आ रहा था तो वे कहतीं कि उन्हें नहीं आता है। मुझे लिख कर दे दीजिए। लेकिन ऐसा उन्होंने कुछ नहीं किया। अब वो इसे गलत तरीके से पेश कर रही हैं। इससे हम सभी रामभक्तों को दुख हो रहा है।

## कालीबाग-अमवा मन में नए साल को लेकर खास तैयारी



**छपरा।** पश्चिम चंपारण में इतिहास के तीनों काल के अवशेष स्थल हैं। यहां ऐतिहासिक स्थलों में लौरिया स्थित नंदनगढ़, ऐतिहासिक अशोक स्तंभ, रमपुरवा आदि है। इन जगहों पर लोग नए साल के पहले दिन यानी बुधवार को पहुंचेंगे और पूरे उत्साह के साथ नया साल मनाएंगे। हालांकि नए साल का स्वागत करने के लिए जिले के लोग उत्साहित हैं। विशेष कर युवाओं में अत्यधिक उत्साह है। सभी ने अपने-अपने अंदाज में तैयारी कर रखी है। घरों में छोटे बच्चे से लेकर महिलाएं, युवतियां सभी नए साल में एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर कहने के लिए उतावले दिख रहे हैं। युवाओं ने अपनी पसंद के पिकनिक स्पॉट के अलावा घूमने फिरने वाले जगहों की तलाश कर ली है। नए साल में लोग अपने दोस्तों, रिश्तेदारों के साथ प्रमुख पर्यटक स्थलों, मंदिरों में पहुंच कर लेते हैं। शहर के ऐतिहासिक कालीबाग एवं दुर्गा मंदिरों में नए साल के अवसर काफी भीड़ रहेगी। लोग इन मंदिरों में पहुंचकर नए साल की अच्छी शुरूआत करेंगे। सभी मंदिरों का दरबार नए साल के अवसर पर गुलजार रहेगा। नए साल की सुबह लोग सुख समृद्धि के साथ तरक्की की कामना के लिए माता के दरबार में पहुंचते हैं। अमवा मन वाटर स्पोर्ट्स सूबे में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां का पारासेलिंग उत्तर बिहार का प्रमुख जल क्रीड़ा है। ऐसे में लोग नए साल के अवसर पर इसका आनंद उठाएंगे। यहां पर्यटकों के लिए पारा सेलिंग के अलावा जेटस्की, मोटर बोट, क्वाक, पैदल बोट, जोरबिंग बोट आदि जल क्रीड़ा के लिए तैयार है। यहां पर्यटक मात्र 800 रुपये में ही पारा सेलिंग का आनंद उठा पाएंगे।

## 2025 के स्वागत में तैयार है बेगूसराय



**बेगूसराय।** में नए साल के स्वागत के लिए अब चंद घंटे ही शेष रह गए हैं और बेगूसराय जिले में विशेष तैयारियां शुरू हो चुकी है। जिले के तमाम होटलों में नववर्ष के अवसर पर जश्न मनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही, डिस्काउंट ऑफर भी दिए जा रहे हैं। धार्मिक आस्थाओं के केंद्रों पर भी श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरी तैयारी की गई है। जयमंगला गढ़, हरिगिरी धाम, नौलखा मंदिर और काली स्थान जैसे प्रमुख स्थल नववर्ष के अवसर पर पूजा-अर्चना के लिए सज-धज कर तैयार हैं। काबर झील और जयमंगलागढ़ में पर्यटकों का स्वागत बिहार के पहले रामसर साइट काबर झील, जो एशिया में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील मानी जाती है, नववर्ष के अवसर पर पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। काबर झील के पक्षी विहार और जयमंगलागढ़ वन क्षेत्र में पर्यटकों का आगमन बढ़ने का अनुमान है। यहां के मछुआरे अपनी नावों को पर्यटकों के लिए तैयार कर चुके हैं, ताकि वे झील के सौंदर्य का आनंद ले सकें। काबर झील में सूर्योदय के समय कमल खिलने, मछलियों का तैरना और पक्षियों का कलरव पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके अलावा, झील में वनभोज का आनंद लेने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आते हैं। काबर और जयमंगलागढ़ के रमणीय दृश्य पर्यटकों को खींच लाते हैं।

# लोग नचनिया बोलते थे: आज उसी से गांव की पहचान

## -----500 महिलाओं को मर्दों वाला काम सिखाया-----



**पटना।** वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व से सटे संतपुर सोहरिया पंचायत का घोटवा चर्चा में है। सीएम नीतीश कुमार ने यहीं से प्रगति यात्रा की शुरूआत की। इस पिछडे. थारु क्षेत्र की पहचान आज जंगलों से नहीं, बल्कि शहद वाली दीदी से होती है। 500 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर सुमन ने मर्दों की तरह काम करना सिखाया है। जिस काम में पुरुष पीछे हट जाते हैं, वह यहां की महिलाएं कर रही हैं। घूंघट से निकलकर ससुराल की दहलीज पार करना सुमन के लिए बड़ी चुनौती थी, लेकिन समाज के ताने और गालियां सुनने के बाद भी वह हिम्मत नहीं हारीं।बगहा के संतपुर सोहरिया की रहने वाली सुमन देवी का मायका पश्चिमी चंपारण के बगहा ब्लॉक एक में है। हाई स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साल 2006 में उनकी शादी सत्येंद्र के साथ हुई। सत्येंद्र पढ़ाई पूरी कर नौकरी की तलाश में भटक रहे थे। बेरोजगार पति के साथ सुमन को ससुराल में हर दिन दुश्वारियों से संघर्ष करना पड़ता था। सुमन पर आफत का पहाड़ तब टूटा जब बंटवारा हो गया। काम की तलाश में पति विजयवाड़ा चले गए। पति के साथ सुमन भी विजयवाड़ा गईं। मेहनत मजदूरी कर किसी तरह से सुमन और सत्येंद्र दो टाइम का भोजन जुगाड़ करते थे। जिंदगी ऐसी ही दुश्वारियों में चल रही थी, लेकिन सुमन हालात से नहीं हारी। वह पति के साथ एक पुरुष की तरह मजबूती से खड़ी रही। 2008 में जब सुमन को पहला बच्चा हुआ तो संघर्षों का दौर और कठिन हो गया, हर कदम पर ठोकर खानी पड़ रही थी। सुमन को ऐसा लगने लगा कि किस्मत में सिर्फ दुश्वारियां ही लिखी हुई है। दुश्वारियों में एक-एक दिन काट रही सुमन ने विजयवाड़ा में जब महिलाओं को काम करते देखा तो सोचने लगी कि मैं भी ऐसा कर सकती हूं। लेकिन उनके साथ हालात कुछ अलग थे। बिहार के बगहा में गांव की महिलाएं काम नहीं करती थी। वह घूंघट में रहती और घर की दहलीज भी नहीं पार कर सकती थी। गांव की महिलाओं की दशा काफी खराब थी। गांव में तो महिलाओं का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल था। सुमन बताती हैं कि वह ऐसा समय था जब हमारे समाज में बेटी बहू को बाहर निकलने पर भी पूरी पाबंदी रहती थी। सुमन ने प्रण तो कर लिया, लेकिन यह नहीं पता था कहां जाना है? क्या करना है? कैसे काम करके समाज को बदलना है? कुछ आइडिया ही नहीं था। बहुत कुछ सोचते थे, लेकिन कर ही नहीं पाते थे। सुमन को ऐसे आया बदलाव का आइडिया सुमन बताती हैं, 2012 में वह ट्रेन से मायके जा रही थीं। स्टेशन पर अखबार खरीदा, जिसमें बेतिया में एक ट्रेनिंग सेंटर की जानकारी मिली। गोद में बच्चा लेकर वह ट्रेनिंग सेंटर खोजते बेतिया पहुंच गईं, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। काफी भटकने के बाद एक छोटा सा ट्रेनिंग सेंटर मिला, वहां बातचीत हुई और फिर ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग ली। गांव में घर पर ही ब्यूटी पार्लर खोल दिया। लेकिन इसके बाद उनका इतना विरोध हुआ कि उनका घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। ब्यूटी पार्लर खोला तो गांव वालों ने हजाम बोलना शुरू कियासुमन बताती हैं।




# नव वर्ष 2025

**विश्वभर में नया साल मनाने का तरीका भी अलग-अलग है. सभी धर्मों में नया साल एक उत्सव की तरह अलग-अलग अंदाज में अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता है. दुनिया में सबसे अधिक देशों में ईसाई नव वर्ष मनाए जाने की परंपरा है. ईसाई वर्ष 1 जनवरी से शुरू होकर 31 दिसंबर तक 12 महीनों में बंटा हुआ है. खास बात यह है कि भले ही दुनिया के सभी धर्मों के रीति-रिवाज अलग-अलग हों लेकिन 1 जनवरी को सभी देशों में नए साल की धूम रहती है. विश्व में वर्ष के अंतिम कुछ क्षणों में आतिशबाज़ी करते हुए पुराने साल को विदा और नव वर्ष का स्वागत किया जाता है.**

## क्या है न्यू ईयर की कहानी?

हजारों साल पहले प्राचीन बेबीलोन में न्यू ईयर की शुरुआत हुई थी. परंतु उस समय नव वर्ष का यह उत्सव 21 मार्च को मनाया जाता था जो कि वसंत के आगमन की तिथि थी. जो हिन्दुओं का नववर्ष है. ग्यारह दिनों तक चलने वाले पर्व के रूप में यह वसंत ऋतु के पहले दिन से शुरू होता था. इसीलिए सितंबर सातवां, अक्टूबर आठवां, नवंबर नौवां और दिसंबर दसवां महीना माना जाता था. जैसा कि इनके नामों से स्पष्ट होता है. यह गणना रोमन कैलेंडर के अनुसार किया जाता था जो सातवीं शताब्दी बीसी से शुरू हुआ और यह चन्द्रमा के चक्र के मुताबिक था. रोमन कैलेंडर अटकलबाजी के बलबूते बनाया गया था. जो 1 मार्च से शुरू होता था. तब एक साल में 304 दिन और कुल 10 महीने हुआ करते थे. मार्च से लेकर दिसम्बर तक, इन महीनों के नाम इस तरह थे मर्सिअस, एप्रिलिस, मैयास, जूनियस, कुइन्तिलिस, सेक्सटिलिस, सेप्टेम्बर, ओक्टोबर, नोवेम्बर, और डिसेम्बर.लेकिन सन 1570 के आसपास पोप ग्रेगरी xiii ने क्रिस्टोफर क्लेवियस को एक नया कैलेंडर बनाने का जिम्मा सौंपा. इस तरह सन 1582 में ग्रेगोरियन कैलेंडर अस्तित्व में आया. तब से पूरी दुनिया में नए साल का उत्सव बदस्तूर 1 जनवरी को मनाया जाता है.

## न्यू ईयर पर अमेरिका की बॉल ड्रॉपिंग परंपरा

वैसे तो विश्व में वर्ष के अंतिम कुछ क्षणों में आतिशबाजी करते हुए पुराने साल को विदा और नव वर्ष का स्वागत किया जाता है परंतु अमेरिका में यह उत्सव अलग तरीके से मनाया जाता है। यहाँ का 'बॉल ड्रॉपिंग' दुनिया का सबसे मशहूर बॉल ड्रॉपिंग कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क शहर के टाइस स्वायर पर न्यू इयर्स ईव की मध्यरात्रि को होता है। इससे पहले डाउनटाउन मैनहट्टन के ट्रिनिटी चर्च के घंटे को सुनने के लिए आधी रात में लोग जमा होते थे। द न्यूयॉर्क टाइस ने सन 1904 में जन मानस को आकर्षित करने के लिए न्यूयॉर्क टाइस की ईमारत पर जोरदार आतिशबाजी की। इससे लोग आकर्षित तो हुए लेकिन पटाखों के कारण सड़कों पर गरम राख और पटाखों के टुकड़ों की बरसात हुई जो कि हानिकारक होने के साथ कचरा जमा होने का भी कारण बना इन्हीं वजहों से न्यूयॉर्क पुलिस ने वहां आतिशबाजी करने के कार्यक्रम पर प्रतिबंध लगा दिया। तब न्यूयॉर्क टाइस के मालिक एडोल्फ ऑस ने अपने चीफ इलेट्रिशियन वॉल्टर पाल्मर को नया रास्ता निकालने के लिए कहा। पाल्मर के डिजाइन के आधार पर ऑस ने आर्टक्राट स्ट्रॉस साइन कंपनी को लगभग 318 किलो की लोहे व लकड़ी से निर्मित और 25 वाट के 100 बल्बों से जड़ित बॉल बनाने की जिमेदारी दी। इस बॉल को पहली बार इलेट्रिसिटी का उपयोग कर सन 1908 के बॉल ड्रॉपिंग में प्रयोग किया गया।

## भारतीय नव वर्ष

ग्रेगोरियन कलैंडर का अनुसरण वैसे तो पूरी दुनिया में हो रहा है लेकिन विभिन्न देशों में वहां की संस्कृति के अनुसार भी नया साल मनाने की परंपरा है। भारत में तो विभिन्न धर्म व संप्रदाय एक साथ रहते हैं। इन धर्मों व संप्रदायों के कैलेंडर भी अलग-अलग हैं अत: इनके नव वर्ष की तिथियां भी अलग-अलग होती हैं। हिंदू नववर्ष की बात करें तो यह चैत्र माह की शुल प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है जो कि अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष के अनुसार मार्च-अप्रैल माह में पड़ता है।




# नववर्ष को जिन्दगी का सबसे बड़ा वर्ष कैसे बनाये ?

**लीजिये, हंसता और मुस्कुराता, खिलखिलाकर नव उल्लास बिखराता, निराशा को भगाता और आशा को बटोरता नया वर्ष फिर से आ गया। चारों ओर देखिये, पेड़ नये पत्तों और कलियों के आगमन से कैसे झूम रहे हैं। पेड़-पौधे मुक्तहस्त होकर सुगंध बांट रहे हैं। भला कौन वह मूर्ख होगा, जो परिवार में आ रहे नये सदस्यों को देख खुश न हो। पशु हो या पक्षी, मानव हो या वनस्पति; सब पुराने के जाने पर दुखी होते हैं; पर वह दुख नवआगत के स्वागत के कारण धूमिल भी हो जाता है। यही सृष्टि का नियम है, इसलिए आज सब खुश है। आखिर क्यों न हों, नया साल जो आया है।**

दोस्तों, हर देश व संस्कृति में अलग अलग तारीख में नया वर्ष मनाये जाने की परम्परा पहले से ही चली आ रही है. लोग अलग अलग तरीके से इस आयोजन को मानते है, जैसे कोई दारू पीता है तो कोई पार्टी करता है, कही लोगो व्यर्थ में बैठे रहते है तो कोई मजे के नाम पर समय व पैसो की बर्बादी करता है. लेकिन कुछ लोग खुद में सुधार के लिए अच्छा काम भी करते है लेकिन समय बीतने के साथ ही वह अपने संकल्पों को जान-बूझकर तोड़ देते है और पुराने ढर्रे पर ही वापस आ जाते है. एक साल में ही 'ढाक के तीन पात' वाली स्थिति नज़र आने लगती है। वैसे भी किसी नयी शुरुआत के लिए नये साल या किसी मुहूर्त की प्रतीक्षा ही क्यों करना ? इस बार हम नये साल क्या हर साल व हर क्षण को सार्थक करने के कुछ सरल तरीके बता रहे हैं जिसमे आपको अपने अंदर कुछ ज्यादा बदलाव करने की जरूरत नहीं है बल्कि आपको इन्हें तुरंत ही तन-मन-धन से भी अधिक ध्यान से अपनाने की जरूरत होगी.

## अपनी कमाई और खर्चो का लेखा-जोखा रखें -

दोस्तों, इस नव वर्ष में आपको सबसे पहले अपने खर्च व होने वाली कमाई का एक लेखा जोखा जरुर रखना चाहिए. एक ऐसा लेखा जोखा बनायें जिसमें हर दिन के हिसाब से अपने प्रत्येक छोटे-से-छोटे खर्च का भी उल्लेख करें किन्तु ध्यान रखें कि किसी को बुरा न लगे या किसी पर किया गया खर्चा 'अहसान जताने' जैसा न हो. हो सके तो ऐसा लगे भी ना ! आप अपना लेखा जोखा शुरू करोगे तो आपको अपने व्यर्थ खर्चों को ध्श्व्द्धह्लह्म्श्च कर सकोगे साथ ही साथ इससे आपको विलासादि जैसे व्यर्थ खर्च न्यूनतम करते हुए शून्य करने व अच्छे काम में किये गये खर्चों को बढ़ाने में सहायता होगी।

## ब्रह्ममुहूर्त में उठने की आदत बनायें -

दोस्तों, हमारे लिए सुबह उठना काफी फायदेमंद होता है और इससे हमारी बॉडी तरोताजा रहती है. सुबह जल्दी उठने से हमारे पास एक्स्ट्रा टाइम भी होता है. इसलिए सुबह सूर्य की पहली किरण पहुँचने से पहले उठकर स्नान करने की आदत एक बार बना ली तो यह बात गाँठ बाँध लीजिए कि आप अपनी पुराणी स्थिति की अपेक्षा अधिक सहज रहेंगे. आपका समय-प्रबन्धन अब कुछ ठीक प्रकार से हो जायेगा व आप दिन-रात ताम-झाम में डूबी रहने वाली व टाइम नहीं है जैसी समस्याओं से दूर हो जाओगे. अब आपके पास समय ही समय होगा और अपने दिन भर के काम आप एक ही दिन में पूरे करने लगोगे.

## अपनी डायरी मैण्टैन करें -

टी.वी. के सामने व्यर्थ बैठे रहने, शराब, धूम्रपान करने में जो आपने अपना नुकसान किया उसकी सारी विवरण, कार्य व समय इत्यादि के अनुसार प्रतिदिन इस प्रकार लिखें कि जिस दिन आप उस निरर्थकता से बचे तो आपको आनन्द आयेगा व संतोष का अनुभव होगा तथा गम्भीरता से पालन किया तो किसी दिन ऐसी स्थिति भी आ जायेगी कि आपको यह सब लिखने की जरूरत भी अनुभव नहीं होगी या आप पूरी तरह से सुधर चुके होंगे। जब भी कोई उल्लंघन करें तो अपने आप को कुछ सज़ा दें, जैसे कि अगले दिन चाय-काफ़ी बिल्कुल न पीयें, कल साईकल ही चलायें, कल 10-10 मिनटस तक कम से कम तीन बार रस्सी कूदें इत्यादि। ग़लती को दोहराने पर सज़ा की मात्रा व तीव्रता बढ़ा दें ताकि स्वयं को संदेश जाये कि अबकी बार अधिक सावधानी बरतनी है, या दण्ड झेलना और कठिन हो जायेगा।




## मिट्टी के दो कटोरे में डेली पानी भरे -

हाट जाकर देसी मिट्टी से बने दो सकोरे लायें जिन्हें प्रतिदिन धो-धोकर एक सकोरे में पेयजल भरें व दुसरे में मिश्रित देसी साबुत अनाज को मिक्स करके रखे, स्थानीय किराना दुकान या अनाज-व्यवसायी से बोलें. समस्त देसी व साबुत अनाजों का एक मिश्रण तैयार कर दें। शहर हो या गाँव हर स्थिति-परिस्थिति में पक्षियों व गिलहरियों को स्वच्छ पेयजल व पौष्टिक व स्वादिष्ट शुद्ध भोजन की कमी की सतत पूर्ति का यह सबसे सरल उपाय है एवं हम सबके 'मनुष्य' होने को परिभाषित करता ईश्वरीय उत्तरदायित्व भी।

## कील-तार-सीमेण्ट-क्रांक्रीट से करें मुक्त -

आपने देखा होगा की कई बार कई पेड़ - पौधे तार व अन्य चीजो से दब जाते है या उनके ऊपर किसी सामान का बोझ लदा रहता है जिस कारण वह पौधे या तो टूट जाते है या उनका विकास नहीं हो पाता. इसलिए हर दिन लेखा-जोखा रखें कि आज आसपास या आपके घर से दूर कितने पेड़ों से आपने कीलें निकालीं, उनसे तार हटाये, उनका दम घोंट रही क्रांक्रीट अथवा सीमेण्ट को दूर किया. इसके लिये अपने पास प्लायर, कैंची, लौहे की छोटी-सी राड, खुरपी इत्यादि का एक पैकेट रखें जो अन्य कई कार्य भी आयेगा।

## जीव जन्तुओ की सेवा की साप्ताहिक रिपोर्ट कार्ड -

अपनी आँखों को खुला रखकर घर से बाहर निकलें, जहाँ भी कोई पशु-पक्षी घायल, भूखा-प्यासा या अन्य किसी भी प्रकार से रोगी व ज़रूरतमंद लगे तुरंत रुककर उसे सहायता पहुँचायें, आवश्यकता पड़ने पर खुद ट्राली या ऑटो की व्यवस्था करवाकर उसे चिकित्सालय पहुँचायें. उसकी निगरानी करें व जरूरत पड़ने पर डाक्टर इत्यादि को बुलवाने का भी ख्याल रखें। वैसे भी ये कार्य करने में उतने कठिन नहीं होंगे परन्तु यदि पैसो से जुड़ी जैसी कोई समस्या या अन्य कोई बात आड़े आये तो भी परिचितों व अपरिचितों से सहायता माँगने में संकोच न करें।

## बीज व वृक्षारोपण करे -

अपने साथ यहाँ-वहाँ से इकट्ठे किये गये बीज (जैसे सीताफल, बकायन, आम, चीकू, जामुन, शीशम) रखें जिन्हें आप आते-जाते मार्ग में जहाँ-जहाँ या नम व कुछ सुरक्षित-सी लगने वाले भूमि में एक छोटी-सी लकड़ी से खोदकर गड़ाते चलें जिनमें से यदि 5 प्रतिशत भी पेड़ बने तो आपका समूचा प्रयास सफल ही कहा जायेगा. स्थानीय नर्सरी से कुछ ऐसे पेड़ खरीदे जो लोगों को बहुत भायेंगे, जैसे कि तेजपत्ता, दालचीनी, मीठी नीम, कपूर, गुग्गल, अमरूद, अनार, बेलपत्र, नारियल आदि, जहाँ-तहाँ पूछताछ जारी रखें व यदि कोई भूस्वामी, मकान-मालिक, मंदिर-पुजारी या दुकानदार अपने इलाके या अधिकार क्षेत्र में वह प्रजाति लगवाना चाहे तो वहाँ स्वयं अपने हाथों से लगाकर आयें व उसकी सुरक्षा व नियमित पानी देने का निवेदन भी करके आयें. आपके द्वारा की गयी यह पहल आपके पुण्य तो बढ़ायेगी ही, साथ में हरियाली बढ़ाने के साथ सौहार्द्र बढ़ाने में भी प्रमुख भूमिका निभायेगी. यदि वृक्ष सुरक्षा-कवच बनाना हो तो तीन-चार मजबूत डण्डे, बाँस, पुरानी पड़ी राड्स गड़ाकर.. ठौंककर या गड्ढे खोदकर व रस्सियाँ या बेर-बबूल के काँटों से आप बड़ी आसानी से यह भी कर सकते हैं।

## बिना स्वार्थ के कर्म करे -

स्वार्थ या अपने कुल-कुटुम्ब के लिये तो कुत्ता भी बहुत कुछ कर ही लेता है परन्तु नि:स्वार्थ भाव से या परायों के लिये, पेड़-पौधों व पशु-पक्षियों, अनाथों-बूढ़ों, अपरिचितों इत्यादि के लिये कुछ किया हो तो भगवान् को लगे कि आपको मानव जन्म प्रदान करना सार्थक हो रहा है. इस बात को समझने के लिए आप हमारा जीवन की सार्थकता के 41 मार्ग यह आर्टिकल जरुर पढ़ा जा सकता है। उपरोक्त सम्पूर्ण डाटाबेस हर दिन के आधार पर तैयार करना है, यह नहीं कि भूल गये या बाद में लिखेंगे। नया साल चाहे जब आये, आप तो अभी से आरम्भ करें, शुभस्य शीघ्रम् ! श्रीगणेश करें...




# अंग्रेजी नववर्ष का भारतीयकरण

**अंग्रेजी या ईसाई नववर्ष दुनियां के उन देशों में मनाया जाता है जिन पर कभी अंग्रेजों ने राज किया था। हर देश अपने इतिहास और मान्यताओं के अनुसार नव वर्ष मनाता है। भारत में प्राय: सभी संवत्सर चैत्रा शुल प्रतिपदा से प्रारम्भ होते हैं पर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमरीका और ब्रिटेन का वर्चस्व दुनियां में बढ़ गया। इन दोनों के ईसाई देश होने से कई अन्य देशों में भी ईसाई वेशभूषा, खानपान, भाषा और परपराओं की नकल होने लगी। भारत भी इसका अपवाद नहीं है।**

एक बार फिर एक जनवरी आएगी। हर बार की तरह समाचार माध्यमों ने वातावरण बनाना प्रारभ कर दिया है। 31 दिसबर की रात और एक जनवरी को दिन भर शोर-शराबा होगा। लोगों ने एक दूसरे को बधाई लेंगे और देंगे। सरल मोबाइल संदेशों (एसएमएस) के आदान-प्रदान से मोबाइल कंपनियों की चांदी कटेंगे। रात में बारह बजे लोग शोर मचाएंगे। शराब, शवाब और कवाब के दौर चलेंगे। इसके अतिरित और भी न जाने लोग कैसी-कैसी मूर्खताएं करेंगे जरा सोचिये, नये दिन और वर्ष का प्रारभ रात के अंधेरे में हो, इससे बड़ी मूर्खता और क्या हो सकती है।

यह बात आज तक समझ में नहीं आई कि यदि ईसा मसीह का जन्म 25 दिसबर को हुआ था तो जिस वर्ष और ईसवी को उनके जन्म से जोड़ा जाता है, उसे एक सप्ताह बाद एक जनवरी से क्यों मनाया जाता है । वस्तुत: ईसा का जन्म 25 दिसबर को नहीं हुआ था। चौथी शती में पोप लाइबेरियस ने इसकी तिथि 25 दिसबर घोषित कर दी, तब से इसे मनाया जाने लगा। तथ्य तो यह भी है कि ईसा मसीह के जीवन के साथ जो प्रसंग जुड़े हैं, वे बहुत पहले से ही योरोप के अनेक देशों में प्रचलित थे। उन्हें ही ईसा के साथ जोड़कर एक कहानी गढ़ दी गयी। इससे इस संदेह की पुष्टि होती है कि ईसा नामक कोई व्यति हुआ ही नहीं वरना यह कैसे संभव है कि जिस तथाकथित ईश्वर के बेटे के दुनियां में अरबों लोग अनुयायी हैं, उसकी ठीक जन्म-तिथि ही पता न हो। जैसे भारत में 'जय संतोषी मां' नामक फिल्म ने कई वर्ष के लिए एक नयी देवी को ह्रश्वातिष्ठित कर दिया था। कुछ ऐसी ही कहानी ईसा मसीह की भी है

इसके दूसरी ओर भारत में देखें तो लाखों साल पूर्व हुए श्रीराम और 5,000 से भी अधिक वर्ष पूर्व हुए श्रीकृष्ण ही नहीं तो अन्य सब अवतारों, देवी-देवताओं और महामानवों के जन्म की प्रामाणिक तिथियां सब जानते हैं और उन्हें हर वर्ष धूमधाम से मनाते भी हैं। लेकिन फिर भी नव वर्ष के रूप में एक जनवरी प्रतिष्ठित हो गयी है, लोग इसे मनाते भी हैं, इसलिए मेरा विचार है कि हमें इस अंग्रेजी पर्व का भारतीयकरण कर देना चाहिए। इसके लिए भविष्य में निन कुछ प्रयोग किये जा सकते हैं। एक जनवरी को अपने गांव या मोहल्ले में भगवती जागरण करें। अपने घर, मोहल्ले या मंदिर में श्रीरामचरितमानस का अखंड पारायण प्रारभ करें। एक जनवरी को प्रात: सामूहिक यज्ञ का आयोजन हो।

एक जनवरी को भजन गाते हुए प्रभातफेरी निकालें। सिख, जैन, बौद्ध आदि मत और पंथों की मान्यता के अनुसार कोई धार्मिक कार्यक्रम करें। एक जनवरी को प्रात: बस और रेलवे स्टेशन पर जाकर लोगों के माथे पर तिलक लगाएं। एक जनवरी को निर्धनों को भोजन कराएं। बच्चों के साथ कुष्ठ आश्रम, गोशाला या मंदिर में जाकर दान-पुण्य करें। ये कुछ सुझाव हैं। यदि इस दिशा में सोचना प्रारभ करेंगे तो कुछ अन्य प्रयोग और कार्यक्रम भी ध्यान में आएंगे। हिन्दू पर्व मानव के मन में सात्विकता जगाते हैं चाहे वे रात में हों या दिन में जबकि अंग्रेजी पर्व नशे और विदेशी संगीत में डुबोकर चरित्राहीनता और अपराध की दिशा में ढकेलते हैं। इसलिए जिन मानसिक गुलामों को इस अंग्रेजी और ईसाई नववर्ष को मनाने की मजबूरी हो, वे इसका भारतीयकरण कर मनाएं।



# बुमराह, रुट सहित चार खिलाड़ी आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए नामांकित

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए नामांकित किया गया है। बुमराह के अलावा इस पुरस्कार की दौड़ में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट और हैरी ब्रुक भी हैं। बुमराह ने टी20 विश्वकप के आठ मैचों में 15 विकेट लिए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में लिए दो विकेट भी शामिल हैं, जिससे भारतीय टीम 2024 टी20 विश्व कप में अपराजेय रही है।

बुमराह ने 13 टेस्ट मैचों में 71 विकेट लेकर टेस्ट प्रारुप में भी शानदार रिकार्ड बनाया है। ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह 12.83 की औसत से 30 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे हैं। उन्होंने 200 टेस्ट विकेट भी पूरे किये हैं। वह 20 से कम औसत के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले गेंदबाज हैं। वहीं बल्लेबाजी की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड ने भी सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किय है। 2023 आईसीसी विश्व कप फाइनल के बाद से ही हेड जबरदस्त फॉर्म में हैं। उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में सात पारियों में 255 रन बनाये थे। इसके अलावा टेस्ट प्रारुप की बात करें तो मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी बने हैं। वहीं इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज रूट भी पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। रुट ने 17 टेस्ट में 55.57 की औसत से 1556 रन बनाए हैं। इससे पहले साल 2021 में उन्होंने 1708 रन बनाये थे। छह टेस्ट शतकों और पांच अर्द्धशतकों के साथ, रूट भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के साथ टेस्ट में संयुक्त रूप से पांचवें सबसे ज्यादा 36 शतक बनाने वाला बल्लेबाज बने हैं। रूट ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार विकेट भी लिए हैं। इंग्लैंड के ही युवा क्रिकेट हैरी ब्रूक भी साल के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल हैं। हैरी ने ने 12 टेस्ट में 55 की औसत से 1100 रन बनाए, जिसमें तीन अर्द्धशतक और चार शतक शामिल हैं। जिसमें एक तिहरा शतक भी है।



## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2024 की अपनी टेस्ट टीम का बुमराह को बनाया कप्तान, यशस्वी भी शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने साल 2024 की अपनी पुरुष टेस्ट टीम घोषित की है। इसकी कप्तानी भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह मिली है। वहीं बुमराह के अलावा युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी छह देशों के खिलाड़ियों वाली अंतिम ग्यारह में जगह मिली है। इस टीम में सीए ने ऑस्ट्रेलिक के केवल दो खिलाड़ियों विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को अंतिम ग्यारह में शामिल किया है। इस टीम में इंग्लैंड के जो रूट, बेन डकेट और हैरी ब्रुक के साथ ही न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और मैट हेनरी को भी शामिल किया गया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और श्रीलंका के कामिंडू मेंडिस को भी इस टीम में शामिल किया गया है।यशस्वी को जगह मिलने का कारण उनका इस साल का प्रदर्शन रहा। यशस्वी ने इस साल अनुभवी बल्लेबाजों की तरह खेलते हुए । लगातार दोहरे शतक लगाकर इंग्लैंड के ख़िलाफ़ घरेलू टेस्ट सीरीज़ में टीम की जीत तय की। वहीं पर्थ में भारतीय टीम की जीत में उनकी 161 रनों की पारी अहम रही। इस युवा बल्लेबाज ने एक कैलेंडर वर्ष में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा रन बनाने और एक साल में दुनिया भर में सबसे ज्यादा 36 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं इंग्लैंड के डकेट ने आक्रामक अंदजा मे खेलते हुए भारत दौरे में राजकोट में 153 रन और मुल्तान में 114 रनों की पारियां खेलीं। 87.04 का उनका स्ट्राइक रेट रहा। वहीं रूट ने साल 2024 में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए छह शतक लगाये और 11 विकेट लिए, लॉर्ड्स में श्रीलंका के ख़िलाफ़ एक दोहरा शतक शतक और मुल्तान में नाबाद 262 रनों की पारी भी उनके नाम रही। जिससे टीम को पाकिस्तान पर जीत हासिल करने में सहायता मिली। इस दौरान उन्होंने 11 विकेट भी लिए। वहीं न्यूजीलैंड के रविंद्र ने भारत में कीवी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 134 रन की पारी खेली। उन्होंने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोहरा शतक भी बनाया। वहीं इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज ब्रूक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक शतक लगाने के साथ ही मुल्तान में 317 रन की शानदार पारी खेलकर विरोधी टीम पर दबाव बनाया। वहीं श्रीलंका के मेंडिस ने 13 पारियों में चार शतकों के साथ ही 1,000 रन बनाकर ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी की। ऑस्ट्रेलिया के कैरी ने 46 शिकार के साथ स्टंप के पीछे असाधारण प्रदर्शन किया। इसके साथ ही क्राइस्टचर्च में उनकी नाबाद 98 रन की पारी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ चौथी पारी में से एक थी। हेनरी न्यूजीलैंड के प्रमुख गेंदबाज के रूप में उभरे, जिन्होंने भारत के खिलाफ 15 रन देकर पांच विकेट लिए। बुमराह का 2024 का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहा, जिसमें उन्होंने 13 मैचों में 14.92 की औसत से 71 विकेट लिए, जिससे वे इस साल के सबसे बेहतरीन गेंदबाज बन गए जबकि ऑस्ट्रेलिया के हेजलवुड ने 14 से कम की औसत से गेंदबाजी करते हुए अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज ने अपनी गेंदों से विरोधी टीमों पर दबाव बनाये रखा। इस टीम पाकिस्तान और बांग्लादेश के किसी भी क्रिकेटर को जगह नहीं मिली।

टीम इस प्रकार है जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, बेन डकेट, जो रूट, रचिन रवींद्र, हैरी ब्रुक, कामिंडू मेंडिस, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), मैट हेनरी, जोश हेजलवुड, केशव महाराज।

## दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला गेंदबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंची



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ स्वदेश में हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से पांचवें पायदान पर पहुंच गई। शीर्ष पांच में जगह बनाने वाली दीप्ति के अब 665 रेटिंग अंक हैं और वह चौथे स्थान पर चल रही दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप से 12 अंक पीछे हैं।

27 साल की दीप्ति ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच में आठ विकेट चटकाए थे जिसमें अंतिम मैच में 31 रन देकर छह विकेट भी शामिल है। भारत ने वडोदरा में यह एकदिवसीय श्रृंखला 3-0 से जीतकर क्लीनस्वीप किया था। बल्लेबाजों की सूची में जेमिमा रोड्रिग्स 537 अंक के साथ शीर्ष 20 में जगह बनाने के करीब हैं। श्रृंखला में 29 और 52 रन की पारियां खेलकर वह चार स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर हैं। आक्रामक बल्लेबाज रिचा घोष भी सात स्थान के फायदे से 41वें पायदान पर हैं। उनके 448 रेटिंग अंक हैं।

वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक की बदौलत 21 स्थान की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर हैं। श्रृंखला में दो अर्धशतक बनाने वाली भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (720 अंक) हालांकि एक स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई। दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (773) और श्रीलंका की चामरी अटापट्टू (733) उनसे आगे हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर तीन स्थान के नुकसान से 13वें स्थान पर हैं। वडोदरा में अपने करियर की सातवां एकदिवसीय शतक जड़ने वाली हेली मैथ्यूज छह स्थान के फायदे से बल्लेबाजी रैंकिंग में सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# खो-खो विश्व कप का शेड्यूल जारी, 13 जनवरी से शुरू होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष टीम 13 जनवरी से शुरू होने वाले पहले खो - खो विश्व कप के शुरुआती दिन अपने अभियान का आगाज ग्रुप ए में नेपाल के खिलाफ यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में करेगी जबकि महिला टीम इसके अगले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। 13 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस विश्व कप के पुरुष और महिला वर्ग में क्रमश -20 और 19 टीमें भाग ले रही है।

खो-खो विश्व कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार को बताया कि टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाले दो टीमें नॉकआउट चरण (क्वार्टर फाइनल) के लिए क्वालीफाई करेंगी। पुरुष वर्ग में भारत और नेपाल के अलाव ग्रुप ए में पेरू, ब्राजील और भूटान की टीमें हैं।

महिलाओं के वर्ग में ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया के साथ ईरान और




मलेशिया की टीमें है। भारतीय पुरुष टीम इसके बाद 14 जनवरी को ब्राजील, 15 जनवरी को पेरु, 16 जनवरी को भूटान के खिलाफ खेलेगी। महिला टीम 15 जनवरी को ईरान और 16 जनवरी को मलेशिया की चुनौती का सामना करेगी। टूर्नामिंट में दोनों वर्गों का क्वार्टर फाइनल 17 जनवरी, सेमीफाइनल 18 जनवरी और फाइनल 19 जनवरी को खेला जाएगा।

### विश्व कप के लिए पुरुष टीमों का ग्रुप

ग्रुप ए : भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान

ग्रुप बी : दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान

ग्रुप सी: बांग्लादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड

ग्रुप डी : इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और कीनिया

### विश्व कप के लिए महिला टीमों का ग्रुप

ग्रुप ए : भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया

ग्रुप बी : इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कीनिया, युगांडा और नीदरलैंड

ग्रुप सी : नेपाल, भूटान, श्रीलंका, जर्मनी और बांग्लादेश

ग्रुप डी : दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पोलैंड, पेरू और इंडोनेशिया

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने दी रोहित को संन्यास की सलाह



मेलबर्न । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को संन्यास की सलाह दी है। मार्क ने साथ ही कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो रोहित को संन्यास लेने को कह देते। रोहित टी20 विश्व कप के बाद से ही फार्म में नहीं हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी वह रन नहीं बना पाये थे। इससे वह आलोचकों के साथ ही पूर्व क्रिकेटरों के भी निशाने पर हैं। मार्क के इस बयान का कुछ लोगों ने समर्थन किया है। वहीं कुछ ने कहा कि उन्हें पहले अपनी टीक के मिचेल मार्श का रिकार्ड देखना चाहिये। मार्श भी इस सीरीज में विफल रहे हैं। वॉ ने कहा, अगर मैं अभी चयनकर्ता होता तो कहता कि मेलबर्न में जब रनों की जरुरत थी तो वह दूसरी पारी में केवल 9 रन ही बना पाये। ऐसे में सिडनी में आपको नहीं लिया जा सकता। मैं कहता, रोहित आपकी सेवा के हम आभारी हैं। आप एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं पर हम अब जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाने जा रहे हैं और यह आपके करियर का अंत होगा। रोहित के लिएए यह सीरीज किसी खराब सपने से कम नहीं रही है। उन्होंने 5 पारियों में 31 रन बनाए हैं, जबकि कप्तान के तौर पर भी वह बहुत सफल नहीं रहे हैं। वहीं भारत ने पहला टेस्ट बुमराह की कप्तानी में शानदार तरीके से जीता था। रोहित ने एडिलेड टेस्ट में कप्तानी संभाली थी जिसमें टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा था। वहीं तीसरा मैच भारतीय टीम बड़ी मुश्किल से बचा पायी जबकि चौथे टेस्ट में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा।

# भारतीय टीम अंतिम टेस्ट में हारी तो डब्ल्यूटीसी से बाहर होगी

**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में मिली 184 रनों की बढ़ी जीत के साथ ही आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल के लिए अपनी दावेदारी और पक्की कर ली है। वहीं अब अगर ऑस्ट्रेलिया अगर 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट को ड्रा करा लेता है या जीत हासिल कर लेता है तो भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी से बाहर हो जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने इस चक्र में अपनी 10वीं जीत के साथ फाइनल खेलने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाया है। उसका अंक प्रतिशत पीसीटी 58.89 से बढ़कर 61.45 पहुंच गया है। अब तक केवल एक टीम दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंची है। वहीं चौथे टेस्ट में हार से भारत की




डब्लयूटीसी फाइनल की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। इस हार के साथ तीसरे स्थान पर मौजूद भारत का पीसीटी 55.89 से घटकर 52.77 हो गया। इस चक्र में भारत की ये सातवीं हार है।

इससे पहले अपनी धरती पहले घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली टेस्ट सीरीज में हार और अब ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में दूसरी हार से भारत मुश्किल में आ गया था। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम से बॉक्सिंग डे टेस्ट हारकर भारतीय टीम के सीधे प्रवेश की संभावनएं समाप्त हो गयी हैं और उसे अब अन्य टीमों के परिणामों पर भी निर्भर रहना होगा। सिडनी में अगर भारतीय टीम जीत दर्ज करती है तो उसका पीसीटी 55.26 हो जाएगा, जिससे उसकी उम्मीदें बनी रहेंगी। इसके साथ ही भारतीय टीम को दुआ करनी होगी कि श्रीलंका 1-0 से ऑस्ट्रेलिया को हरा दे।

## विश्व कप जीतना चाहते हैं हरमनप्रीत



नई दिल्ली । भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं। हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से हासिल कर सकेंगे।

# हार्दिक पांड्या से अच्छी है नितीश की बल्लेबाजी: गावस्कर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टीम के युवा ऑलराउंडर नितीश रेड्डी की जमकर प्रशंसा की है। गावस्कर का मानना है कि नितीश बल्लेबाजी के मामले में अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से बेहतर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में नितीश ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है। इस युवा ने मेलबर्न में विपरीत हालातों में 114 रनों की शानदार पारी खेली थी। नितीश ने पहली पारी में शतक लगाकर भारतीय टीम को मैच में बनाए रखा था। गावस्कर नितीश के दृढ़ संकल्प से काफी प्रभावित हैं, उन्होंने उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में से एक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि नितीश की बल्लेबाजी हार्दिक पांड्या से कहीं बेहतर है।

मेलबर्न टेस्ट में नितीश पहली पारी में नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने आए थे। गावस्कर ने लिखा, मेलबर्न टेस्ट से भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकते युवा सितारों में से एक नीतीश कुमार रेड्डी सामने आये हैं। वह आईपीएल में हैदराबाद फैंचाइजी के लिए अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की नजर में आये हैं गावस्कर ने कहा, पर्थ में अपने पहले टेस्ट मैच में ही यह स्पष्ट हो गया था कि यह एक ऐसा क्रिकेटर है जो हालातों को समझ सकता है और उसके अनुसार खेल सकता है। प्रत्येक अगले टेस्ट मैच के साथ वह बेहतर समझ वाला खिलाड़ी बनता गया है।

नीतीश ने पहले पर्थ और एडिलेड में 40 रन की पारियां दर्ज की थीं। वह हालांकि अपनी गेंदबाजी में सुधार करना चाहेंगे क्योंकि उन्होंने गेंद से बहुत कम प्रदर्शन किया है। गेंद के साथ क्षमता हासिल करने से उन्हें भारत के लिए एक अच्छे मैच विजेता ऑलराउंडर के रूप में उभरने में मदद मिलेगी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी



के चार टेस्ट मैचों में नीतीश ने 294 रन बनाने के साथ ही 3 विकेट भी लिए।

गावस्कर ने कहा, मेलबर्न में, जब भारत मुश्किल में था, तो उन्होंने शानदार शतक बनाया जिसने आने वाले लंबे समय के लिए टीम में उनकी जगह पक्की कर दी।

## ऑकलैंड में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायीं तो संन्यास लेंगी ओसाका



ऑकलैंड । जापानी की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने कहा कि अगर ऑकलैंड में एएसबी टेनिस क्लासिक में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पायीं तो खेल से संन्यास ले लेंगी। ओसाक अक्टूबर में चाइना ओपन में पीठ में आये खिंचाव के बाद से ही टेनिस कोर्ट से दूर हैं। अब वह वापसी करते हुए अपना पहला मुकाबला ऑकलैंड में खेलेंगी। इस टूर्नामेंट में ओसाका का पहला मुकाबला इस्राइल की लिना ग्लूश्को से होगा। ओसाका ने कहा कि इस साल उन्होंने अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए लगभग 15 महीने के ब्रेक के बाद अपना पेशेवर करियर फिर से शुरू किया था और वह सत्र के अंत में 58वें स्थान पर रही। ओसाका ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसी खिलाड़ी हूं जो उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं रहने पर खेलती रहूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं टूर पर मौजूद सभी खिलाड़ियों का बहुत सम्मान करती हूं पर मैं अभी अपने जीवन में जिस जगह पर हूं, उसे देखते हुए अगर मैं एक एक तय स्थानसे ऊपर नही पहुंचती तो मैं आगे नहीं खेलना चाहूंगी।'' ओसाका ने कहा, ''अगर मैं उस रैंकिंग पर नहीं पहुंचती हूं जहां मुझे लगता है कि मुझे होना चाहिए तो मैं उसकी जगह पर अपनी बेटी के साथ समय बिताना अधिक पसंद करूंगी।'' ओसाका का इस जीत हार का एकल रिकॉर्ड 22-17 रहा है।

# रोहित-विराट की जगह लेने के लिए खिलाड़ी हैं, बुमराह अगला कप्तान होगा : दो बार के विश्व कप विजेता



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच और दो बार के विश्व कप विजेता डेरेन लीमैन का मानना है कि भारतीय क्रिकेट के पास यशस्वी जायसवाल जैसा सुपरस्टार है और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा के संन्यास के बाद भी भारतीय क्रिकेट में इस कमी को पूरा करने वाले खिलाड़ी होंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए एक दशक के करियर में 27 टेस्ट और 117 वनडे खेलने वाले लीमैन ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने कभी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जिसका एक श्रृंखला पर इतना असर रहा हो।

मौजूदा श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के कारण रोहित और कोहली के संन्यास की संभावना के बारे में लीमैन ने कहा, 'देखते हैं कि अगले कुछ दिन में क्या होता है और वे क्या फैसला लेते हैं। लेकिन वे लंबे समय से भारत के महान क्रिकेटर रहे हैं। अब युवा खिलाड़ी भारत के लिए बेहतरीन खेल रहे हैं। भारतीय क्रिकेट में इतनी गहराई है कि उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। जब भी ये दोनों संन्यास का फैसला लेते हैं तो उनकी जगह लेने के लिए काफी प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं।'

जायसवाल के बारे में उन्होंने कहा, 'सुपरस्टार। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक। वह और हैरी ब्रूक अगली पीढ़ी के खिलाड़ी हैं। उसने मेलबर्न और पर्थ में शानदार पारियां खेली। इस दौरे पर वह एक खिलाड़ी के तौर पर काफी निखरा है।' बुमराह की तुलना वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा से करते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित के बाद वह अगला कप्तान होगा। उसने पर्थ में शानदार प्रदर्शन किया। मैंने जितने गेंदबाजों को खेलते देखा है, वह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने वसीम अकरम और ग्लेन मैकग्रा को देखा है लेकिन किसी एक श्रृंखला में किसी गेंदबाज का इतना प्रभाव नहीं देखा जो 2013-14 एशेज में मिचेल जॉनसन के बाद अब बुमराह ने दिखाया है।'

बदलाव के दौर पर लीमैन ने कहा कि आस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी में चिंता करने की जरूरत है हालांकि पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, स्कॉट बोलैंड जैसे गेंदबाज भी तीस पार कर चुके हैं। उन्होंने कहा, 'गेंदबाजी में कई अच्छे खिलाड़ी आ रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी में सोचने की जरूरत है।'

# मणिपुर के मुख्यमंत्री ने की मेल मिलाप से रहने की अपील, अशांति के लिए मांगी माफी

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राज्य में मई 2023 से हो रही हिंसा और अशांति के लिए गहरा खेद व्यक्त करते हुए जनता से माफी मांगी है। उन्होंने लोगों से मेल-मिलाप से रहने और शांति व समृद्धि से भरे नए जीवन की शुरूआत की अपील की। साल के अंतिम दिन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं मणिपुर के लोगों से माफी मांगता हूं। इस अशांति में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई और बेघर हो गए। मुझे इसका गहरा खेद है।₹ मुख्यमंत्री ने कहा कि



यह वर्ष राज्य के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा और उन्होंने हिंसा में मारे गए तथा विस्थापित हुए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने राज्य में शांति बहाली के लिए चल रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा, पिछले तीन-चार महीनों में शांति की दिशा में प्रगति देखकर मुझे विश्वास है कि नए साल के साथ राज्य में सामान्य स्थिति और शांति वापस आएगी। उन्होंने सभी समुदायों से पुरानी गलतियों को भुलाकर मेल-मिलाप से रहने की अपील की और कहा कि पुरानी गलतियों को माफ करें और शांति और समृद्धि से भरे नए जीवन की शुरूआत करें। मणिपुर के सभी समुदायों को एक साथ रहना होगा। उन्होंने 2024 की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह वर्ष विकास और सौहार्द का रहा। वर्ष 2025 में और प्रगति की उम्मीद है, आइए हम मिलकर एक मजबूत और समावेशी राज्य का निर्माण करें।

## दिल्ली में कोई मंदिर या बौद्ध स्थल तोड़ा न जाए, सीएम आतिशी ने एलजी को लिखा पत्र

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को राजधानी के मंदिरों और बौद्ध धार्मिक स्थलों के मामले को लेकर चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने कहा है कि उपराज्यपाल ने मंदिरों और बौद्ध धार्मिक स्थलों को तोड़ने के निर्देश दिए हैं लेकिन इन्हें तोड़ा नहीं जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस चिट्ठी में लिखा है कि आपके निर्देश पर और आपकी स्वीकृति से धार्मिक समिति ने दिल्ली भर में कई धार्मिक ढांचों को गिराने का निर्णय लिया है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि गिराए जाने वाले धार्मिक ढांचों की सूची में कई मंदिर और बौद्ध पूजा स्थल शामिल हैं, जो दलित समुदाय द्वारा पूजनीय हैं। इन ढांचों को गिराने से इन समुदायों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। दिल्ली के लोगों की ओर



से मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगी कि संलग्न सूची में दिए गए किसी भी मंदिर और पूजा स्थल को न तोड़ा जाए। इस चिट्ठी में पश्चिमी पटेल नगर, दिलशाद गार्डेन, सुंदर नगरी, सीमापुरी, गोकलपुरी और न्यू उस्मानपुर इलाके के एक-एक मंदिर का जिक्र किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे ध्यान में लाया गया है कि धार्मिक समिति ने 22 नवंबर 2024 को आयोजित बैठक में दिल्ली भर में अनेक धार्मिक संरचनाओं को ध्वस्त करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने पत्र के साथ बैठक की कार्यवाही भी संलग्न की है। आतिशी ने तर्क दिया है कि इन बौद्ध धार्मिक स्थलों से दलितों की आस्था जुड़ी है। इन्हें तोड़ने से लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं। हालांकि, पिछले साल जारी एक आदेश में आपके कार्यालय ने कहा था कि धार्मिक संरचनाओं को गिराना 'सार्वजनिक व्यवस्था' से जुड़ा मामला है, और यह निर्वाचित सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। यह सीधे एलजी के अधिकार क्षेत्र में होगा। तब से धार्मिक समिति के काम की निगरानी सीधे आपके द्वारा की जाती है। धार्मिक समिति की सभी फाइलें गृह विभाग से एलजी के पास भेजी जाती हैं, जिसमें मुख्यमंत्री और मंत्री (गृह) को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया जाता है। इससे पहले आतिशी ने आज गुरुद्वारा संत सुजान सिंह महराज करोल बाग में पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना के तहत ग्रंथी साहिबानों के पंजीकरण की शुरूआत की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए लिखा, ₹यह योजना समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा और समर्पण को सम्मानित करने की दिशा में अरविंद केजरीवाल का एक सराहनीय प्रयास है।

### आईआरसीटीसी की वेबसाइट इस माह तीसरी बार क्रैश

**नई दिल्ली :** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल ऐप मंगलवार को एक बार फिर डाउन हो गई। इस माह यह तीसरी बार है जब टिकट बुकिंग करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से टिकट बुक करने में समस्या आने पर कई यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत दर्ज की। उन्होंने लिखा कि वह टिकट बुक नहीं कर पा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने लिखा, #आईआरसीटीसी ऐप और वेब दोनों क्रैश हो गए। कैप्चा सर्वर क्रैश हो गया। उन्हें कैप्चा 2.0 का उपयोग बंद कर देना चाहिए और क्लाउड पर चले जाना चाहिए। आज के क्लाउड की दुनिया में वे डेटासेंटर और सर्वर का उपयोग क्यों करते हैं और इन-हाउस सब कुछ करने के लिए फैंटम बनने की कोशिश क्यों करते हैं, मुझे नहीं पता। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

## मार्शल लॉ लगाने के मामले में दक्षिण कोरिया के निलंबित राष्ट्रपति के नाम अरेस्ट वारंट जारी



एजेंसी

**सियोल :** दक्षिण कोरिया की अदालत ने निलंबित राष्ट्रपति यूं सुक येओल के लिए गिरफ्तारी वारंट को मंजूरी दे दी है। येओल के लिए गिरफ्तारी और तलाशी वारंट मंगलवार सुबह जारी किया गया। येओल पर 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लागू करने के फैसले को लेकर महाभियोग लगाया गया था और उन्हें सत्ता से निलंबित कर दिया गया था। दि कोरिया हेराल्ड के मुताबिक सियोल पश्चिमी जिला न्यायालय ने निलंबित राष्ट्रपति यूं सुक येओल के खिलाफ वारंट को मंजूरी दे दी है। दक्षिण कोरिया में किसी मौजूदा राष्ट्रपति के लिए जारी किया गया यह पहला गिरफ्तारी वारंट है। उल्लखनीय है कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने 3 दिसंबर की रात नाटकीय घटनाक्रम में देश में मार्शल लॉ की घोषणा की थी। मार्शल लॉ लागू करने को लेकर उन्होने दावा किया था कि वह दक्षिण कोरिया को 'देश-विरोधी ताकतों' से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष पर देश विरोधी ताकतों के साथ मिले होने का आरोप लगाते हुए मार्शल लॉ को जरूरी बताया था। हालांकि व्यापक विरोध और दबाव के बाद इसे वापस ले लिया गया। जिसके बाद उनके खिलाफ महाभियोग लगाया गया और सत्ता से निलंबित कर दिया गया। अब उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी कर दिया गया है। साल 1987 में दक्षिण कोरिया के संसदीय लोकतंत्र बनने के बाद कभी यहां मार्शल लॉ नहीं लगा था लेकिन राष्ट्रपति यूं सुक येओल ने इसे लागू करने की कोशिश की।

## उप्र पुलिस द्वारा किए गए एनकांउटर की हो न्यायिक जांच : एसजीपीसी

एजेंसी



**चंडीगढ़ :** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने इस साल की अंतिम बैठक में उत्तर प्रदेश पुलिस के हाल ही में किए गए एनकांउटर की न्यायिक जांच की मांग की है। पंजाब के पुलिस थानों पर हो रहे ग्रेनेड हमलों के चलते उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाल ही में पंजाब के तीन युवकों को एनकांउटर किया था। मृतक युवकों के परिजन एनकांउटर पर सवाल खड़े कर रहे हैं। एसजीपीसी ने मृतकों के परिजनों की आशंकाओं का समर्थन करते हुए मंगलवार को हुई बैठक में प्रधान हरजिंद्र सिंह धामी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। प्रारंभिक तौर पर ऐसा प्रतीत होता है कि बेहद कम उम्र के युवाओं को जानबूझ कर निशाना बनाया गया है। इस एनकांउटर की न्यायिक जांच होनी चाहिए। एसजीपीसी की बैठक में अकाली दल के पूर्व प्रधान सुखबीर बादल पर बीती चार दिसंबर को फायरिंग करने के आरोपित आतंकी नारायण सिंह चौड़ा को पंथ से छेकने (बाहर करने)की मांग को भी खारिज कर दिया गया। कमेटी की बैठक में पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के मामले की जांच के लिए बनाई गई कमेटी का कार्यकाल एक माह के लिए बढ़ाने का भी फैसला लिया गया। बैठक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी गई।

# 2024 पाकिस्तानी सेना व सुरक्षाबलों के लिए 10 साल रहा सबसे घातक : सीआरएसएस

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** वर्ष 2024 पाकिस्तानी सेना और सुरक्षाबलों के लिए 10 साल में सबसे घातक रहा। साल 2024 में पाकिस्तान में 1166 आतंकी हमलों व हमलावरों के खिलाफ अभियान से जुड़े मामलों के दौरान 2546 मौतें हुईं और 2267 लोग घायल हुए। इनमें नागरिक, सुरक्षाकर्मी और हमलावर शामिल हैं। देशभर में हुई कुल मौतों में से 94 प्रतिशत और कुल घटनाओं में से 89 प्रतिशत खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में हुईं। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की रिपोर्ट के



मुताबिक, पिछले 9 साल के मुकाबले साल 2024 में ऐसी घटनाएं सर्वाधिक स्तर पर हुई हैं। ऐसे हमलों में आम नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में सुरक्षाबल के जवान और सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। इन घटनाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित खैबर पख्तूनख्वा और दूसरे स्थान पर बलूचिस्तान है। इन आंकड़ों ने पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में उठ रहे बगावत के स्वर और उनके सामने कमजोर पड़ती सुरक्षा व्यवस्था को उजागर किया है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में हुई मौतें पिछले नौ सालों में सबसे ज्यादा रहीं। साल के अन्य महीनों के मुकाबले नवंबर सबसे घातक महीने के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें औसतन प्रतिदिन लगभग 7 लोगों की जान चली गई। आतंकी और हिंसा की सबसे ज्यादा घटनाएं और उसमें मरने वालों की संख्या के मामले में खैबर पख्तूनख्वा (1,616 मौतें) अव्वल है जबकि बलूचिस्तान (782 मौतें) का स्थान रहा। हिंसा और आतंकी घटनाओं में सबसे ज्यादा मौत खैबर पख्तूनख्वा के अफगानिस्तान की सीमा से लगे जिलों- कुर्रम, उत्तरी वजीरिस्तान, खैबर में दर्ज की गईं है। खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान, बन्नू और लक्की मारवत में भी लगातार हिंसा और मौतें हुईं। इन जिलों के बाद बलूचिस्तान के क्वेटा, केच, कलात और मुसाखेल जिले आते हैं। हिंसा व आतंकी घटनाओं में पिछले छह साल तक आई गिरावट 2021 के बाद से लगातार बढ़ रही है। साल 2021 के बाद से हिंसा में फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो 2024 में सर्वाधिक हो गई।

## एक नजर

### पीएम ने संस्कृत विद्वान फिलिओजैट के निधन पर दुःख जताया

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांसीसी-भारतीय संस्कृत विद्वान और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. पियरे-सिल्वेन फिलिओजैट के निधन पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि डॉ. पियरे-सिल्वेन फिलिओजैट को संस्कृत अध्ययन को लोकप्रिय बनाने के उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए याद किया जाएगा, खासकर साहित्य और व्याकरण के क्षेत्र में। वे भारत और भारतीय संस्कृति से गहराई से जुड़े थे। उनके निधन से मुझे बहुत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि संस्कृत विद्वान डॉ. पियरे-सिल्वेन फिलिओजैट का पेरिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे।

### राष्ट्रपति ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नववर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, नववर्ष के उल्लासपूर्ण अवसर पर मैं देश और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि नववर्ष का आगमन हमारे जीवन में नई आशा, नए सपनों और नई आकांक्षाओं के शुभारंभ का प्रतीक होता है। यह नया साल हमें अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए नए ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। राष्ट्रपति ने कहा कि आइए हम सभी हर्ष और उत्साह के साथ नए साल का स्वागत करें तथा अपने समाज और राष्ट्र को एकता तथा उत्कृष्टता के मार्ग पर और आगे बढ़ाएं।

### दिल्ली चुनाव के लिए मायावती ने बनायी रणनीति, आकाश आनंद संभालेंगे कमान

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी पूरी मजबूती के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती दो दिन पहले दिल्ली में बैठक कर चुनाव की रणनीति भी बना ली है। दिल्ली चुनाव की कमान पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को सौंपी गई है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को बताया कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी दल जोर-शोर से तैयारी में लगे हुए हैं। इसी क्रम में बसपा भी पूरी ताकत के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ेगी, जिसके लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली चुनाव के दौरान राजनीतिक दल बड़ी रैलियां और कार्यक्रम आयोजित करेंगे। वहीं बसपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से मिलेंगे और कांग्रेस और भाजपा के कारनामों के बारे में बताते हुए बसपा की नीतियों से अवगत कराएंगे। जनता को आश्वस्त करेंगे कि बसपा की सरकार बनने पर दलितों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों हुई बैठक में पार्टी ने कई सीटों पर अपने उम्मीदवारों का चयन भी कर लिया है। दिल्ली चुनाव की कमान पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद को मिली है। पांच जनवरी के वे दिल्ली कोंडली स्थित अम्बेडकर पार्क में जनसभा करने जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में 1984 के सिख विरोधी दंगा पीड़ितों ने किया प्रदर्शन, राहुल और प्रियंका को दी नसीहत



**नई दिल्ली :** वर्ष 1984 के दिल्ली सिख विरोधी दंगा पीड़ितों ने मंगलवार को यहां गुरुद्वारा बंगला साहिब के बाहर लोकसभा में नेता विपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व दंगा पीड़ितों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले सरदार गुरलाड सिंह काहलों ने किया। इस अवसर पर गुरलाड सिंह काहलों ने कहा कि प्रियंका गांधी ने संसद में केंद्र सरकार को घेरने के लिए अपनी पहली स्पीच में उन्नाव, हाथरस और मणिपुर तथा संभल आदि पर बोलीं लेकिन 40 साल पहले 1984 के सिख विरोधी दंगों पर नहीं बोलीं। आखिर उस समय ऐसा कौन सा जघन्य अपराध नहीं हुआ। सड़कों पर जा रहे निर्दोष सिखों को जला दिया गया, दुकानें लूट ली गईं, महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया। काहलों ने कहा कि जिन्होंने इंदिरा गांधी की हत्या की, उन्होंने भावनाओं में बहकर हत्या की थी। एक हत्यारे को मौके पर गोली मार दी गई थी। दूसरे ने स्वीकार किया था कि उसने भावनाओं में बहकर हत्या की थी। उन्होंने कहा कि इसी तरह भावनाओं में बहकर राजीव गांधी और शायद महात्मा गांधी की भी हत्या हुई थी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जब भावनाओं में बहकर हत्या हुई तो इस मामले में सभी सिखों को क्यों लपेटा गया? सड़क चलते निर्दोष सिखों के गले में टायर डालकर जलाया गया। उनके शवों के पास उनकी लड़कियों के साथ बलात्कार हुए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तिलक नगर में एक कालोनी है, जिसका नाम विधवा कालोनी है। यहां 1984 के दंगे में मारे गए सिखों की विधवाएं रहती हैं। क्या उन्हें (राहुल गांधी को) अपनी मोहब्बत की दुकान को लेकर विधवा कालोनी में जाकर माफी नहीं मागना चाहिए? इन्हीं मुद्दों को लेकर हम मार्च निकाल रहे हैं और प्रियंका गांधी के आवास जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस प्रदर्शनकारियों को आगे जाने नहीं देगी लेकिन हमारे कुछ लोग जाने का प्रयास करेंगे। जो उन्हें इस तथ्य से अवगत कराएंगे।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने महिलाओं के लिए लॉन्च किया जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट

**मुंबई :** आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू विश' नामक नया हेल्थ प्रोडक्ट लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाया गया है। यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा प्रोडक्ट है। आईसीआईसीआई प्रू विश गंभीर बीमारियों, जैसे- स्तन, गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और हृदय रोगों के निदान पर तुरंत 100 प्रतिशत तक का कवरेज प्रदान करता है। इस पॉलिसी की एक खासियत यह है कि इसका प्रीमियम 30 साल तक एक समान रहता है, जिससे ग्राहकों को अपने खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ग्राहक को 'प्रीमियम हॉलिडे' का विकल्प भी मिलता है, यानी वे किसी भी समय 12 महीने के लिए प्रीमियम भुगतान से छूट ले सकते हैं। इस प्रोडक्ट में ग्राहकों को मातृत्व से जुड़ी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी मिलता है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पाल्टा ने कहा, आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट है, जिसे खासतौर पर महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। गंभीर बीमारी के निदान पर एकमुश्त भुगतान उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए वित्तीय शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा, ₹यह प्रोडक्ट 30 साल की प्रीमियम गारंटी देता है। इसके अलावा, इस प्रोडक्ट को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि कुछ चिकित्सा स्थितियों के लिए ग्राहक कई बार क्लेम कर सकते हैं। अतिरिक्त भुगतान ग्राहकों को पुनर्वास की लागत को वहन करने में मददगार साबित हो सकता है।

### दिल्ली में घने कोहरे के साथ हुई नए साल की शुरूआत, ठंड भी बढ़ने की संभावना



**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में नए साल के आगमन के साथ ही घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इससे बिजिबिलिटी और दिन के तापमान पर भी असर पड़ेगा। इसके साथ ही एक जनवरी को ठंड भी बढ़ने की संभावना है। नई दिल्ली, हरियाणा, प. उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीत लहर का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ अभी पूर्वी अफगानिस्तान और उसके आसपास के इलाकों में समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है। 4 जनवरी, 2025 से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला एक नया पश्चिमी विक्षोभ संभावित है। फिलहाल, पिछले 24 घंटों के दौरान दिल्ली-एनसीआर में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट आई है। दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 15 से 18 डिग्री सेल्सियस और 07 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 01 से 03 डिग्री सेल्सियस अधिक और अधिकतम तापमान सामान्य से 03 से 05 डिग्री कम रहा। अधिकांश स्थानों पर मौसम साफ रहा। सफदरजंग हवाई अड्डे पर सुबह 0830 बजे 1000 मीटर सबसे कम दृश्यता दर्ज की गई। पालम हवाई अड्डे पर सुबह 0830 बजे 900 मीटर सबसे कम दृश्यता दर्ज की गई। कोहरे के कारण दिल्ली आने जाने वाली कुल 29 ट्रेनें विलंबित हुईं। दिल्ली-एनसीआर में कुछ स्थानों पर दिन में ठंड से लेकर अत्यधिक ठंड की स्थिति बनी रही। पिछले 24 घंटों में मुख्य रूप से धुंध एवं उथला कोहरा छाया रहा और पश्चिम दिशा से 12 से 16 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चली। आज दोपहर में मुख्य रूप से धुंध छाई रही और उत्तर-पश्चिम दिशा से 16 किमी प्रति घंटे से कम गति से हवाएं चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है और उसके बाद धीरे-धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है और उसके बाद धीरे-धीरे 2-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। अगले 5 दिनों के दौरान मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव होने की संभावना नहीं है। अगले 24 घंटों के दौरान पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है और उसके बाद कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं होगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**